www.anantgyaan.in



# अनंत ज्ञान



नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर शत्-शत् नमन

बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 23 जनवरी 2026 | 10 माघ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 27, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

# डोडा में सेना के 10 जवान शहीद

## जम्मू-कश्मीर में भद्रवाह-चंबा मार्ग पर गहरी खाई में गिरा सैन्य वाहन, हादसे में 11 घायल

**एजेंसी, डोडा**

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में भद्रवाह-चंबा अंतरराज्यीय मार्ग पर खंटॉप इलाके में वीरवार को सेना का एक वाहन सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गया, जिससे 10 जवान शहीद हो गए, जबकि 11 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने कहा कि सेना के जवानों को लेकर सेना का कैस्पर वाहन एक ऊंचाई वाली चौकी की ओर जा रहा था, तभी उसके चालक ने नियंत्रण खो दिया और वाहन 400 फुट गहरी खाई में गिर गया।

सेना और पुलिस ने तुरंत संयुक्त बचाव अभियान शुरू किया, तो 10 सैनिकों के शव पाए गए। 11 अन्य सैनिकों को घायल हालत में बचाया गया, जिसमें तीन जवानों को गंभीर चोटें आई हैं। तीनों जवानों को एयरलिफ्ट करके उधमपुर के आर्मी कमांड हॉस्पिटल ले जाया गया। 8 अन्य जवानों पर नजर रखी जा रही है, उनमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है।



जम्मू-कश्मीर के डोडा में गहरी खाई में गिरा सेना का वाहन। अनंत ज्ञान

### शहीद हुए जवान

**इस** दर्दनाक हादसे में जोबन जीत, सुधेर नरवाल, मोनू, मोहित, एचआर कंवर, सिमरन, पी लोरा, सुलिंदर, अजय लोफरा और स्वर्ण नाग पाल शहीद हो गए।

### घायल जवानों के नाम

**सैनिक** साहिल, जेपी सिंह, नीरज, अनूप, नागिस, अमन, शंकर, संदीप, जोबनप्रीत, राकेश और अभिमन्यु के रूप में हुई है। सभी घायलों का इलाज जारी है और उनकी हालत पर नजर रखी जा रही है।

इस बीच जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जानमाल के नुकसान पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि पूरा देश शोक संतप्त परिवारों के साथ एकजुटता और समर्थन में खड़ा है। उन्होंने कहा कि डोडा में एक दुर्भाग्यपूर्ण सड़क दुर्घटना में भारतीय सेना के 10 बहादुर जवानों की मृत्यु से मैं अत्यंत दुखी हूं। हम अपने बहादुर सैनिकों की उत्कृष्ट सेवा और सर्वोच्च बलिदान को हमेशा याद रखेंगे। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। (अनंत ज्ञान)

### प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों ने जताया दुख

**हादसे** पर पीएम मोदी ने जताते हुए कहा कि हमने अपने बहादुर सेना के जवानों को खो दिया। देश के लिए उनकी सेवा को हमेशा याद रखा जाएगा। वहीं, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह समेत कई नेताओं ने दुख जताया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हादसे पर दुख जताते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'जम्मू-कश्मीर के डोडा में हुए सड़क हादसे से मन अत्यंत व्यथित है। इस हादसे में हमने अपने जिन वीर जवानों को खोया है, उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं।' वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पोस्ट में लिखा, 'डोडा में हुए दुखद सड़क हादसे से बहुत दुख हुआ, जिसमें हमने भारतीय सेना के 10 बहादुर जवानों को खो दिया। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।'

### सीएम सुक्खू ने जवानों की शहादत पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जम्मू-कश्मीर के डोडा जिला में सड़क दुर्घटना में भारतीय सेना के 10 वीर जवानों की शहादत पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि उनके सर्वोच्च बलिदान और देश सेवा को राष्ट्र सदैव याद रखेगा। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने दिवंगत की आत्माओं की शांति और ईश्वर से शोकग्रस्त परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की प्रार्थना की। हादसे पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और प्रियंका गांधी ने भी दुख जताया है।

# मनाली घूमने आए दिल्ली के 3 पर्यटकों की हादसे में मौत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिले के बबेली में भीषण सड़क हादसा पेश आया है। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर घायल हो गए।

◆ **मृतकों में 5 साल की बच्ची भी शामिल**

मृतकों में एक 5 साल की बच्ची भी शामिल है। घायलों का इलाज क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में चल रहा है। हादसा गत बुधवार देर रात पेश आया है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और उन्होंने सभी मृतकों के शव को अपने कब्जे में लिया है।

मृतकों के शव का अब कुल्लू अस्पताल में पोस्टमार्टम किया जा रहा है। वहीं, पुलिस ने हादसे में मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस जानकारी के अनुसार ये सभी दिल्ली के रहने वाले हैं और यहां हिमाचल में घूमने आए हुए थे। कार दुर्घटना में तीन सैलानियों की मौत हो गई, जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे का पता लगते ही स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और कुल्लू पुलिस को सूचना दी। जब तक पुलिस मौके पर पहुंची तब तक तीन लोग मौके पर ही दम तोड़ चुके थे जबकि घायल लोगों को इलाज के लिए कुल्लू अस्पताल भेजा गया। वहीं, एसपी कुल्लू मदन लाल कौशल ने बताया कि पुलिस द्वारा मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

### कार के उड़े परखच्चे



**यह** हादसा चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे पर कुल्लू से करीब 10 किलोमीटर पहले बबेली क्षेत्र में हुआ। बताया जा रहा है कि दिल्ली से आए पर्यटकों की कार अनियंत्रित होकर आईटीबीपी केंद्र के गेट के पास एक पोल और पैरापिट से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। फिलहाल दुर्घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### पुलिस कांस्टेबल समेत चिट्टे संग तीन अरेस्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शोघी में देर रात नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने शिमला पुलिस के कांस्टेबल समेत तीन लोगों को 9.480 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्जकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। आरोपियों में नरेश कुमार निवासी गांव चाड़ना सिरमौर, राहुल कुमार निवासी जुन्गा और गौरव भारद्वाज निवासी जोगिंद्रनगर मंडी शामिल हैं। इसमें राहुल पुलिस महकमे में कांस्टेबल है। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक एसआईयू की टीम को सूचना मिली थी कि एक गाड़ी में चिट्टा लाया जा रहा है। इसी आधार पर स्पेशल जांच सेल की टीम ने 21 और 22 जनवरी की दरमियानी रात को शोघी में नाकाबंदी की। सोलन की तरफ से आ रहे वाहनों को नियमित जांच के लिए रोका जा रहा था।

### अब कर्नाटक में भाषण पढ़े बिना चले गए गवर्नर

**एजेंसी, बेंगलुरु।** तमिलनाडु के अब कर्नाटक में राज्यपाल बनाम राज्य सरकार विवाद हो गया है। दरअसल राज्यपाल वीरवार को विधानसभा के संयुक्त सत्र को संबोधित करने पहुंचे तो लेकिन उन्होंने पूरा भाषण नहीं पढ़ा और सिर्फ दो लाइनें पढ़कर सदन से चले गए। इसके बाद विधायकों ने हंगामा कर दिया और नारेबाजी की। सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि राज्यपाल ने भाषण न पढ़कर संविधान का उल्लंघन किया है। इससे पहले बुधवार को राज्यपाल ने विधानसभा के संयुक्त सत्र को संबोधित करने से इनकार कर दिया था। जिससे कर्नाटक में भी सरकार और राज्यपाल के बीच तनातनी की स्थिति बन गई थी, जो कि अभी कई गैर-भाजपा शासित राज्यों में दिखाई दे रही है। (अनंत ज्ञान)

### छत्तीसगढ़ में स्टील प्लांट में धमाका, छह की मौत

**एजेंसी, बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ में बलौदाबाजार जिले के बकुलाही इलाके में स्थित स्पंज आयरन प्लांट में हुए ब्लास्ट से अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 5 मजदूर गंभीर रूप से घायल हैं। मलबे में कुछ और लोगों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। शुरुआती जांच में ये सामने आया है कि प्लांट में धमाका किसी तकनीकी खराबी या दबाव के कारण हुआ है। फिलहाल टीम जांच कर रही है। विस्फोट प्लांट की कोल भट्टी (कोल किल्न) में वीरवार सुबह करीब 9.40 बजे हुआ। डस्ट सेटलिंग चैंबर (डीएससी) में ब्लास्ट के दौरान गर्म कोयला और मलबा नीचे काम कर रहे मजदूरों पर गिरा, जिससे कई लोग झुलस गए। धमाके के बाद दूर तक धुएं का गुबार दिखा। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- बिजली बिलों का 35 करोड़ का बकाया जल शक्ति के 30 करोड़ -पेज 2
- भू-तापीय ऊर्जा बनेगी भविष्य की भरोसेमंद ताकत: सीएम -पेज 3
- सुक्खू ने सुलह हलके को दी 76.41 करोड़ की सौगात -पेज 5
- बिंगा दलित बस्ती के डेढ़ दर्जन परिवार सड़क सुविधा से वंचित -पेज 9
- संडे मार्केट लगाए जाने का व्यापार मंडल ने किया विरोध -पेज 11


# यूरोपीय यूनियन ने भारत संग रक्षा समझौते को दी स्वीकृति

**एजेंसी, ब्रुसेल्स**

यूरोपीय यूनियन ने भारत के साथ नए रक्षा समझौते (सिक्योरिटी और डिफेंस एग्रीमेंट) को मंजूरी दे दी है। अगले हफ्ते नई दिल्ली में होने वाले भारत-ईयू शिखर सम्मेलन में इस पर साइन होंगे। यूरोपीय यूनियन की विदेश नीति प्रमुख काजा कलास ने बुधवार को यूरोपीय संसद में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा यह साझेदारी एक बड़े रणनीतिक एजेंडे का हिस्सा होगी। इस एजेंडे में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट यानी मुक्त व्यापार समझौता, डिफेंस एंड सिक्योरिटी डील, साइबर सिक्योरिटी, समद्री सुरक्षा और काउंटर टेररिज्म शामिल है। यूरोपियन काउंसिल के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय कमीशन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन भारत आ रहे हैं।

◆ **अगले हफ्ते नई दिल्ली में होने वाले सम्मेलन में डील पर लगेगी मुहर**

वह 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। भारत-ईयू शिखर सम्मेलन अगले दिन 27 जनवरी को होगा। ईयू की विदेश नीति प्रमुख काजा कलास ने सिक्योरिटी और डिफेंस एग्रीमेंट को मंजूरी देने का ऐलान किया। (अनंत ज्ञान)

### एग्रीमेंट आतंकवाद से मुकाबला करने में बनेगा मददगार: कलास

**यूरोपीय** यूनियन की विदेश नीति प्रमुख काजा कलास ने बताया कि भारत और ईयू के बीच सिक्योरिटी और डिफेंस एग्रीमेंट से आतंकवाद के खिलाफ लड़ने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इससे समुद्री सुरक्षा और साइबर सिक्योरिटी जैसे सेक्टर्स में सहयोग बढ़ेगा। कलास ने कहा कि यूरोप भारत के साथ एक नए और मजबूत एजेंडे पर आगे बढ़ने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत, यूरोप की आर्थिक मजबूती के लिए बहुत जरूरी होता जा रहा है। भारत आ रहे ईयू के प्रतिनिधिमंडल में लगभग 90 सदस्य शामिल होंगे। इनमें काजा कलास, ट्रेड कमिश्नर मारोस सेफकोविक और कई डायरेक्टर्स रहेंगे।



# बांग्लादेश ने भारत में खेलने से किया इनकार

**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश ने वीरवार को भारत में टी-20 वर्ल्ड कप खेलने से इनकार कर दिया, जिसके बाद टीम का टूर्नामेंट से बाहर होना तय माना जा रहा है। एक दिन पहले ही आईसीसी ने स्पष्ट किया था कि बांग्लादेश के सभी ग्रुप मैच भारत में ही कराए जाएंगे। इससे पहले बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने मांग की थी कि उसके सभी मुकाबले भारत की बजाय श्रीलंका में कराए जाएं। आईसीसी ने अपने फैसले पर फिर से विचार करने के लिए बीसीबी को एक दिन का समय दिया था, लेकिन कोई सहमति नहीं बन सकी। बांग्लादेश सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने नेशनल टीम के खिलाड़ियों के साथ आज ढाका में बैठक की। बैठक के बाद उन्होंने कहा, 'हम वर्ल्ड कप खेलना चाहते हैं, लेकिन भारत में हमारे खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ की सुरक्षा को लेकर चिंता अब भी बनी हुई है।' वहीं, बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने कहा कि बोर्ड एक बार फिर आईसीसी से बातचीत करेगा और अपनी चिंताओं को मजबूती से रखेगा। उन्होंने कहा, ICC बोर्ड की बैठक में कुछ फैसले चौंकाने वाले रहे। बांग्लादेश अपनी लड़ाई जारी रखेगा और आईसीसी के साथ बातचीत का रास्ता बंद नहीं करेगा। (अनंत ज्ञान)

◆ **टीम पर टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर होने का मंडराने लगा खतरा**

# भवारना को मिलेगा नगर पंचायत का दर्जा

## सीएम का सुलह में बिजली बोर्ड का डिवीजन खोलने का ऐलान

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांगड़ा जिला के सुलह विधानसभा क्षेत्र की सभी पात्र महिलाओं को इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत 1500 रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने सुलह विधानसभा क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड का डिवीजन खोलने और भवारना को नगर पंचायत बनाने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कांगड़ा जिला के विकास के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

कांगड़ा एयरपोर्ट का विस्तार किया जा रहा है तथा लोगों को जमीन का अच्छा मुआवजा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तार से पूरे क्षेत्र में आर्थिक समृद्धि आएगी और यहां पर्यटन गतिविधियां बढ़ेंगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के युवाओं को छोटी नौकरी के लिए दिल्ली, चंडीगढ़ जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी और उनकी यहीं पर बेहतर आय होगी। वीरवार को सुलह में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सरकारी क्षेत्र में भी युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान कर रही है।

उन्होंने कहा कि अग्निवीर योजना शुरू होने के बाद हिमाचल प्रदेश के युवाओं का सेना से मोहभंग हो रहा है। राज्य की कांग्रेस सरकार 800 पुलिस कांस्टेबलों की भर्ती में अग्निवीरों को भी भर्ती करेगी। उन्होंने 58 वर्ष तक नौकरी के साथ-साथ ओपीएस भी दी जाएगी।



◆ **सुलह की पात्र महिलाओं को 1500 रुपए देने की घोषणा**

◆ **पुलिस कांस्टेबलों की भर्ती में अग्निवीरों को भी देंगे मौका**

### पूर्व सरकार ने धन का नहीं किया सदुपयोग

**भाजपा** पर तीखा हमला करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि पिछली भाजपा सरकार को वर्तमान सरकार से 50 हजार करोड़ रुपए धन अधिक मिला, लेकिन उसका सदुपयोग नहीं किया गया है। पिछली सरकार के कार्यकाल में एक हजार करोड़ रुपए के भवन बना दिए, जो आज भी खाली हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार धारा-118 में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं कर रही है, लेकिन सोशल मीडिया पर सरकार के खिलाफ दुष्प्रचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचारियों पर सख्त कार्रवाई करेगी।

## पंचायतीराज चुनावों को लेकर राज्य चुनाव आयोग ने दिखाई सख्ती

# मतदाता सूची के शीघ्र प्रकाशन के निर्देश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल में पंचायतीराज चुनावों को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग ने एक बार फिर सरकार को कड़े और स्पष्ट आदेश जारी किए हैं। आयोग ने अपने निर्देशों में यह स्थिति पूरी तरह साफ कर दी है कि अब पंचायत चुनावों में किसी भी तरह की देरी स्वीकार नहीं की जाएगी।

चुनाव आयोग का मानना है कि चुनाव प्रक्रिया को अनावश्यक रूप से टालना न केवल संवैधानिक व्यवस्था के खिलाफ है, बल्कि इससे जमीनी लोकतंत्र भी प्रभावित होता है। अधिकारियों का कहना है कि पंचायतीराज संस्थाओं के लिए चुनाव करवाने की समय-सीमा बेहद सीमित रह गई है और ऐसे में किसी भी प्रकार की प्रशासनिक शिथिलता गंभीर परिणाम ला सकती है।

जानकारी के अनुसार, आयोग ने सरकार को यह भी स्पष्ट किया है कि यदि राज्य सरकार नई पंचायतों का गठन करना चाहती है, तो यह प्रक्रिया मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद भी समानांतर रूप से जारी रह सकती है। आयोग के अनुसार, सबसे पहली और अनिवार्य जिम्मेदारी मतदाता सूची का शीघ्र प्रकाशन है, ताकि चुनावी प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सके। अधिकारियों का कहना है कि नई पंचायतों के गठन को आधार बनाकर चुनाव टालने का कोई औचित्य नहीं रह गया है। आयोग के इन सख्त निर्देशों के बाद अब गेंद पूरी तरह सरकार के पाले में है और आने वाले दिनों में पंचायत चुनावों की दिशा और दशा पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं।

# हिमाचल में 48 घंटे अच्छी बारिश होने के आसार

## आज राज्य के ऊंचे पहाड़ों में भारी बारिश-बर्फबारी होने का ऑरेंज अलर्ट

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** लंबे समय से सूखे और ठंडे मौसम से जूझ रहे हिमाचल प्रदेश में राहत की बूंदें बरसने की उम्मीद जगी है। राज्य में अगले 48 घंटों के दौरान अच्छी बारिश-बर्फबारी का पूर्वानुमान है। वहीं, कई भागों में भारी बारिश-बर्फबारी, ओलावृष्टि व अंधड़ का अलर्ट जारी किया गया है। उधर, राज्य में ठंड का असर लगातार बना हुआ है। 18 स्थानों पर न्यूनतम पारा 5 डिग्री सेल्सियस से कम चल रहा है। बरठीं, मंडी, ऊना, कांगड़ा व बिलासपुर में शीतलहर दर्ज की गई। शिमला सहित अन्य भागों में वीरवार सुबह धूप खिली रही, लेकिन दोपहर बाद हल्के बादल छा गए।



मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, 24 जनवरी को ऊंची पहाड़ियों पर कुछ जगहों पर हल्की बारिश-बर्फबारी होने की संभावना है। 25 जनवरी को राज्य में मौसम साफ रहेगा।

26 जनवरी को राज्य में कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश-बर्फबारी होने के आसार हैं। 22, 27 और 28 जनवरी को राज्य में कई स्थानों और 23 जनवरी को ज्यादातर जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश-बर्फबारी होने का पूर्वानुमान है। साथ ही 23 जनवरी को ऊंचे पहाड़ी इलाकों में कुछ जगहों पर भारी बारिश-बर्फबारी होने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

### यहां पर भारी बारिश और ओलावृष्टि का येलो अलर्ट

**ऊना,** कांगड़ा, मंडी व सिरमौर जिले में भारी बारिश-ओलावृष्टि का येलो अलर्ट जारी हुआ है। वहीं लाहौल-स्पीति, कुल्लू व चंबा जिले में भारी बारिश-बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसी तरह बिलासपुर, हमीरपुर, शिमला, सोलन में बारिश के साथ अंधड़ चलने का येलो अलर्ट है। आज भी शिमला, सोलन व सिरमौर को छोड़कर सभी जिलों में बिजली चमकने व 40-50 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का येलो अलर्ट है।

# झारखंड में एक करोड़ रुपए के इनामी समेत 11 नक्सली ढेर

**एजेंसी, चाईबासा।** झारखंड में मुठभेड़ में 11 से ज्यादा नक्सली ढेर हुए हैं। पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल में वीरवार सुबह से सुरक्षाबलों और भाकपा (माओवादी) नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। आसपास का इलाका गोलियों की आवाज से गूंज उठा। जानकारी के मुताबिक झारखंड पुलिस, कोबरा और सेंट्रल पुलिस फोर्स के जवानों की सर्चिंग के दौरान 1 करोड़ के इनामी नक्सली अनल दा के दस्ते के साथ मुठभेड़ हुई। उसके दस्ते में 14 से अधिक नक्सली हैं। लगातार हो रही मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 11 से अधिक नक्सलियों को मार गिराया है। बताया जा रहा है कि एक करोड़ के इनामी नक्सली अनल दा भी मारा गया है।

◆ **सारंडा जंगल में सर्च ऑपरेशन के दौरान किया एनकाउंटर**

हालांकि, इसके मारे जाने की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। सुरक्षाबल नक्सल विरोधी अभियान के तहत सारंडा के घने जंगलों में सर्च ऑपरेशन चला रहे थे। इसी दौरान जंगल में पहले से घात लगाए बैठे नक्सलियों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षाबलों ने भी मोर्चा संभाल लिया, जिसके बाद मुठभेड़ तेज हो गई और 11 से अधिक नक्सलियों को मार गिराया गया। (अनंत ज्ञान)

## धर्म | मांडव्य ऋषि की नगरी मंडी में आज भी हो रहा सदियों पुरानी प्रथा का निर्वहन

# छोटी काशी में शिवलिंग के घृत शृंगार की अनुपम परंपरा

अनंत ज्ञान

**अनिल शर्मा, मंडी।** मांडव्य ऋषि की नगरी छोटी काशी ने अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव के कारज शुरू हुए 6वें दिन व्यतीत हो चुके हैं। इन दिनों छोटी काशी मंडी के शिवालयों में मक्खन के लेप से भोलेनाथ का शृंगार सबका मन मोह रहा है। सदियों पुरानी इस अनौखी परंपरा में तारा रात्रि से लेकर महाशिवरात्रि तक स्वयंभू शिवलिंग पर जलाभिषेक नहीं किया जाता है।

पिछले कुछ वर्षों से क्षेत्र के सभी मंदिरों में शिवलिंग घृत शृंगार से लेपित हो रहे हैं। परंपरा का निर्वहन करते हुए वीरवार को बाबा भूतनाथ मंदिर में स्वयंभू शिवलिंग पर मुर्गियाचक शिव मंदिर बिहार नालंदा का स्वरूप उकेरा गया, तो नीलकंठ महादेव थनेहड़ा मोहल्ला व सिद्ध भैरव मंदिर इंदिरा मार्केट में प्राचीन सिद्ध शंभू का स्वरूप उकेरा गया। अर्धनारीश्वर मंदिर समखेतर, ताम्रपति महादेव, नीलकंठ महादेव पुरानी मंडी में भी घृत शृंगार कर भगवान विश्वनाथ की पूजा-अर्चना की गई।

अनंत ज्ञान स्पैशल



बाबा भूतनाथ।



अर्धनारीश्वर मंदिर समखेतर



सिद्ध भैरव मंदिर।



नीलकंठ मंदिर थनेहड़ा।

### 9वीं शताब्दी में बना था भूतनाथ मंदिर

**महंत** देवानंद सरस्वती, बाबा भूतनाथ मठ मंदिर मंडी ने बताया कि मुर्गियाचक शिव मंदिर बिहार नालंदा एक प्राचीन धार्मिक स्थल है। माना जाता है कि पाल वंश ने 9वीं शताब्दी में इस मंदिर का निर्माण करवाया था। मंदिर परिसर में एक प्राचीन तालाब भी है।

### बाबा भूतनाथ स्वयंभू शिवलिंग

**बाबा** भूतनाथ स्वयंभू शिवलिंग है। जनश्रुति के अनुसार शिव पार्वती विवाह के समय से यहां विराजमान हैं। कालांतर से यहां मंडी रियासत के राजा ने 500 वर्ष पूर्व मंदिर बनवाया था। शिव विवाह के समय बनवाए गए मंडप पर जब शिवजी प्रकट हुए थे, उसके पश्चात ही यहां का नाम मंडप से मंडी पड़ गया।

### मंडी रियासत एक हजार साल पुरानी

**मंडी** रियासत लगभग एक हजार साल पुरानी है और इसके कई प्रमाण आज भी मौजूद हैं। पुरानी मंडी बासनी में 600 साल पहले मंडी रियासत रही और 500 वर्ष पूर्व वर्तमान मंडी में स्थापित की गई।

# महाराष्ट्र: मुंबई समेत 15 नगर निगमों में होंगी महिला मेयर

**एजेंसी मुंबई।** महाराष्ट्र के 29 नगर निगमों में से मुंबई समेत 15 में महिलाएं मेयर होंगी। वीरवार को मुंबई में लॉटरी सिस्टम से इन्हें चुना गया। परभणी नगर निगम पर महिला महापौर को लेकर आपत्ति दर्ज की गई है। लॉटरी सिस्टम पर शिवसेना (बीटी) नेता और मुंबई की पूर्व मेयर किशोरी पेडनेकर ने विरोध किया। उन्होंने दावा किया कि यह फैसला लेने के नियम बिना किसी को बताए बदल दिए गए। पिछले दो मेयर सामान्य वर्ग के थे, इसलिए नई मेयर अन्य पिछड़ा वर्ग या अनुसूचित जनजाति वर्ग से होना चाहिए था। 29 में से 12 सीटें एससी, एसटी और ओबीसी कैटेगरी के लिए आरक्षित की गई हैं, जबकि 17 सीटें सामान्य वर्ग के लिए हैं।

मुंबई में 8वीं बार महिला को यह पद मिलेगा। इससे पहले किशोरी पेडनेकर मेयर थीं। इन नगर निगमों में 15 जनवरी को मतदान हुआ था और रिजल्ट 16 जनवरी को आया था। मेयर के लिए कैटेगरी रिजर्वेशन के बाद तय तारीख पर उम्मीदवार पर्चा भरेंगे। तारीख का ऐलान बाद में किया जाएगा। मेयर का चुनाव पार्षद करते हैं। इसके नगर निगमों में सदन की विशेष बैठक बुलाई जाएगी। जहां पीठासीन अधिकारी की मौजूदगी में वोटिंग होगी। चुनाव से पहले पार्टियां व्हिप जारी करती हैं। अगर किसी पार्षद ने अपनी पार्टी के खिलाफ वोट दिया, तो उसकी सदस्यता रद्द हो सकती है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### ग्रुप इंस्ट्रक्टर की परीक्षा का परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) ने ग्रुप इंस्ट्रक्टर के 12 पदों को भरने के लिए पिछले वर्ष 17 नवंबर को आयोजित कंप्यूटर बेस्ड स्क्रीनिंग टेस्ट का परिणाम घोषित कर दिया है। आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि इस परीक्षा में 39 उम्मीदवारों को आगामी प्रक्रिया एवं डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। यह प्रक्रिया 5 फरवरी को आयोग के परिसर में होगी। इन उम्मीदवारों को अपने साथ सभी आवश्यक दस्तावेजों की मूल प्रतियां, इनकी फोटो प्रतियों के दो-दो सैट और आईडी प्रूफ इत्यादि साथ लाने होंगे। परीक्षा का परिणाम आयोग की वेबसाइट एचपीआरसीए एचपीजीओवीइन पर उपलब्ध करवा दिया गया है।

### किसानों ने समझी प्राकृतिक खेती की बारीकियां

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** विकास खंड भोरंज के किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने तथा उन्हें इसकी बारीकियां सिखाने के लिए कृषि विभाग की आतमा परियोजना की ओर से एक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के तहत विकास खंड भोरंज के 30 किसानों के समूह को विकास खंड बमसन के गांव हरनेड़ का दौरा करवाया गया। ग्राम पंचायत बफड़ीं के गांव हरनेड़ को 'प्राकृतिक खेती, खुशहाल किसान योजना' के तहत एक आदर्श ग्राम बनाया जा रहा है। यहां लगभग सभी किसान प्राकृतिक खेती ही कर रहे हैं। गांव के प्रगतिशील किसान ललित कालिया ने भोरंज के किसानों को प्राकृतिक खेती के विभिन्न फायदों की विस्तृत जानकारी दी। आतमा परियोजना हमीरपुर के परियोजना निदेशक डॉ. राकेश कुमार, उप परियोजना निदेशक डॉ. राजेश शर्मा, कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. शशिपाल अत्रि, कृषि प्रसार अधिकारी सुरेश कुमार, खंड तकनीकी प्रबंधक वीरेंद्र कुमार और अन्य अधिकारियों ने भी किसानों का मार्गदर्शन किया।

### 27 से एक माह तक बंद रहेगी बड़ू-टपरे सड़क

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपमंडल हमीरपुर के अंतर्गत बड़ू-टपरे सड़क की मरम्मत के कार्य के चलते इस सड़क पर यातायात 27 जनवरी से 27 फरवरी तक बंद रहेगा। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए डीसी गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि बड़ू-टपरे सड़क के मरम्मत कार्य को सुचारू रूप से जारी रखने तथा इसे जल्द पूरा करने के लिए इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही 27 जनवरी से 27 फरवरी तक बंद की जा रही है। इस दौरान वाहन चालक हवाणी-बफड़ीं सड़क को वैकल्पिक रूट के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं। डीसी ने सभी वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है।

### स्पीड ब्रेकर लगाने की लोगों ने उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन के स्थानीय विद्यालय के गेट के पास चौराहा होने के कारण इस स्थान पर हमेशा सड़क दुर्घटना घटित होने की आशंका बनी रहती है और सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि सड़क के बिलकुल किनारे पर स्कूल का गेट है। उस गेट से छुट्टी के समय स्कूल के बच्चों का आवागमन रहता है। स्कूल में छुट्टी के समय जिस तरह से बच्चे सड़क पर भागते हैं, उससे इस स्थान पर हमेशा दुर्घटना घटित होने की आशंका बनी रहती है। इसका मुख्य कारण बड़ा सुजानपुर सड़क पर वाहनों की अधिक आवाजाही का होना है। स्कूलगेट के पास वाहनों की गति को नियंत्रित करने के लिए यहां किसी भी प्रकार के गति अवरोधक नहीं लगाए गए हैं, जबकि यहां तेज गति से आ रहे वाहनों की गति को नियंत्रित करने के लिए स्थानीय लोगों द्वारा कई बार स्थानीय प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग से गति अवरोधक लगाने की मांग उठाई गई, लेकिन उस मांग को आज दिन तक किसी ने भी कोई तब्बजो नहीं दी। स्थानीय लोगों ने स्थानीय प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग से जल्द इस स्थान पर गति अवरोधक लगाने की जोरदार मांग की है।

### 29 जनवरी तक बंद रहेगी समरयाल-भरवां सड़क

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपमंडल हमीरपुर के अंतर्गत समरयाल-भरवां सड़क पर एक जगह दीवार के निर्माण व मरम्मत कार्य के चलते इस सड़क पर यातायात 29 जनवरी तक बंद किया गया है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए डीसी गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि समरयाल-भरवां सड़क पर एक जगह दीवार का कार्य जारी है। इस कार्य को जल्द पूरा करने के लिए इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही 29 जनवरी तक बंद की गई है। इस दौरान वाहन चालक तरोपका-महनसिद्ध सड़क या गसोता-दरयोटा सड़क से आवाजाही कर सकते हैं। जिलाधीश ने सभी वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है।



अयोध्या के राम मंदिर निर्माण प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दो वर्ष पूरे होने पर वीरवार को राम भक्तों द्वारा नादौन के कस्बा बड़ा में लगाया गया जलेबियों का भंडारा। अनंत ज्ञान

### मंजरी ने राष्ट्रीय स्तर पर किया प्रदेश का प्रतिनिधित्व

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान के तत्वावधान में सफल स्कूल नेतृत्व विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 17 से 19 जनवरी तक किया गया। सम्मेलन में देशभर से चयनित 54 विद्यालय प्रमुखों ने भाग लिया और अपने-अपने विद्यालयों में अपनाई जा रही नवाचारी शैक्षणिक प्रथाओं पर प्रस्तुतियां दीं। इस प्रतिष्ठित सम्मेलन में प्रदेश से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भलेठ की प्रधानाचार्य मंजरी दी महाजन का चयन हुआ। उन्होंने प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने विद्यालय में लागू की गई नवोन्मेषी शैक्षणिक गतिविधियों व सफल प्रयोगों पर आधारित विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। उनकी प्रस्तुति में शैक्षणिक नवाचार, नेतृत्व क्षमता, समग्र शिक्षा दृष्टिकोण व विद्यालय सुधार के व्यावहारिक उदाहरणों को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। उनकी प्रस्तुति को प्रतिभागियों एवं विशेषज्ञों द्वारा सराहा गया, जिसमें समग्र शिक्षा, नवाचार और नेतृत्व क्षमता के प्रभावी उदाहरण सामने आए। इस सम्मेलन का उद्देश्य विद्यालय नेतृत्व को सशक्त बनाना और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में शिक्षा की भूमिका को मजबूत करना था।

### टिक्कर खातरियां में दी बैंकिंग योजनाओं की जानकारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक की टिक्कर खातरियां शाखा ने वीरवार को नाबार्ड के सहयोग से गांव टिक्कर खातरियां में वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता शिविर आयोजित किया। इस अवसर पर शाखा के प्रबंधक मोहिंद्र चौहान और अन्य अधिकारियों ने गांववासियों को विभिन्न बैंकिंग प्रक्रियाओं, ऋण योजनाओं, किसान क्रेडिट कार्ड, बीमा योजनाओं, पेंशन योजना और अन्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। मोहिंद्र चौहान ने बताया कि अपने उद्यम या कारोबार स्थापित करने के इच्छुक लोग बैंक से ऋण ले सकते हैं तथा सरकार की विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के तहत सब्सिडी भी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसान बिना गारंटी के 2 लाख रुपए तक के ऋण आसानी से ले सकते हैं। योजना के अंतर्गत अब पांच लाख रुपये तक के ऋण पर सरकार अनुदान देती है। कार्यक्रम के दौरान बैंक के अधिकारियों ने लोगों को डिजिटल बैंकिंग की जानकारी भी दी तथा डिजिटल ठगी से बचाव के उपाय बताए। इस अवसर पर दिनेश कुमार, अश्वनी शर्मा, सुरेंद्र कुमार और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे।

### सुजानपुर में मनाया राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** ऐतिहासिक चौगान सुजानपुर में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का वार्षिकोत्सव पर भव्य एवं शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे राम आएंगे गाने का खूब संचालन हुआ। चौगान में दो जगहों पर यह कार्यक्रम हुआ कार्यक्रम के आयोजक मनीष चौहान ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 11 हज़ार दीपक जलाए। इस दौरान खूब पटाखे किए गए। वहीं दूसरी ओर हनुमान मंदिर कमेटी की ओर से सुजानपुर के राजपुरोहित आशुतोष शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम को आकर्षक बनाने के लिए प्रभु राम की पावन मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस दौरान महाआरती, आकर्षित झांकियां तथा लाइट शो का आयोजन किया गया।

# बिजली बिलों का 35 करोड़ का बकाया अकेले जल शक्ति विभाग के 30 करोड़

## स्मार्ट मीटर पर भी जारी रहेगा 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली का सिलसिला

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** बिजली बोर्ड के हमीरपुर सर्कल में बिजली बिलों के बकाए के रूप में तकरीबन 35 करोड़ की पेंडेंसी चल रही है।

इसमें अकेले जल शक्ति विभाग की पेयजल योजनाओं और अन्य मीटर कनेक्शन की तकरीबन 29 करोड रुपए की पेंडेंसी शामिल है। सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि पिछले कई महीनो से संबंधित विभाग ने बोर्ड को बकाए का भुगतान करना ही बंद कर दिया है। सुजानपुर व बड़सर क्षेत्र में स्थित उठाऊ पेयजल योजनाओं की सबसे ज्यादा पेंडेंसी है। दरअसल में यह स्थिति पहले कभी भी नहीं हुई। 12 से 15 करोड़ तक की पेंडेंसी से ज्यादा जल शक्ति विभाग को कभी नहीं मिली, लेकिन अब क्योंकि जल शक्ति विभाग पिछले दो सालों से बिजली बोर्ड को हर महीने आने वाले बिजली बिलों का भुगतान नियमित रूप में करने में असमर्थ हो रहा है। इक्का-दुक्का मर्तबा भुगतान हुआ है, लेकिन अब क्योंकि चार-पांच महीनों से भुगतान बंद कर दिया गया है



हमीरपुर के अधीक्षण अभियंता आशीष कपूर का कहना है कि स्मार्ट मीटर लगाने के मामले को लेकर जहां-जहां से दिक्कतें आ रही हैं, वह अब सुलझ रही हैं। लोग समझने में देरी कर रहे हैं। कारण यह है कि स्मार्ट मीटर के लगाए जाने के बाद भी उन्हें कोई दिक्कत आने वाली नहीं है, क्योंकि 125 यूनिट बिजली फ्री में तब भी मिलती रहेगी फिलहाल पोस्टपेड मीटर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी विभागों के बिलों की बकाया राशि का सिलसिला अभी जारी है, पिछले कई महीनों से उसकी अदायगी नहीं हो पाई है, जिस वजह से अब यह आंकड़ा तकरीबन 35 करोड़ तक जा पहुंचा है। इसमें अकेले जल शक्ति विभाग के 29 करोड़ का बकाया है। नोटिस दिए गए हैं, लेकिन अब यह आंकड़ा बहुत ज्यादा हो गया है फिर से नोटिस जारी किए जाएंगे।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

इसलिए बिजली बोर्ड के अधिकारी भी परेशान हैं। सिस्टम को चलाएंगे कैसे? और यदि योजनाओं की बिजली काटेंगे, तो हो हल्ला होगा। उसके पास भी नोटिस देने के अलावा और कोई चारा नहीं बचा है। कई मर्तबा नोटिस थमाए गए हैं, लेकिन उन पर भी कोई असर नहीं हो रहा। मतलब साफ है कि जल शक्ति विभाग के पास सरकार से पैसे की दिक्कत आ रही है। इसी वजह से ठेकेदार तो परेशान हैं ही, अब अधिकारी बिजली बिलों की अदायगी करने में भी सरकार की तरफ टकटकी लगाए हुए हैं। सरकारी बिलों के भुगतान की यदि बात की जाए, तो अन्य विभाग भी इसमें पीछे नहीं है।

उनका बकाया तकरीबन 5 करोड़ का है, लेकिन सबसे बड़ी दिक्कत जल शक्ति विभाग की ही है और वह पेयजल योजनाओं के बिलों की है।

# सहकार भारती का उद्देश्य, प्रशिक्षण सेमिनार व सहकारी कानूनों में सुधार



सहकार भारती के स्थापना दिवस पर मौजूद लोग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** दी सोहारी सहकारी सभा में सहकार भारती का स्थापना दिवस जिला अध्यक्ष सहकार भारती देशराज शर्मा की अध्यक्षता में मनाया गया।

जिलाध्यक्ष देशराज शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सहकार भारती की स्थापना 11 जनवरी 1978 को पुणे में की गई । इसके संस्थापक लक्ष्मण राव ईनामदार थे। उन्होंने बताया कि यह एक अखिल भारतीय संगठन है, जिसमें विभिन्न प्रकोष्ठ जैसे महिला, युवा, स्वयं सहायता समूह, लघु उद्योग आदि सहकार भारती के मुख्य कामों में प्रशिक्षण शिविर लगाना, सेमीनार आयोजित करना, जागरुकता शिविर लगाना व सहकारी कानूनों में सुधार की वकालत करना आदि सहकार भारती के ऐसा संगठन है। सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने और समाज के आर्थिक उत्थान के लिए काम करता है। सहकार भारती की विचारधारा संस्कारों से सशक्त सहकार व सहकार से सशक्त समाज का उत्थान करना है। इस अवसर पर जिला संगठन प्रमुख नरेंद्र ठाकुर महामंत्री वीरेंद्र शर्मा ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में संदीप कुमार, सुनील शर्मा, मदन लाल, देशराज, कुलदीप शर्मा, मनोहर लाल, विकर्ण चौहान, ओम स्वरूप, अब रोल अमन कुमार आदि उपस्थित रहे।

# महिलाओं को दी क्रिएटिव ज्वेलरी की ट्रेनिंग



निदेशक ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और बैंक उपभोक्ताओं के अधिकारों से भी करवाया अवगत। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) हमीरपुर द्वारा महिलाओं के लिए आयोजित 14 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर वीरवार को संपन्न हो गया।

इस शिविर में लगभग 28 महिलाओं ने क्रिएटिव ज्वेलरी बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। शिविर के समापन अवसर पर प्रतिभागी महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए आरसेटी के निदेशक अजय कतना ने कहा कि संस्थान के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद महिलाएं अपना उद्यम या कारोबार आरंभ कर सकती हैं। इसके लिए विभिन्न बैंकों से ऋण प्राप्त करने में आरसेटी भी महिलाओं की मदद कर सकता है। उन्होंने महिलाओं से विभिन्न विभागों और बैंकों की ऋण एवं सब्सिडी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। अजय कतना ने महिलाओं को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, पीपीएफ और किसान क्रेडिट कार्ड आदि की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बैंक उपभोक्ताओं के विभिन्न अधिकारों के बारे में भी बताया। अजय कतना ने बताया कि किसी भी बैंक उपभोक्ता को अपनी प्राइवेसी का अधिकार, शिकायत करने व उस शिकायत के निवारण का अधिकार, मुआवजे का अधिकार, पारदर्शिता एवं ईमानदारी का अधिकार, सही बर्ताव का अधिकार और अन्य अधिकार दिए गए हैं। शिविर के समापन अवसर पर मूल्यांकनकर्ता सोमदत्त शर्मा और कामना देवी, आरसेटी के फैकल्टी मेंबर संजय हरनोट, ट्रेनर सीमा देवी और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# बोर्ड परीक्षाओं के लिए टीएडीए न देने की नई व्यवस्था का टीजीटी कला संघ ने किया विरोध

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा मार्च 2026 की बोर्ड परीक्षाओं में अधीक्षक एवं उप-अधीक्षक की ड्यूटी पर 30 किलोमीटर से अधिक दूरी के लिए भी टीएडीए दिया जाए।

इसे न देने संबंधी नई प्रस्तावित व्यवस्था का राजकीय टीजीटी कला संघ ने कड़ा विरोध किया है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय बरवाल, महिला विंग अध्यक्ष रीता बाल्याणी, प्रदेश महासचिव विजय हीर, जोन उपाध्यक्ष खुशहाल पठानिया, देश राज कालिया, रोशन लाल, विजेश अत्री, कैशियर सुभाष भारती, संयुक्त सचिव रामपाल सौंखला का कहना है कि शिक्षा बोर्ड परीक्षा संचालन ड्यूटी वैकल्पिक हो या शिक्षक को च्वाइस स्टेशन दियांजाए, शिक्षकों को समान यात्रा व्यय और शारीरिक श्रम वहन करना पड़ता है। ऐसे में टीए डीए से वंचित करना अन्यायपूर्ण है और इससे शिक्षकों का मनोबल टूटेगा। संघ ने मांग की है कि जिला सीमा के भीतर 30 किलोमीटर से अधिक दूरी पर की गई परीक्षा ड्यूटी के लिए पूर्व की भांति टीए डीए की सुविधा तुरंत बहाल की जाए।

इसके साथ ही प्रदेश में बोर्ड परीक्षाओं से जुड़े मानदेय, टीए/डीए तथा अन्य वित्तीय भुगतानों के लंबे समय से लंबित रहने पर भी शिक्षकों में गहरा रोष है। बोर्ड परीक्षा की डेटशीट जारी हो चुकी है, लेकिन मार्च 2025 की बोर्ड परीक्षा का पेपर चेकिंग मानदेय, मार्च 2025 की परीक्षा ड्यूटी का टीए/डीए, मैट्रिक व प्लस टू कक्षाओं की मार्च 2025 की स्पॉट इवैल्युएशन तथा स्टेशनरी व पोस्टल चार्ज का भुगतान अब तक नहीं किया गया है। सभी लंबित भुगतान—बोर्ड परीक्षा मानदेय, टीए डीए, स्पॉट इवैल्युएशन, स्टेशनरी एवं पोस्टल चार्ज—तत्काल जारी किए जाएं, ताकि शिक्षकों को राहत मिल सके और वे आगामी बोर्ड परीक्षा कार्यों में पूर्व की भांति पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ सहयोग कर सकें।

# हिमाचल को मोदी सरकार की बड़ी सौगात

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चरण-4 के अंतर्गत देवभूमि हिमाचल प्रदेश को एक और बड़ी सौगात मिली है। हमीरपुर जिले की 17 महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण एवं उन्नयन के लिए 83.82 करोड़ की राशि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा स्वीकृत की गई है। इस निर्णय से ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क संपर्क मजबूत होगा, जिससे आम जनता को बेहतर आवागमन सुविधा, रोजगार के नए क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलेगी। यह स्वीकृति प्रधानमंत्री मोदी के प्रदेश के प्रति विशेष स्नेह और विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मंडल अध्यक्ष बड़सर, संजीव शर्मा ने इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा हमीरपुर सांसद अनुराग सिंह ठाकुर का आभार व्यक्त किया। शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र पर चलते हुए हिमाचल प्रदेश को निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जा रही है।

# वीना कपिल ने प्रेम कुमार धूमल से की शिष्टाचार भेंट

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** भाजपा प्रदेश शहरी निकाय प्रकोष्ठ की नवनियुक्त प्रदेश सह संयोजक वीना कपिल ने समीरपुर में हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता प्रो. प्रेम कुमार धूमल से शिष्टाचार भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर प्रो. धूमल ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का मार्गदर्शन दिया। प्रो. धूमल ने कहा कि बीना कपिल की प्रदेश सह संयोजक के रूप में नियुक्ति उनके लंबे राजनीतिक अनुभव, जनसेवा के प्रति समर्पण और संगठनात्मक क्षमता से हुई है। इससे पूर्व वीना कपिल भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की सदस्य भी रह चुकी हैं। इसके



साथ ही वे चबूतरा वार्ड से जिला परिषद सदस्य तथा हमीरपुर नगर परिषद की वार्ड सदस्य के रूप में भी सेवाएं दे चुकी हैं। अपने राजनीतिक जीवन में वीना कपिल ने शहरी निकायों से जुड़े जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया है और विकास कार्यों में सक्रिय योगदान दिया है। प्रो. धूमल ने विश्वास जताया है कि उनकी नियुक्ति से भाजपा शहरी निकाय प्रकोष्ठ को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद है।

# स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की ऑनलाइन मार्केटिंग भी होगी

## स्वयं सहायता समूहों की समीक्षा बैठक में एडीसी अभिषेक गर्ग ने अधिकारियों को दिए निर्देश

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** जिले के महिला स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने के लिए जिला प्रशासन और जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) की ओर से विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं तथा इन समूहों को बड़े कारोबार के लिए भी प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया जा रहा है।

वीरवार को डीआरडीए के हॉल में स्वयं सहायता समूहों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीसी अभिषेक गर्ग ने बताया कि इन समूहों की महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों की बिक्री के लिए हिम ईरा शॉप्स और ग्रामीण हाट में विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। विभिन्न अवसरों पर इन उत्पादों की प्रदर्शनी के अलावा हमीरपुर शहर में डांग क्वाली और दियोटसिद्ध में हिम ईरा शॉप्स में इन समूहों के आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। एडीसी ने राष्ट्रीय ग्रामीण



स्वयं सहायता समूहों की समीक्षा बैठक करते एडीसी। अनंत ज्ञान

आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे एक सप्ताह के भीतर सभी स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, अमेजन एवं फ्लिपकार्ट पर अपलोड करें।

उन्होंने इन उत्पादों की लैब टेस्टिंग करवाकर इनके खाद्य सुरक्षा लाइसेंस प्राथमिकता के आधार पर बनवाने का लक्ष्य निर्धारित किया। उन्होंने कहा कि इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर में उपलब्ध मशीनरी का भी उपयोग किया जाना चाहिए। एडीसी ने बताया कि विकास खंड नादौन के स्वयं सहायता समूह उमंग न्यू आजीविका और शिवा स्वयं सहायता समूह तथा विकास खंड भोरंज के पटियाल बैग हाउस को अमेजन प्लेटफॉर्म पर सफलतापूर्वक ऑन बोर्ड किया जा चुका है।

इसके अलावा विकास खंड बिझड़ी में फूड वैन की शुरुआत कर दी गई है, जिसे देवभूमि सीएलफ द्वारा संचालित किया जाएगा। इसके माध्यम से स्थानीय खाद्य उत्पादों की बिक्री की जाएगी। एडीसी ने सभी बीडीओ को फूड वैन से संबंधित प्रस्ताव अति शीघ्र एचपीएस आरएलएम शिमला को भेजने के निर्देश दिए।

इन फूड वैनों के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं अपने पारंपरिक व्यंजनों की बिक्री करके आय अर्जित कर सकेंगी। बैठक में स्वयं सहायता समूहों से संबंधित अन्य सभी विषयों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। समूहों की सदस्यों को उद्योग विभाग की योजनाओं की जानकारी भी दी गई। स्किल लैब के अधिकारी डॉ. हिमेश शर्मा और सुधीर शर्मा ने भी कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। बैठक में डीआरडीए की परियोजना अधिकारी अस्मिता ठाकुर ने समूहों की गतिविधियों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया।

## प्रदर्शन: विकसित भारत जी राम जी के बहाने मनरेगा का गला घोंट रही है केंद्र सरकार

# नादौन में कांग्रेस का केंद्र के खिलाफ हल्ला बोल

अनंत ज्ञान

**नादौन।** नादौन विधानसभा क्षेत्र में 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के तहत वीरवार को नादौन कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की प्रस्तावित नीतियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और कांग्रेस के नेतृत्व का मनरेगा बचाओ संघर्ष का समर्थन करते हुए इस प्रदर्शन में हजारों लोग लोग शामिल हुए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमन भारती, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कैप्टन पृथ्वी चंद और मनरेगा समन्वयक विवेक कटोच की अगुवाई में राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर 'विकसित भारत जी राम जी योजना की विसंगतियों पर कड़ा प्रहार किया। स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री सुक्खू की इस बात का समर्थन किया कि मनरेगा ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और इसके अस्तित्व को बचाने के लिए वे किसी भी हद तक संघर्ष करेंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमन भारती ने कहा कि 'राज्यों



नादौन में कांग्रेस के कार्यकर्ता केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए। अनंत ज्ञान

पर वित्तीय बोझ डालना संघीय ढांचे पर हमला है केंद्र सरकार अपनी जिम्मेदारियों से भाग रही है।

नई व्यवस्था के तहत बजट की सीमा तय करना और अतिरिक्त भार राज्य सरकारों पर डालना हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्यों के साथ अन्याय है। यदि मजदूरों को काम देने का पैसा राज्य को देना पड़ा, तो विकास के अन्य कार्य ठप हो जाएंगे। हम मांग करते हैं कि केंद्र पूर्व की भांति 90:10 का अनुपात बनाए रखे। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कैप्टन पृथ्वी चंद ने कहा कि सरकार का यह प्रस्ताव कि साल में 60 दिन खेती के लिए काम बंद रहेगा, पूरी तरह से गरीब विरोधी है।

उन भूमिहीन मजदूरों का क्या होगा जिनके पास अपनी जमीन नहीं है। उन दो महीनों में क्या उनके बच्चे भूखे रहेंगे। यह 'कृषि विराम' अनिवार्य नहीं, बल्कि पूरी तरह से स्वैच्छिक होना चाहिए। कांग्रेस ने ज्ञापन के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति से मांग की है कि मनरेगा बजट को मांग के आधार पर असीमित रखा जाए। डिजिटल हाजिरी की अनिवार्यता को सरल बनाया जाए ताकि तकनीकी खामी का खामियाजा मजदूर न भुगते। प्रस्तावित 'विकसित भारत' विकसित भारत जी राम जी के उन प्रावधानों को तुरंत हटाया जाए जो मजदूरों के अधिकारों में कटौती करते हैं।

इस अवसर पर नादौन के विभिन्न क्षेत्रों से आए कार्यकर्ताओं ने भी केंद्र सरकार की नई नीतियों के खिलाफ रोष प्रकट किया और संकल्प लिया कि वे इस मुद्दे को जन-जन तक पहुंचाएंगे। इस मौके पर कांग्रेस के नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे ।

# नशे की गिरफ्तारी से खुल सकती है विधायक विरोधी साजिश की परतें

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** विधानसभा बड़सर में चिट्टे के साथ पकड़े गए युवाओं के खिलाफ पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई का स्वागत करते हुए भाजपा युवा मोर्चा जिला महामंत्री अरविंद ने कहा कि यह कार्रवाई केवल नशे के कारोबार पर प्रहार नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से विधायक के खिलाफ रची गई एक सुनियोजित साजिश की कई परतें भी उजागर हो सकती हैं।

उन्होंने कहा कि नशा समाज, विशेषकर युवाओं को भीतर से खोखला कर रहा है और इसके खिलाफ कठोर कदम उठाना समय की आवश्यकता है। अरविंद ने कहा कि पकड़ा गया युवक साहिल वही व्यक्ति है, जिसका नाम पूर्व में भी नशे के अवैध कारोबार से जुड़े मामलों में सामने आ चुका है। इसके खिलाफ पहले से केस दर्ज बताए जाते हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले में विधायक के साले के बेटे द्वारा भी साहिल का नाम लिया गया था, जिससे इस पूरे प्रकरण की गंभीरता और बढ़ जाती है। भाजपा युवा मोर्चा जिला महामंत्री ने कहा कि साहिल के पीछे एक राजनीतिक नेता व तथाकथित सोशल एक्टिविस्ट की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। उन्होंने पुलिस से पुरजोर मांग की है कि साहिल की कॉल डिटेल व संपर्कों की निष्पक्ष जांच कर जनता के सामने तथ्य रखे जाएं, ताकि



विधायक के खिलाफ षडयंत्र रचने वाले चेहरों की पहचान हो सके। शर्मा ने सवाल उठाया कि पुलिस जनता को यह स्पष्ट रूप से बताए कि जिन सोशल एक्टिविस्टों, नेताओं और फर्जी आईडी चलाने वालों की सक्रियता पहले लगातार दिखाई देती रही है। साहिल के साथ आखिर क्या रिश्ता है, जो लोग सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी के माध्यम से लगातार भ्रम फैलाते रहे हैं, वे अब इस मामले में चुप क्यों हैं। उन्होंने कहा कि साहिल की गिरफ्तारी को आज तीसरा दिन हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद न तो 'बड़सर की खबर', न 'बड़सर की आवाज' और न ही अन्य फर्जी आईडी से कोई प्रतिक्रिया सामने आई है।

## न्यूज ब्रीफ

### विक्रमादित्य सिंह कल ठियोग प्रवास पर



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह 24 जनवरी को ठियोग विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने दी। प्रवक्ता के अनुसार मंत्री 24 जनवरी को दोपहर 12 बजे ग्राम पंचायत धर्मपुर के हाला सभियाल में रेशवा हल्ला से भोगड़ा जाने वाली सड़क की आधारशिला रखेंगे। इस अवसर पर वह स्थानीय जनता को संबोधित भी करेंगे। यह सड़क क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों की आवाजाही को सुगम बनाने और विकास गतिविधियों को गति देने में सहायक सिद्ध होगी।

### एचपी-शिवा परियोजना का औद्यानिकी कैलेंडर जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने शिमला में एचपी-शिवा परियोजना के अंतर्गत औद्यानिकी गतिविधि कैलेंडर जारी किया, जिसे एशियन विकास बैंक द्वारा वित्तपोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह कैलेंडर परियोजना गतिविधियों के सुनियोजित और समयबद्ध क्रियान्वयन को सुनिश्चित करते हुए पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाएगा तथा किसानों और बागवानों को परियोजना सहायता के अनुरूप अपनी गतिविधियों का बेहतर समन्वय करने में सक्षम बनाएगा।

### महिला विकास प्रोत्साहन पुरस्कारों के लिए नामांकन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास निदेशालय ने हिमाचल प्रदेश महिला विकास प्रोत्साहन योजना-2013 के तहत राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। विभाग के प्रवक्ता के अनुसार, यह पुरस्कार स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, सामाजिक सेवा तथा कला एवं संस्कृति के क्षेत्रों में महिला विकास और सशक्तिकरण के लिए उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को प्रदान किए जाएंगे। चयन पिछले पांच वर्षों के दौरान किए गए उत्कृष्ट और सराहनीय योगदान के आधार पर किया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति एवं संस्थाएं अपने आवेदन 31 जनवरी तक संबंधित जिला कार्यक्रम अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों को उपायुक्त की संस्तुति के बाद राज्य स्तर पर भेजा जाएगा। चयनित व्यक्ति या संस्था को एक लाख रुपये की नकद राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में दिया जाएगा।

### ग्रामीण स्वास्थ्य के लिए आगे आए एमबीबीएस प्रशिक्षु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज शिमला के एमबीबीएस स्नातक प्रशिक्षुओं ने परिवार दत्तक कार्यक्रम के अंतर्गत शिमला जिले के मोहणपुर क्षेत्र में जन-जागरूकता और स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी एक सराहनीय पहल की। इस दौरान प्रशिक्षुओं ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराने के लिए जागरूकता रैली निकाली और नशे के खिलाफ सशक्त संदेश दिया। समुदायिक चिकित्सा विभाग के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को लोगों तक पहुंचाना रहा। प्रशिक्षुओं ने ग्रामीणों को संतुलित आहार, स्वच्छता, नियमित स्वास्थ्य जांच और नशामुक्त जीवनशैली अपनाने के महत्व के बारे में जानकारी दी। ग्रामीणों ने भी इस पहल में बढ़-चढ़कर भाग लिया और प्रशिक्षुओं से सीधे संवाद किया। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों की रक्तचाप जांच, रैंडम ब्लड शुगर जांच, हीमोग्लोबिन और हेमेटोक्रिट की जांच की गई। इसके साथ ही चिकित्सीय परामर्श भी दिया गया, ताकि लोगों को अपनी स्वास्थ्य स्थिति को समझने और समय पर उपचार के लिए प्रेरित किया जा सके।

# भू-तापीय ऊर्जा बनेगी भविष्य की स्वच्छ और भरोसेमंद ताकत : सीएम

## वर्ष 2026 तक प्रदेश को ग्रीन एनर्जी स्टेट के रूप में स्थापित करना लक्ष्य

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश को हरित व ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार ने एक और दूरदर्शी पहल की है। बदलते जलवायु परिदृश्य और बढ़ती ऊर्जा जरूरतों के बीच अब राज्य में भू-तापीय ऊर्जा को भविष्य की स्वच्छ और भरोसेमंद ताकत के रूप में देखा जा रहा है। सरकार का लक्ष्य वर्ष 2026 तक प्रदेश को ग्रीन एनर्जी स्टेट के रूप में स्थापित करना है, जिसके तहत राज्य की 90 प्रतिशत से अधिक ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति नवीकरणीय स्रोतों से सुनिश्चित की जाएगी।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार व्यवस्था परिवर्तन के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है, ताकि हिमाचल को स्वच्छ, आत्मनिर्भर और पर्यावरण के अनुकूल राज्य के रूप में विकसित किया जा सके। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को देखते हुए अब केवल पारंपरिक विकल्पों पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं



है, ऐसे में भू-तापीय ऊर्जा एक सतत, सुरक्षित और स्थिर समाधान बनकर उभर रही है।

जानकारी के अनुसार राज्य पहले ही जलविद्युत उत्पादन में अग्रणी रहा है और अब जल, सौर व भू-तापीय ऊर्जा के समन्वित मॉडल के जरिये कोयला, डीजल और लकड़ी जैसे जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। भू-तापीय ऊर्जा मौसम पर निर्भर नहीं होती और पर्वतीय क्षेत्रों के लिए यह स्थिर बेस-लोड आपूर्ति प्रदान करने की क्षमता रखती है, जिससे राज्य की ऊर्जा सुरक्षा और अधिक मजबूत होगी। कुल्लू जिले के मणिकरण और कसोल तथा मंडी जिले के तत्तापानी क्षेत्रों में भू-तापीय ऊर्जा की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। इन इलाकों में सतही तापमान 57 से 97 डिग्री सेल्सियस तक पाया जाता है और भू-तापीय ग्रेडिएंट भी काफी अधिक है। यही कारण है कि ये क्षेत्र न केवल बिजली उत्पादन बल्कि गर्म जल स्रोतों पर आधारित पर्यटन, स्पा, वेलनेस और ईको-टूरिज्म के विकास के लिए भी बेहद अनुकूल माने जा रहे हैं।

सरकार का मानना है कि छोटे भू-तापीय विद्युत संयंत्र कुल्लू, मंडी और लाहौल-स्पीति जैसे दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को चौबीसों घंटे विश्वसनीय बिजली उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। शिमला, मनाली और केलांग जैसे ठंडे इलाकों में यह ऊर्जा सर्दियों में हीटिंग और गर्मियों में कूलिंग की निरंतर आवश्यकता को पूरा करने में भी उपयोगी सिद्ध होगी। भू-तापीय ऊर्जा के उपयोग से लकड़ी और अन्य जीवाश्म ईंधनों की खपत में उल्लेखनीय कमी आएगी, जिससे वनों की कटाई पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा। साथ ही ड्रिलिंग, संयंत्र संचालन और पर्यटन गतिविधियों के विस्तार से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

### ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण को मिलेगी मजबूत दिशा

**हालांकि,** भारत में अब तक भू-तापीय ऊर्जा का उपयोग सीमित रहा है, लेकिन पर्वतीय और टेक्टोनिक बेल्ट वाले राज्य के लिए यह सौर और पवन ऊर्जा के साथ मिलकर एक भरोसेमंद विकल्प बन सकती है। दुनिया के लगभग 80 देश पहले से ही इस ऊर्जा का सक्रिय उपयोग कर रहे हैं, जिनमें अमेरिका सबसे बड़ा उत्पादक है, जबकि आइसलैंड, इंडोनेशिया और चीन ने इसके सफल मॉडल प्रस्तुत किए हैं। हिमाचल के लिए यह पहल ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हो सकती है।

# हिमाचल में राज्यसभा चुनावों में नहीं बची 'ऑपरेशन लोटस' की कोई जमीन

अनंत ज्ञान

◆ अग्निहोत्री का बड़ा दावा, बोले- एक बार नाकाम हो चुकी साजिश दोबारा नहीं चलती

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आगामी राज्यसभा चुनावों को लेकर सियासी माहौल पर बड़ा बयान देते हुए साफ कहा है कि प्रदेश में ऑपरेशन लोटस की कोई गुंजाइश नहीं बची है। उन्होंने कहा कि हिमाचल वह अकेला राज्य है जहां इस तरह की सियासी साजिश न सिर्फ रची गई, बल्कि जनता और विधायकों की सूझबूझ से पूरी तरह नाकाम भी हुई। उनके मुताबिक, जो दांव एक बार फेल हो चुका हो, वह दोबारा कामयाब नहीं हो सकता।



उपमुख्यमंत्री ने एक निजी न्यूज एजेंसी को साक्षात्कार देते हुए कहा कि कठिन राजनीतिक दौर में निर्दलीयों समेत 9 विधायकों के अलग होने के बावजूद कांग्रेस सरकार ने न सिर्फ सत्ता बचाई, बल्कि छह उपचुनाव जीतकर विधानसभा में अपना आंकड़ा फिर 40 तक पहुंचाया। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह राजनीतिक स्थिरता और आपसी एकता का प्रमाण है। अग्निहोत्री ने यह भी जोड़ा कि आने वाले राज्यसभा चुनावों में किसी भी तरह की जोड़-तोड़ की राजनीति का कोई अवसर दिखाई नहीं देता।

अग्निहोत्री ने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह की खुले शब्दों में सराहना करते हुए उन्हें युवा, ऊर्जावान और भरोसेमंद सहयोगी बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार अपने चौथे वर्ष में एकजुटता, विकास, कल्याण और जन-समर्थक नीतियों के मजबूत इरादे के साथ आगे बढ़ रही है। केंद्र से अपेक्षित मदद और फंड जारी होने में देरी के बावजूद राज्य सरकार संसाधन जुटाने के लिए आक्रामक रणनीति पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आपदा के बाद प्रधानमंत्री द्वारा घोषित 1,500 करोड़ रुपए, जल जीवन मिशन के तहत 1,200 करोड़ रुपए और अन्य सहायता अभी तक पूरी तरह जारी नहीं की गई है। इसके अलावा राजस्व घाटा अनुदान में भी हज़ारों करोड़ की कटौती हुई है, जिससे राज्य पर वित्तीय दबाव बढ़ा है।

# गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर रामपुर में हुई समीक्षा बैठक

अनंत ज्ञान



बैठक की अध्यक्षता करते हर्ष अमरेंद्र सिंह। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के सफल, सुव्यवस्थित और गरिमामय आयोजन को लेकर वीरवार को रामपुर बुशहर में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपमंडलाधिकारी नागरिक रामपुर हर्ष अमरेंद्र सिंह ने की। बैठक में मंच संचालन, मार्च पास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। इस अवसर पर बताया गया कि गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान विभिन्न शिक्षण संस्थानों द्वारा देशभक्ति पर आधारित रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

बैठक में स्प्रिंगडेल पब्लिक स्कूल, पीएम श्री राजकीय केन्द्रीय प्राथमिक पाठशाला, डीएवी, कोशिश एक आशा, आईटीआई, पीएम श्री बालिका उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, साई विद्या पब्लिक स्कूल, रामपुर पब्लिक स्कूल, लिटिल फ्लावर पब्लिक स्कूल, पदम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बॉयज), आर्य पब्लिक स्कूल, कमला मैमोरियल पब्लिक स्कूल, नृत्य शिक्षा अकादमी सहित अन्य संस्थानों की सहभागिता की जानकारी दी गई।

# शिक्षकों ने सचिवालय में उठाए सीबीएसई स्कूलों के मुद्दे

## सीबीएसई लागू करने पर सशर्त समर्थन, शिक्षामंत्री से मुलाकात में शिक्षक संगठनों ने रखी शर्तें

अनंत ज्ञान



प्रतिनिधिमंडल शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मिलता हुआ। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल राजकीय अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान की अगुवाई में एक शिष्टमंडल सचिवालय में शिक्षामंत्री रोहित ठाकुर से मिला। शिष्टमंडल में प्रधानाचार्य संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरी शर्मा तथा मुख्यध्यापक-प्रधानाचार्य संवर्ग अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष रतन वर्मा सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल थे। बैठक के दौरान संघ ने सरकार के सरकारी स्कूलों में सीबीएसई बोर्ड लागू करने के निर्णय का सशर्त स्वागत करते हुए स्पष्ट किया कि यदि शिक्षकों की व्यावहारिक चिंताओं और सुझावों को समय रहते स्वीकार किया गया।

शिष्टमंडल ने कहा कि सीबीएसई स्कूलों में तैनाती के लिए लंबे समय से सेवाएं दे रहे योग्य शिक्षकों की दक्षता जांच के नाम पर किसी प्रकार की परीक्षा या टेस्ट लेना न्यायसंगत नहीं होगा। पहले से सीबीएसई स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों को कम से कम एक वर्ष का समय दिया जाए, ताकि उनके कार्य का आकलन बोर्ड परीक्षा परिणामों के आधार पर निष्पक्ष रूप से किया जा सके। प्रधानाचार्यों और शिक्षकों की कार्यक्षमता का मूल्यांकन केवल परिणामों से जोड़ा जाए और सभी रिक्त पदों को शत-प्रतिशत भरा जाए, ताकि विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता प्रभावित न हो।

शिक्षक संघ ने सीबीएसई व हिमाचल बोर्ड के बीच शिक्षकों के स्थानांतरण की सुविधा उनकी इच्छा के अनुरूप जारी रखने, बालक व बालिका विद्यालयों के अनावश्यक विलय से बचने तथा एक स्कूल को सीबीएसई और दूसरे को हिमाचल बोर्ड के तहत सुदृढ़ करने की मांग उठाई। साथ ही यह भी कहा गया कि प्रधानाचार्य व शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया प्रभावित न हो, इसके लिए सीबीएसई मानकों के अनुसार उप-प्रधानाचार्य का एक नामित पद सृजित किया जाए।

# आंगनबाड़ी कर्मियों ने सम्मेलन में 12 फरवरी की हड़ताल का किया ऐलान



आंगनबाड़ी कर्मियों के सम्मेलन में उपस्थित यूनियन पदाधिकारी और प्रतिभागी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर्स यूनियन (सीटू) के बैनर तले आईसीडीएस प्रोजेक्ट शिमला के चक्कर, न्यू शिमला और संजौली वृत्तों की आंगनबाड़ी कर्मियों ने शिमला परियोजना का सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन में मीनाक्षी ठाकुर को अध्यक्ष, हरदेई ठाकुर को महासचिव और पुष्पा रोहाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा उपाध्यक्ष, सचिव और कमेटी सदस्यों का भी सर्वसम्मति से चयन किया गया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, जिला सचिव विवेक कश्यप सहित यूनियन पदाधिकारियों ने 12 फरवरी की देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से जोखिमपूर्ण और बहु-विभागीय कार्य तो कराए जाते हैं, लेकिन दुर्घटना या मृत्यु की स्थिति में न सुरक्षा मिलती है और न ही जिम्मेदारी तय होती है। कम मानदेय, बीमा व सामाजिक सुरक्षा के अभाव को उन्होंने संस्थागत शोषण करार दिया।

वक्ताओं ने ड्यूटी के दौरान मृत्यु पर मुआवजा व परिजनों को नौकरी, दुर्घटना बीमा, जोखिम भत्ता, लंबित वेतन के भुगतान और केंद्र व राज्य अंश के एकमुश्त भुगतान की मांग की। उन्होंने वेतन बढ़ोतरी, नियमितीकरण, ग्रेच्युटी, पेंशन, मेडिकल सुविधाएं और सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने की मांग उठाई। साथ ही आईसीडीएस के निजीकरण के प्रयासों का विरोध करते हुए संघर्ष तेज करने की चेतावनी दी।

# राम जन्मभूमि दर्शन सनातन संस्कृति व राष्ट्रीय एकता का प्रतीक : पठानिया

अनंत ज्ञान



पठानिया अयोध्या में राम जन्मभूमि परिसर का अवलोकन करते हुए।

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां वीरवार को भगवान श्रीराम की जन्मस्थली राम जन्मभूमि पहुंचे और राम मंदिर में दर्शन कर शीश नवाया। उन्होंने कहा कि राम मंदिर का निर्माण पौराणिक स्थापत्य की अनुपम मिसाल है, जो न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है बल्कि सनातन परंपरा और सांस्कृतिक चेतना का जीवंत प्रतीक भी है। उनके अनुसार यह स्थल देश-दुनिया के श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा से जोड़ रहा है।

पठानिया ने कहा कि भारत सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और धार्मिक सौहार्द का देश है, जहां विविधता के बावजूद एकता की मजबूत भावना विद्यमान है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में आए व्यापक बदलावों की सराहना करते हुए कहा कि तकनीक, आधारभूत ढांचे और सुशासन के चलते प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। राम मंदिर निर्माण के बाद अयोध्या में पर्यटन को नई गति मिली है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़े हैं और पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा वातावरण बना हुआ है।

दर्शन उपरांत पठानियां ने प्रभु श्रीराम से हिमाचल प्रदेश के प्रत्येक नागरिक की सुख, समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की। वे आज रात लखनऊ से वायु मार्ग द्वारा चंडीगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे तथा 23 जनवरी को शिमला पहुंचेंगे। इसके पश्चात 26 जनवरी 2026 को वे जिला सिरमौर के मुख्यालय नाहन में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की अध्यक्षता करते हुए ध्वजारोहण करेंगे।

# बद्दी में हिम चंडीगढ़ सिटी बसाने की तैयारी शुरू

अनंत ज्ञान



बैठक की अध्यक्षता करते राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी। अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश के राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में शिमला में मंत्रिमंडलीय उप-समिति की दो अलग-अलग महत्वपूर्ण बैठकों का आयोजन किया गया। पहली बैठक में शिमला शहर पर बढ़ते दबाव को कम करने के उपायों पर गंभीर चर्चा हुई। इसमें सब्जी मंडी लोअर बाजार, अनाज मंडी, टिम्बर मार्केट लक्कड़ बाजार, मैकेनिकल मार्केट कच्ची घाटी और ट्रांसपोर्ट एरिया को शहर से बाहर उपयुक्त स्थानों पर स्थानांतरित करने के प्रस्तावों पर विचार किया गया। बैठक में आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण एवं नगर नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी तथा लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने जानकारी दी कि ढली फोरलेन पर पांच संभावित स्थलों को चिन्हित किया गया है, जिनका शीघ्र निरीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। शिमला की चार पार्किंग से जुड़े विवादों पर भी विमर्श हुआ, वहीं शहर से भीड़-भाड़ कम करने के लिए पूर्व डिप्टी मेयर टिकेंद्र पंवर ने अपने व्यावहारिक सुझाव रखे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के इन्फ्रास्ट्रक्चर एडवाइजर अनिल कपिल, नगर निगम शिमला आयुक्त भूपेंद्र अत्री और संयुक्त सचिव लॉ विवेक ज्योति भी मौजूद रहे।

◆ शिमला शहर से बाजारों के स्थानांतरण पर हुई विस्तृत चर्चा

दूसरी बैठक में बद्दी में प्रस्तावित हिम चंडीगढ़ सिटी को लेकर गठित मंत्रिमंडलीय उप-समिति ने परियोजना की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की। उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने भूमि उपलब्धता और योजना से जुड़ी विस्तृत प्रस्तुति दी, जिसमें सभी मौसाबियों को राजस्व मंत्री के समक्ष रखा गया।

बताया गया कि हिमुडा द्वारा शीघ्र ही ड्रोन सर्वे के माध्यम से मौसाबियों को डिजिटलाइज किया जाएगा, जिससे भूमि रिकॉर्ड और योजना निर्माण में तेजी आएगी। बैठक में अवगत कराया गया कि हाउसिंग के लिए 3,428 बीघा भूमि पहले ही आवंटित की जा चुकी है, जबकि कॉमन पूल की पांच से छह हजार बीघा भूमि भी चिन्हित कर ली गई है।

हिमुडा और राजस्व विभाग के तहसीलदार संयुक्त रूप से कार्य करते हुए एक माह के भीतर भूमि का कंसॉलिडेशन कर एक समेकित चंक तैयार करेंगे। मंत्रिमंडलीय उप-समिति की अगली बैठक में कार्यों की प्रगति की दोबारा समीक्षा की जाएगी। इस बैठक में हिमुडा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुरेंद्र वशिष्ठ भी उपस्थित रहे।

# एलडीआर कोटे से जेओए और क्लर्क भर्ती जल्द शुरू करने की मांग

अनंत ज्ञान



अनुज चौहान को ज्ञापन सौंपते हुए एलडीआर कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश लिमिटेड डायरेक्ट रिक्रूटमेंट (एलडीआर) कर्मचारी संघ ने 20 प्रतिशत एलडीआर कोटे के तहत जूनियर ऑफिस असिस्टेंट और क्लर्क पदों को भरने के लिए भर्ती प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने की मांग की है।

संघ ने मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में कहा है कि वर्ष 2022 के बाद से एलडीआर कोटे के अंतर्गत भर्ती प्रक्रिया आरंभ नहीं की गई, जिससे पात्र चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को समय पर पदोन्नति का लाभ नहीं मिल पा रहा है। संघ के अनुसार कार्मिक विभाग की 2010 की अधिसूचना के तहत प्रत्येक वर्ष 31 दिसंबर तक रिक्त पदों का ब्यौरा अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड को भेजा जाना अनिवार्य था, जिससे समयबद्ध भर्ती और पदोन्नति संभव होती थी। इस व्यवस्था से न केवल कर्मचारियों को लाभ मिलता था बल्कि सरकार पर किसी अतिरिक्त वित्तीय बोझ का भी भार नहीं पड़ता था। संघ ने यह भी स्पष्ट किया कि एलडीआर कोटे के तहत पदोन्नति से राज्य सरकार पर कोई अतिरिक्त वित्तीय दायित्व नहीं आता, क्योंकि अधिकांश पात्र कर्मचारी पहले से ही उच्च वेतनमान प्राप्त कर रहे हैं।

◆ मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान को सौंपा ज्ञापन

इसी संदर्भ में आज एलडीआर कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों ने राज्य सचिवालय में मुख्यमंत्री के मीडिया प्रधान एवं मीडिया सलाहकार अनुज चौहान से मुलाकात का अनुरोध किया। प्रतिनिधियों ने उन्हें ज्ञापन सौंपते हुए भर्ती प्रक्रिया को शीघ्र मंजूरी देने का आग्रह किया। मीडिया सलाहकार अनुज चौहान ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को सरकार के संज्ञान में लाया जाएगा और इस विषय पर आवश्यक स्तर पर विचार किया जाएगा।

पहल

## हिमाचल के स्कूलों से स्टार्टअप की उड़ान से छात्रों को आगे बढ़ाने की तैयारी

# ईएमसी प्रोजेक्ट से बदली स्कूली शिक्षा की दिशा

अनंत ज्ञान



एनआईटी हमीरपुर में छात्र नवाचार की बारीकियां सीखते हुए। अनंत ज्ञान

**शिमला/हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को अब केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रखा जा रहा, बल्कि उन्हें भविष्य की वास्तविक चुनौतियों और अवसरों से भी जोड़ा जा रहा है। इसी सोच के साथ समग्र शिक्षा के अंतर्गत एंटरप्रेन्योरशिप माइंडसेट क्लासेस (ईएमसी) प्रोजेक्ट संचालित किया जा रहा है। इस पहल का मूल उद्देश्य छात्रों को नौकरी ढूंढने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनाना है। यह परियोजना बच्चों के भीतर नवाचार, आत्मनिर्भरता और जोखिम लेने की हिम्मत को विकसित करने की दिशा में एक ठोस और दूरदर्शी प्रयास के रूप में उभर रही है।

जानकारी के अनुसार प्रदेश में यह प्रोजेक्ट वर्तमान में आठ जिलों में प्रभावी रूप से चल रहा है, जिसके अंतर्गत 659 सरकारी स्कूलों को शामिल किया गया है। इनमें कांगड़ा जिला सबसे आगे है, जहां 544 स्कूल इस पहल से जुड़े हैं। इसके अलावा हमीरपुर और ऊना जिलों में 25-25 स्कूलों में यह परियोजना लागू की गई है। शिमला, सोलन, मंडी, कुल्लू और बिलासपुर के कई सरकारी स्कूल भी इस नवाचार आधारित शैक्षणिक मॉडल का हिस्सा बन चुके हैं। ईएमसी के माध्यम से छात्रों को कक्षा शिक्षण के साथ-साथ वास्तविक जीवन से जुड़े अनुभव भी दिए जा रहे हैं, ताकि वे समस्याओं को पहचानना और उनके समाधान खोजना सीख सकें।

इसी क्रम में हमीरपुर जिला के नादौन ब्लॉक के पांच सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, हमीरपुर के इनक्यूबेशन सेंटर का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह भ्रमण ईएमआई प्रोजेक्ट के तहत आयोजित किया गया, जो समग्र शिक्षा की पहल से शिक्षा विभाग के सहयोग से विद्यालयों में संचालित हो रहा है। समग्र शिक्षा निदेशक राजेश शर्मा के मार्गदर्शन में चल रही इस पहल का उद्देश्य स्कूली छात्रों को स्टार्टअप संस्कृति और नवाचार की वास्तविक दुनिया से सीधे तौर पर परिचित कराना है। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने इनक्यूबेशन सेंटर के विशेषज्ञों और मेंटर्स से सीधा संवाद किया।

छात्रों को बताया गया कि किसी भी नए विचार को स्टार्टअप में बदलने से पहले उसकी समस्या पहचान, आइडिया वैलिडेशन और समाधान चयन कितना अहम होता है। विशेषज्ञों ने यह भी समझाया कि किस प्रकार मेंटोरशिप, तकनीकी सहयोग और निरंतर मार्गदर्शन के जरिए एक साधारण विचार को मजबूत नवाचार में तबदील किया जा सकता है। छात्रों के सवालों और जिज्ञासाओं ने इस संवाद को और भी जीवंत बना दिया। इस शैक्षणिक भ्रमण का सबसे आकर्षक हिस्सा 3डी प्रिंटिंग व प्रोटोटाइप निर्माण का प्रत्यक्ष अनुभव रहा। विद्यार्थियों ने अपनी आंखों के सामने देखा कि किस तरह कल्पना को तकनीक के जरिए वास्तविक आकार दिया जाता है।

### ईएमसी प्रोजेक्ट से राज्य में हो रही नई पीढ़ी तैयार

**यह** भ्रमण छात्रों के लिए केवल एक शैक्षणिक यात्रा नहीं, बल्कि सोच बदलने वाला अनुभव साबित हुआ। बच्चों ने रचनात्मक सोच अपनाने, अपने विचारों को निखारने और भविष्य में विज्ञान, तकनीक व उद्यमिता को करियर विकल्प के रूप में देखने की प्रेरणा पाई। ईएमसी प्रोजेक्ट के माध्यम से राज्य में एक ऐसी नई पीढ़ी तैयार हो रही है, जो न केवल आत्मनिर्भर होगी, बल्कि समाज के लिए नए अवसर और अभिनव समाधान भी लेकर आएगी।

# भाजपा ने फासले पर रखे थे अधिकारी, वे सीएम को आज अंगुलियों पर नचा रहे : जयराम

## कहा- वर्तमान सरकार विकास के मामले में शून्य, तीन वर्ष का कार्यकाल भाजपा को कोसने में गुजर गया

- जश्न पर खर्च कर दिए आपदा प्रभावितों को मिलने वाले दस करोड़
- एचआरटीसी बसें किराए पर लेने पर डीसी मंडी को भेजा 2 करोड़ का बिल


धर्मशाला में प्रेसवार्ता में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि जिन अधिकारियों को भाजपा सरकार ने फासले पर रखा था। वही, अधिकारी वर्तमान में मुख्यमंत्री को अंगुलियों पर नचा रहे हैं।

वर्तमान कांग्रेस सरकार विकास के मामले में शून्य रही है, सरकार का तीन वर्ष का कार्यकाल भाजपा को कोसने में गुजर गया। वीरवार को धर्मशाला में प्रेसवार्ता में जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार में जनता के साथ-साथ कांग्रेस के लोगों में भी निराशा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने तीन साल के जश्न पर 10 करोड़ रुपए खर्च कर दिए, जबकि यह राशि आपदा के प्रभावितों को मिलनी थी। उन्होंने कहा कि एचआरटीसी ने जश्न के लिए लगाई गई एचआरटीसी बसों की एवज में डीसी मंडी को 2 करोड़ रुपए का बिल भेजा है। उन्होंने कहा कि एचआरटीसी के निर्णय अनुसार बसें किराए पर लेने के लिए 50 फीसदी राशि पहले जमा करवानी पड़ती है, जबकि जो 2 करोड़ रपए का बिल भेजा गया है, उसमें 50 फीसदी राशि पहले जमा करवाई गई है या नहीं, यह भी बड़ा सवाल है।

### विजिलेंस जांच का क्या हुआ, बताए सरकार

**नेता** प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि एक कांग्रेस नेता के खिलाफ विजिलेंस जांच के आदेश दिए गए थे। जिस पर एसआईटी का भी गठन किया गया था। कांग्रेस नेता दिल्ली में जाकर कहा कि एक सप्ताह में जांच न रोकी तो पद से इस्तीफा दे देंगे, जिसके चलते जांच को दबा दिया गया। जयराम ने कहा कि जनता जानना चाहती है कि उस जांच का क्या हुआ।

### बोले- कांग्रेस की लोकप्रियता रसातल में

**जयराम** ने कहा कि कांग्रेस की लोकप्रियता रसातल में चली गई है। मनरेगा के नाम बदलने को लेकर कांग्रेस द्वारा किए जा रहे विरोध पर उन्होंने कहा कि इससे पहले भी योजना के कई बार नाम बदले गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस को योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाने से नहीं, बल्कि राम जी का नाम जोड़ने से है। चुनाव आयोग द्वारा करवाई जा रही एसआईआर पर कहा कि इससे पहले भी चुनाव आयोग एसआईआर करवा चुका है।

# नेता प्रतिपक्ष बोले- सीयू देहरा कैंपस में बिजली व्यवस्था करे प्रदेश सरकार

## प्रधानमंत्री मोदी को बुलाकर जल्द देहरा में शुरू करवाएंगे कक्षाएं

अनंत ज्ञान

- सोलह वर्ष के सफर में सीयू की ओर से हासिल पायदान प्रशंसनीय

**ब्यूरो, धर्मशाला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालय ने सोलह वर्ष के सफर में अलग-अलग पायदान हासिल किए हैं, जो कि प्रशंसनीय है। अब केंद्रीय विश्वविद्यालय के कैंपस का निर्माण कार्य पूर्ण होने की ओर अग्रसर है। जयराम ने कहा कि प्रदेश सरकार से आग्रह रहेगा कि देहरा कैंपस में बिजली उपलब्ध करवाने की दिशा में जल्द कार्रवाई की जाए, ताकि जल्द प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बुलाकर देहरा कैंपस में कक्षाओं का संचालन शुरू किया जा सके। केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से किए गए 512 करोड़ रुपए के सहयोग कैंपस निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि उम्मीद करते हैं कि कि सीयू के धर्मशाला कैंपस निर्माण की दिशा में भी प्रगति हो। धर्मशाला कैंपस को लेकर सरकार की ओर से जमा करवाए जाने वाले 30 करोड़ रुपए को लेकर जयराम ने कहा कि सीएम को अब इस बारे में संज्ञान लेना चाहिए, क्योंकि विपक्ष विधानसभा में भी इस मुद्दे को कई बार उठा चुका है। धर्मशाला की जनता ने भी इस बारे में अपना पक्ष रखा है। जमीन मिल चुकी है तो अब विलंब नहीं होना चाहिए।

# सुलह में मुख्यमंत्री का दौरा कांग्रेस की विफलता का प्रतीक : परमार

अनंत ज्ञान

- बोले- रैली सुपर फ्लॉप झूठे उद्घाटनों और खोखले वादों की पराकाष्ठा

**राकेश डोगरा, डरोह।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि सुलह विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री के हालिया दौरे ने कांग्रेस सरकार की जनविरोधी, झूठ-आधारित और पूरी तरह विफल राजनीति को जनता के सामने पूरी तरह बेनकाब कर दिया है। इस कार्यक्रम को कांग्रेस पार्टी ने अपनी ताकत का प्रदर्शन बताने का प्रयास किया, वह वास्तविकता में ऐतिहासिक रूप से सुपर फ्लॉप सिद्ध हुआ।

परमार ने कहा कि स्थिति यह रही कि सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के बावजूद मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में भीड़ भी नहीं जुटा पाए। यह कांग्रेस सरकार के प्रति जनता के गहरे असंतोष और अविश्वास का प्रत्यक्ष प्रमाण है। कांग्रेस पार्टी को अपनी तथाकथित रैली में कुर्सियां भरने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, पंचायत सचिवों, सरकारी अध्यापकों-अध्यापिकाओं और विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को जबरन बुलाना पड़ा। यह दृश्य अपने आप में इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस सरकार को जनता का समर्थन नहीं, बल्कि सरकारी दबाव का सहारा लेना पड़ रहा है। यदि सरकार के पास वास्तविक जनाधार होता, तो उसे प्रशासन की बैसाखियों पर खड़े होने की आवश्यकता नहीं पड़ती। मुख्यमंत्री ने सुलह में जिन तथाकथित विकास कार्यों का उद्घाटन किया, उनमें एक भी कार्य कांग्रेस सरकार की देन नहीं है। ये सभी योजनाएं भारतीय जनता पार्टी की सरकार के कार्यकाल में स्वीकृत हुई थीं, इनके लिए बजट भाजपा सरकार ने उपलब्ध करवाया था और आधारशिला भाजपा शासन में ही रखी गई थी। इसके बावजूद भी स्थानीय विधायक का नाम भी पट्टीकाओं में लिखना भी उचित नहीं समझा। आगामी विधानसभा चुनावों में प्रदेश की जनता कांग्रेस पार्टी को वोट के माध्यम से करारा जवाब देगी।

# कंक्रीट कार्य के चलते एक माह बंद रहेगा बारी-समाना मार्ग

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** सहायक अभियंता उपमंडल भवारना हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग भवारना द्वारा सूचित किया कि बारी से सांबा सड़क किलोमीटर 0/00 से 10/00 के अपग्रेडेशन का कार्य प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत चल रहा है तथा उक्त सड़क पर भाग बारी से समाना किलोमीटर 4/00 से 5/00 सीमेंट कंक्रीट डालने का कार्य करवाया जाना है। उक्त सड़क को 23 जनवरी से 23 फरवरी तक सभी प्रकार के छोटे-बड़े वाहनों के आवागमन के लिए अवरुद्ध रखा जाएगा, ताकि सीमेंट कंक्रीट डालने का कार्य सुचारु रूप से चल सके और सड़क को किसी भी प्रकार के नुकसान से बचाया जा सके।

वाहनों के आवागमन के लिए लोग वैकल्पिक मार्ग का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह जानकारी इंजीनियर राजेश कुमार चोपड़ा सहायक अभियंता हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग उपमंडल भवारना ने दी।

# सीयू कैंपस देहरा को 50 हेक्टेयर भूमि और मिलेगी : प्रो. बंसल

## कुलपति बोले- पीएम से मार्च में संभावित है देहरा कैंपस का उद्घाटन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने कहा कि देहरा कैंपस की भूमि के लिए विश्वविद्यालय ने 295 परिवारों से संवाद कर भूमि प्राप्त की है। आने वाले समय में देहरा में लगभग 50 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि और प्राप्त होगी।

प्रो. बंसल वीरवार को धर्मशाला कालेज के सभागार में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के 16वें स्थापना दिवस एवं सप्ताह समारोह की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। समारोह के समापन अवसर पर प्रो. बंसल ने कहा कि जदरांगल क्षेत्र में भी शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ होगा तथा मार्च माह में प्रधानमंत्री द्वारा देहरा कैंपस का उद्घाटन संभावित है।

9 फरवरी से इंटर यूनिवर्सिटी कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 56 पेटेंट विश्वविद्यालय के नाम पंजीकृत हुए हैं। देहरा में अंतरराष्ट्रीय छात्रावास का निर्माण किया गया है तथा पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय (यूएसए) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। समारोह में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि इस दौरान धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दूसरे महत्वपूर्ण चरण में विश्वविद्यालय की शोध अधोसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एडवांस्ड मैटीरियल्स प्रयोगशाला का उद्घाटन किया गया।

### विवि कैलेंडर व न्यूज लेटर का विमोचन

**विश्वविद्यालय** कैलेंडर 2026, विश्वविद्यालय न्यूज लेटर, विभिन्न शैक्षणिक केंद्रों के न्यूज लेटर तथा विवि द्वारा प्रकाशित पुस्तकों का विमोचन किया गया। सर्वश्रेष्ठ शिक्षक, सर्वश्रेष्ठ शोध शिक्षक एवं सर्वश्रेष्ठ शिक्षकेतर कर्मचारी को सम्मानित किया गया। डॉ. जनमेजय गुलेरिया को विश्वविद्यालय कुलगीत के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया गया। हिंदी दिवस, खेल स्पर्धाओं तथा ललित कला (फाइन आर्ट) विभाग की प्रदर्शनी में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर देहरा एवं धौलाधार परिसरों में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।

### सीयू को अंतरराष्ट्रीय जर्नल प्रारंभ करने का सुझाव

**विशिष्ट** अतिथि प्रो. भोला राम गुर्जर ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अनुसंधान में आत्मनिर्भरता आवश्यक है। उन्होंने भारत सरकार की 'वन नेशन,वन सब्सक्रिप्शन' पहल की सराहना करते हुए विश्वविद्यालय को अंतरराष्ट्रीय जर्नल प्रारंभ करने का सुझाव दिया।

# कृषि मंत्री ने किया ढगवार मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट का निरीक्षण


ढगवार मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट का निरीक्षण करते प्रो. चंद्र कुमार। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने वीरवार को धर्मशाला उपमंडल के ढगवार स्थित मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट परिसर का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को संयंत्र के निर्माण कार्य को तय समय सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए। कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इस परियोजना के लिए पूर्ण धनराशि उपलब्ध करवाई जा रही है और निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह अत्याधुनिक दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में मील का पत्थर साबित होगा। संयंत्र की प्रारंभिक प्रसंस्करण क्षमता 1.50 एलएलपीडी (लाख लीटर प्रतिदिन) होगी, जिसे भविष्य में बढ़ाकर 3.00 एलएलपीडी तक किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि संयंत्र के क्रियाशील होने से कांगड़ा, मंडी, हमीरपुर, चंबा और ऊना जिलों के लगभग 35,000 से अधिक दुग्ध उत्पादकों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस संयंत्र में प्रतिदिन 1.50 लाख लीटर दूध का प्रसंस्करण कर दही, लस्सी, मक्खन, घी, पनीर, फ्लेवर्ड मिल्क, खोया और मोजरेला चीज सहित विभिन्न प्रकार के डेयरी उत्पाद तैयार किए जाएंगे। इस अवसर पर उनके साथ अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## नशा माफिया को खुली चेतावनी, गरली पंचायत ने ली चिट्टा-मुक्ति की शपथ

# चिट्टा तस्कर की जानकारी दो और इनाम पाओ

अनंत ज्ञान


गरली पंचायत में लोगों को नशा विरोधी शपथ दिलाई। अनंत ज्ञान

**गरली।** गरली पंचायत की प्रधान शशिलता ने नशे के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का ऐलान करते हुए साफ शब्दों में कहा कि गरली में चिट्टा बेचने वालों के लिए कोई जगह नहीं है। एंटी-चिट्टा ग्रामसभा में प्रधान शशिलता ने दो टूक कहा कि यदि पंचायत क्षेत्र में किसी भी चिट्टा सप्लायर या नशा तस्कर की पुख्ता जानकारी मिलती है, तो सरकार द्वारा निर्धारित इनाम राशि दी जाएगी, जबकि सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गुप्त रखी जाएगी।

प्रधान शशिलता ने कहा कि उनके पांच साल के कार्यकाल में गरली पंचायत में चिट्टे का एक भी मामला दर्ज नहीं हुआ, जो पंचायत की सामूहिक जागरुकता और एकजुटता का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि गरली पंचायत को तंबाकू मुक्त पंचायत का प्रमाण पत्र मिल चुका है और टीबी मुक्त पंचायत का सम्मान भी पंचायत को प्राप्त हुआ है। अब अगला लक्ष्य चिट्टा मुक्त पंचायत का प्रमाण पत्र हासिल करना है। प्रधान ने नशा माफिया को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि गरली एक स्वच्छ, स्वस्थ और सुरक्षित पंचायत है और इसे बिगाडने् की किसी को इजाजत नहीं दी जाएगी।

ग्राम सभा में मौजूद ग्रामीणों ने नशे के खिलाफ शपथ लेते हुए पंचायत के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सीएचओ कुमारी सोनिका, आशा वर्कर सविता देवी, आंगनबाड़ी वर्कर सरला देवी, सुनीता, सविता, अमराज कौर तथा सरकारी स्कूल के अध्यापक अनूप कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत गरली की प्रधान शशिलता एवं आशा वर्कर शशि लता ने ग्राम सभा में मौजूद सभी स्थानीय लोगों को नशा विरोधी शपथ दिलाई।

# पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट की बैठक में लंबित मांगों पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट की राज्यस्तरीय बैठक डाडासीबा में आयोजित की गई, जिसमें पेंशनर्स की विभिन्न मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई और प्रदेश सरकार से शीघ्र कार्रवाई का आग्रह किया गया। जिला कांगड़ा पेंशन संघ के प्रधान कृष्ण स्वरूप शर्मा ने बैठक की सफलता का श्रेय खंड के महासचिव खियाल चंद, प्रधान रमेश, जिला कांगड़ा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बंसी लाल, मेला राम, यशपाल और सभी गणमान्य सदस्यों को दिया, जिन्होंने आयोजन को सुचारू और सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस दौरान 80 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनर्स को विशेष सम्मानित किया गया। साथ ही प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पेंशनर संघ के प्रधानों और वरिष्ठ पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। बैठक में पेंशनर्स ने सामाजिक और वित्तीय सुरक्षा, वृद्धावस्था भत्ते, स्वास्थ्य सुविधाओं और अन्य लाभों पर चर्चा की तथा सरकार से उनकी मांगों को प्राथमिकता पर लेने की अपील की।

# टीबी और एचआईवी जैसी बीमारियां सिर्फ जागरुकता से होंगी समाप्त : डॉ. राजेश

अनंत ज्ञान



राष्ट्रीय युवा दिवस पर गर्ल्स स्कूल नगरोटा में कार्यक्रम आयाजित। अनंत ज्ञान

**नगरोटा बगवां।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल गर्ल्स नगरोटा बगवां में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें वर्ष 2030 तक क्षयरोग (टीबी) और एचआईवी/एड्स के उन्मूलन पर विशेष जोर दिया गया। इस आयोजन की अध्यक्षता स्कूल के प्रधानाचार्य निखिल शर्मा ने की। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों ने भाग लिया और सतत विकास लक्ष्य-3 की प्राप्ति में युवाओं की भूमिका पर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजेश सूद, मेडिकल ऑफिसर हेल्थ एवं जिला क्षयरोग अधिकारी द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि टीबी और एचआईवी जैसी बीमारियां केवल दवाओं से नहीं, बल्कि जागरुकता, संवेदनशीलता और सामाजिक सहयोग से समाप्त होंगी। समय पर जांच, नियमित उपचार और समाज से मिलने वाला समर्थन ही इन बीमारियों के उन्मूलन की कुंजी है। युवा यदि ठान लें, तो टीबी और एचआईवी को हर घर, हर गली से खत्म किया जा सकता है। प्रधानाचार्य ने कहा कि युवा केवल स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लाभार्थी ही नहीं, बल्कि परिवर्तन के सशक्त भागीदार हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा, नेतृत्व क्षमता और सामुदायिक पहुंच टीबी और एचआईवी उन्मूलन के प्रयासों को नई दिशा दे सकती है। यदि युवा आगे आएं, तो 2030 तक इन बीमारियों के अंत का लक्ष्य अवश्य हासिल किया जा सकता है। कार्यक्रम में एचआईवी एवं एड्स (निवारण और नियंत्रण) अधिनियम के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया, जो एचआईवी के साथ जीवन जी रहे लोगों को भेदभाव से कानूनी संरक्षण, गोपनीयता और उपचार का अधिकार प्रदान करता है। प्रतिभागियों को जागरूकता फैलाने, मिथकों को दूर करने, सहकर्मी शिक्षा और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर जिला क्षय रोग केंद्र धर्मशाला से विशाल शर्मा, संजीव कुमार, अंकुश एवं मनोज तथा ब्लॉक पर्यवेक्षक संजीव चौधरी व समस्त अध्यापक उपस्थित रहे।

# शांता बोले- मैं धीरेंद्र शास्त्री की बात से सहमत नहीं

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने कहा कि धीरेंद्र शास्त्री केवल धार्मिक कथावाचक ही नहीं, बल्कि भारतीय राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक हैं, जिन्हें वे सम्मान देते हैं। हालांकि, शास्त्री के 'हर हिंदू परिवार चार बच्चे पैदा करे' सुझाव से वे सहमत नहीं हैं। उनका कहना है कि बढ़ती जनसंख्या ही गरीबी और बेरोजगारी की मूल वजह है।

भारत दुनिया के अमीर देशों में शामिल होने के बावजूद, सबसे अधिक गरीब और भूखे लोग यहां रहते हैं। उन्होंने हिंदुओं की जनसंख्या प्रतिशत घटने और मुस्लिम आबादी बढ़ने की ओर चिंता जताई और चेताया कि यही स्थिति रही तो भविष्य में भारत के लिए पाकिस्तान जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। शांता कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और धीरेंद्र शास्त्री से अपील की कि कॉमन सिविल कोड लागू करने के साथ 'हम दो, हमारे दो' और एक बच्चा पैदा करने वाले दंपति को अतिरिक्त सुविधा देने का कानून बनाकर जनसंख्या नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए।

**सम्मेलन** बिजली बोर्ड के निजीकरण का मार्ग होगा प्रशस्त, पेंशनर्स की सामाजिक सुरक्षा होगी प्रभावित : सुदीप

# बिजली संशोधन विधेयक कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए खतरा

अनंत ज्ञान



सम्मेलन को संबोधित करते राष्ट्रीय समन्वय समिति के संयोजक। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** बिजली संशोधन विधेयक का 2025 संस्करण इसके किसी भी पहले के संस्करण की तुलना में अधिक प्रतिगामी और खतरनाक है। यह सार्वजनिक उपयोगिताओं की वित्तीय स्थिरता, लोकतांत्रिक उपभोक्ता अधिकारों, देश के संघीय ढांचे और लाखों बिजली क्षेत्र के कर्मचारियों की आजीविका के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है।

यह बात बिजली कर्मचारी, अभियंता की राष्ट्रीय समन्वय समिति के संयोजक सुदीप दत्ता ने वीरवार को शाहपुर में बिजली कर्मियों, अभियंताओं व पेंशनर्स की संयुक्त कार्रवाई समिति द्वारा आयोजित सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि बिजली संशोधन बिल 2025 सीधा-सीधा बिजली बोर्ड के निजीकरण का रास्ता प्रशस्त होगा, जिससे कार्यरत कर्मचारियों की सेवा शर्तें प्रभावित होगी और बिजली बोर्ड के पेंशनर्स की सामाजिक सुरक्षा प्रभावित होगी। वहीं आउटसोर्स कर्मचारियों की सेवाएं खतरे में आ जाएगी। उन्होंने प्रस्तावित विद्युत (संशोधन) विधेयक, 2025 का विरोध करते हुए कहा कि इस विधेयक को केंद्र सरकार द्वारा इस बजट सत्र में पेश किए जाने की संभावना है। सुदीप दत्ता ने कहा विद्युत अधिनियम, 2003 के 22 वर्ष बाद तथा व्यापक संरचनात्मक सुधारों के बावजूद, विद्युत वितरण क्षेत्र गंभीर वित्तीय तनाव से ग्रस्त है। इस अवधि के दौरान वितरण उपयोगिताओं का संचयी घाटा 26,000 करोड़ से बढ़कर चिंताजनक 6.9 लाख करोड़ रुपए हो गया है। इस कड़वे अनुभव के बावजूद, भारत सरकार ने 2014 से बिजली अधिनियम में संशोधन को आगे बढ़ाने का लगातार प्रयास किया है। विधेयक का एक प्रमुख प्रावधान प्रतिस्पर्धा और उपभोक्ता की पसंद की आड़ में एक ही क्षेत्र में एक सामान्य सार्वजनिक नेटवर्क का उपयोग करके कई वितरण लाइसेंसधारियों को अनुमति देता है। हिमाचल प्रदेश के संदर्भ में, इससे निजी कंपनियों को बद्दी, नालागढ़, काला अंब जैसे उच्च राजस्व वाले औद्योगिक क्षेत्रों को चुनने की अनुमति मिल जाएगी, जबकि बिजली बोर्ड को कम राजस्व वाले ग्रामीण और घरेलू उपभोक्ताओं की सेवा करने के लिए छोड़ दिया जाएगा। वर्तमान में बिजली बोर्ड का लगभग 64 फीसदी राजस्व इन औद्योगिक क्षेत्रों से आता है और इनके नुकसान से उपयोगिता गंभीर रूप से प्रभावित होगी।

### क्रॉस-सब्सिडी को खत्म करने का प्रयास चिंताजनक : हीरा लाल

**ज्वॉइंट** एक्शन कमेटी के सह-संयोजक हीरा लाल वर्मा ने कहा कि तथाकथित कैरिज और कंटेंट्स का अलग करना मॉडल क्रॉस-सब्सिडी तंत्र को नष्ट कर देगा, सार्वजनिक उपयोगिताओं को कमजोर कर देगा और अंततः घरेलू उपभोक्ताओं के लिए उच्च टैरिफ का परिणाम होगा। एचपीएसईबीएल द्वारा पहले से ही शुरू किए जा रहे स्मार्ट मीटरिंग कार्यक्रम को बहु-लाइसेंसिंग की सुविधा प्रदान करने तथा निजी क्षेत्र के लिए प्रभावी रूप से रेड कार्पेट बिछाने के लिए एक तकनीकी शर्त के रूप में आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्रॉस-सब्सिडी को खत्म करने का केंद्र सरकार का लगातार प्रयास विशेष रूप से चिंताजनक है। क्रॉस-सब्सिडी को हटाने से गरीब, ग्रामीण और घरेलू उपभोक्ताओं के लिए टैरिफ में भारी वृद्धि होगी, जिससे उन पर असहनीय बोझ पड़ेगा। बिजली बोर्ड के कर्मचारियों, इंजीनियरों, पेंशनभोगियों की संयुक्त कार्रवाई समिति ने बिजली (संशोधन) विधेयक, 2025 को तत्काल वापस लेने और बिजली को एक सामाजिक अधिकार के रूप में मान्यता देने की मांग की है।

## भारद्वाज मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल अरला ने बंदाहू में लगाया स्वास्थ्य शिविर

# 95 रोगियों का मुफ्त चेकअप, बांटी दवाई



बंदाहू के बस स्टैंड चौक के समीप निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में कि मधुमेह व अन्य परीक्षण। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**जयसिंहपुर।** भारद्वाज मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल अरला की ओर से बंदाहू के बस स्टैंड चौक के समीप वीरवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें निशुल्क मधुमेह तथा अन्य परीक्षण और निशुल्क दवाएं वितरित की। इस शिविर में बीएमएच के डायरेक्टर डॉ. प्रेम भारद्वाज और सीईओ राधिका शर्मा के दिशा निर्देश में स्पेशल टीम ने भाग लिया। इस शिविर में 95 रोगियों की जांच की गई। कैंप का आयोजन सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे तक किया गया। यह जानकारी अस्पताल के निदेशक डॉ. प्रेम भारद्वाज ने दी।

# सुक्खू ने सुलह हलके को दी 76.41 करोड़ की सौगात

## मुख्यमंत्री ने नव स्तरोन्नत तहसील सुलह का किया शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांगड़ा जिले के सुलह विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे के दौरान लगभग 76.41 करोड़ रुपए की 14 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास किए। मुख्यमंत्री ने नए तहसील कार्यालय सुलह का लोकार्पण भी किया।

मुख्यमंत्री ने हमीरपुर, सुजानपुर, थुरल, मारंडा मार्ग पर मौल खड्ड पर 12.57 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित दो लेन पुल और मलाग से मलाहा लिंक रोड पर मौल खड्ड पर 3.57 करोड़ रुपए से निर्मित पुल का लोकार्पण किया। उन्होंने धीरा में 10.82 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित संयुक्त कार्यालय भवन, 5.02 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन धीरा, खरूल में 16 लाख रुपए की लागत से बने स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन, भोडा में 15 लाख रुपए की लागत से बने स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन, 25 लाख रुपए की लागत से बने स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन कोना, 89 लाख रुपए की लागत से बने पशु चिकित्सालय भवन सुलह, मूंधी में 49 लाख की लागत से बने पशु औषधालय भवन तथा 50 लाख की लागत से राजकीय उच्च विद्यालय भट्ठ समूला में अतिरिक्त आवासीय सुविधा का उद्घाटन किया। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने तहसील पालमपुर में पेयजल आपूर्ति योजना झरेत राजहूं और पेयजल आपूर्ति योजना परौर खरोत के जल वितरण प्रणाली के 5.45 करोड़ रुपए के सुधार कार्य तथा भावरना और भेडू महादेव ब्लॉक के कुछ हिस्सों और घलून (मलनून) के लिए परौर एवं अन्य गांवों के लिए 31.69 करोड़ रुपए की लागत की जल आपूर्ति योजना का उद्घाटन किया। उन्होंने 2.87 करोड़ रुपए की लागत से गल्लू भोडा से शिवनगर मार्ग पर मोल खड्ड पर निर्मित होने वाले पुल व तहसील धीरा में चौधरी तारा चंद राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गग्गल के दो करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले अतिरिक्त परिसर की आधारशिला भी रखी।



76.41 करोड़ रुपए की 14 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास करते मुख्यमंत्री सुक्खू। अनंत ज्ञान

## इंटक प्रतिनिधिमंडल ने कल्याण बोर्ड में इंटक का सदस्य बनाने का किया आग्रह

**अनंत ज्ञान, डरोह।** हिमाचल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन एवं मनरेगा मजदूर यूनियन (इंटक) ने मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश से आग्रह किया कि श्रम एवं अन्य सन्निर्माण श्रम कल्याण बोर्ड में इंटक के किसी पदाधिकारी को सदस्य नामित किया जाए। इस संबंध में यूनियन की ओर से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खु से सुलह में इंटक का प्रतिनिधिमंडल मिला। एक पत्र भेंट करते हुए इंटक जिला कांगड़ा के अध्यक्ष संजय सैनी व कार्यकारिणी ने मुख्यमंत्री के कांगड़ा दौरे पर उनका स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि अगस्त 2023 में स्व. सीता राम सैनी के स्वर्गवास होने के बाद से इंटक का कोई भी पदाधिकारी श्रम कल्याण बोर्ड में सदस्य नहीं बनाया गया है। इससे मजदूरों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से बोर्ड के समक्ष रखने में कठिनाई आ रही है।

## अधीक्षक ग्रेड-2 के पद समाप्त न करे सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अराजपत्रितकर्मचारी सेवाएं महासंघ जिला कांगड़ा के प्रधान अश्विनी कुमार पलिया की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री से मिला। महासंघ ने मुख्यमंत्री से विशेष अनुरोध किया कि जो लोक निर्माण विभाग में अधीक्षक ग्रेड 2 के पद समाप्त न किए जाएं। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि वह इस मामले में गंभीरता से सोचेंगे तथा कर्मचारी हित में ही फैसला देंगे। जिला अराजपत्रित महासंघ प्रधान के ध्रुव सिंह भूरिया, उपाध्यक्ष प्रदेश मनोहर लाल सिंह, राकेश कुमार, सुभाष कुमार, प्रमोद कुमार एवं बहुत से अन्य कर्मचारी भाइयों ने मिलकर मुख्यमंत्री अनुरोध किया है कि वह अधीक्षक ग्रेड 2 के पद को समाप्त न करें।

# 1200 परिवारों को एक माह के भीतर दी जाएं नियुक्तियां

## करुणामूलक संघ ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



मुख्यमंत्री सुक्खू को ज्ञापन सौंपता करुणामूलक संघ। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** करुणामूलक संघ हिमाचल प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष अजय कुमार के नेतृत्व में करुणामूलक आश्रितों ने वीरवार को सुलह में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह से मिलकर अपनी समस्याओं बारे ज्ञापन सौंपा।

अजय कुमार का कहना है कि हाल ही में मुख्यमंत्र ने आय सीमा 3 लाख फ्लैट की है, उसमें स्क्रीनिंग के बाद लगभग 1200 के आसपास परिवार आ रहे हैं। इन परिवारों को एक महीने के भीतर नियुक्तियां दी जाएं और साथ ही जो परिवार 3 लाख के दायरे में आ रहे हैं, परंतु पूर्व में रिजेक्ट होने के कारण नौकरी से वंचित रह रहे हैं, उन परिवारों के लिए आगामी बजट में प्रावधान किया जाए, ताकि इन परिवारों के साथ न्याय हो सके व इनको भी नौकरी का मौका मिल सके। संघ की मांगों में जो परिवार 3 लाख फ्लैट और विभागों की स्क्रीनिंग कमेटी के द्वारा पात्र पाए गए हैं, ऐसे लगभग 100 परिवार है, उन्हें 1 महीने के भीतर नियुक्तियां प्रदान की जाए। करुणामूलक आधार पर जो केस किसी कारणवश रिजेक्ट है और 3 लाख के दायरे के अंदर हैं, उनका बजट में प्रावधान किया जाए और उन परिवारों को भी एकमुश्त नौकरियां दी जाए।

## बिजनेस में निवेश करवाकर पांच लाख रुपए ठगे, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला पुलिस कांगड़ा के तहत एक युवती को झांसे में लेकर लाखों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस थाना नगरोटा बगवां में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार, तहसील नगरोटा बगवां की युवती ने शिकायत की है कि बिजनेस में निवेश के नाम पर अज्ञात व्यक्ति ने उसे झांसे में फंसाया और उससे लाखों रुपए निवेश करवाए। वहीं, ठगी का शिकार होने का पता चलने के बाद पीड़ित युवती ने पुलिस को इस मामले की शिकायत दी।

इसके बाद पीड़ित को मेनूप्लेट करके करके इससे 500000 रुपए की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना नगरोटा बगवां में भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी कांगड़ा बीर बहादुर ने बताया कि पीड़ित युवती की शिकायत के आधार पर पुलिस जिला के नगरोटा बगवां थाने में झांसा देकर ठगी का मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

## संस्कृत विश्वविद्यालय बलाहर में तीन दिवसीय स्वामी विवेकानंद खेल स्पर्धा आज से

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, संस्कृत विश्वविद्यालय बलाहर शाखा की ओर से तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

स्वामी विवेकानंद खेल प्रतियोगिता का आयोजन 23, 24 एवं 25 जनवरी को संस्कृत विश्वविद्यालय बलाहर परिसर में किया जाएगा, जिसमें कबड्डी, खो-खो, शतरंज, वॉलीबाल, स्प्रिंट, रस्साकशी और बैडमिंटन जैसी प्रमुख खेल प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। आयोजन का उद्देश्य युवाओं को शारीरिक, मानसिक और नैतिक रूप से सशक्त बनाना है।

एबीवीपी इकाई अध्यक्ष प्रशांत ने बताया कि इन खेल प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में देशभक्ति, स्वाभिमान, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता को विकसित करना तथा युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना है। प्रतियोगिता के विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को कुल 40 हजार रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता से संबंधित अधिक जानकारी एवं पंजीकरण के लिए प्रशांत (8091190509) और दिवेश (8091923072) से दूरभाष पर संपर्क किया जा सकता है।

# सांसद अनुराग धर्मशाला से शुरू करेंगे अनूठी पहल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय राजनीति में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के पैरोकार रहे हैं और विभिन्न मंचों से वे 1 लाख ऐसे युवाओं को राजनीति में लाने की बात कह चुके हैं, जिनके परिवार से कोई सक्रिय राजनीति का हिस्सा न हो।

भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के पद पर निर्वाचन के बाद प्रधानमंत्री ने पुन: यह बात दोहराई। इसी के दृष्टिगत पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर प्रदेश के युवाओं को राजनीति, पॉलिसी, व नेतृत्वकर्ताओं की अगली पीढ़ी को तैयार करने के उद्देश्य से 23 जनवरी को धर्मशाला से एक लीडरशिप फेलोशिप प्रोग्राम शुरू करने जा रहे हैं, जिसके अंतर्गत प्रथम चरण में वरिष्ठ पत्रकारों, प्रतिष्ठित संस्थानों व जेन-जी इन्फ्लूएंसरों के साथ एक संवाद कार्यक्रम व बैठक करेंगे। अनुराग ठाकुर ने कहा कि पीएम मोदी ने विभिन्न मंचों से 1,00,000 युवाओं को राजनीति में लाने का आह्वान किया है। प्रदेश के युवाओं को राजनीति में लाने, पॉलिसी में उनकी समझ और विकसित करने, नेतृत्वकर्ताओं की अगली पीढ़ी तैयार करने व उनकी क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय भागीदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से मैंने एक लीडरशिप फेलोशिप प्रोग्राम शुरू करने का निर्णय लिया है। यह लीडरशिप, फेलोशिप कार्यक्रम अपनी तरह का अनूठा कार्यक्रम है और इसका उद्देश्य हिमाचल प्रदेश के हजारों युवाओं को समाज में सकारात्मक असर डालने के लिए आवश्यक कौशल, समझ व नेतृत्व गुणों का विकास करना है। इसी क्रम में दिल्ली में भाजपा हिमाचल युवा मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों व जिला अध्यक्षों के साथ सुखद भेंट के दौरान पीएम के 1 लाख युवाओं को राजनीति में लाने के विजन, सामाजिक जीवन में युवाओं की भागदारी बढ़ाने व युवाशक्ति की ऊर्जा को राष्ट्रनिर्माण में लगाने पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को राजनीति कुशल, शासन दक्ष, नीतिपरक समझ व सामाजिक तौर पर संवेदनशील नेतृत्व की अगली पीढ़ी तैयार करने का माध्यम मान सकते हैं आज भारत दुनिया का सबसे युवा राष्ट्र है।

उन्होंने कहा कि हम अपने युवाओं की शक्ति को देश की सबसे बड़ी संपत्ति मानते हैं। इसी विश्वास और आत्मविश्वास के साथ हम हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं और मोदी सरकार युवाओं को ध्यान में रख कर कई नीतियां बना रही है। देश के युवाओं को सशक्त बनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने को लेकर मेरा युवा भारत (माई भारत) केंद्र सरकार की एक ऐतिहासिक पहल बनकर उभरा है।



सांसद अनुराग आज करेंगे लीडरशिप फेलोशिप प्रोग्राम शुरू। अनंत ज्ञान

## एसडीएम ने राज्यस्तरीय पूर्ण राज्यत्व दिवस समारोह की तैयारियों का लिया जायजा

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, देहरा।** राज्यस्तरीय पूर्ण राज्यत्व दिवस समारोह के सफल आयोजन को लेकर एसडीएम कुलवंत सिंह पोटन ने वीरवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्र), परागपुर के खेल मैदान का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

इस अवसर पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम से जुड़ी व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। एसडीएम ने मंच व बैठने की समुचित व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, पार्किंग, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था तथा चिकित्सा सुविधाओं सहित सभी आवश्यक प्रबंधों को समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह राज्य स्तरीय कार्यक्रम है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सभी विभाग आपसी समन्वय और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, ताकि समारोह सुव्यवस्थित, सुरक्षित और गरिमामय ढंग से संपन्न हो सके।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल के आसपास यातायात व्यवस्था सुचारू रहे और आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## महिला मंडलों को दी योजनाओं की जानकारी

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश के सौजन्य से तहसील कल्याण अधिकारी नगरोटा बगवां द्वारा ब्लॉक समिति कक्ष में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में तहसील कल्याण अधिकारी दीपाली तोमर ने ब्लॉक नगरोटा बगवां की महिला मंडलों को कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्थानीय पुलिस विभाग से एसआई राकेश कुमार ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत कानूनी प्रावधानों, शिकायत प्रक्रिया और पीड़ितों को मिलने वाले संरक्षण उपायों की जानकारी दी। वहीं अभिवक्ता रितु बाला ने कानून से जुड़े अधिकारों, राहत एवं पुनर्वास से संबंधित प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। शिविर का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाकर सामाजिक न्याय को सुदृढ़ करना रहा।

# क्रैक एकेडमी ने बैजनाथ में खोला केंद्र

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** बैजनाथ में क्रैक एकेडमी खुलने से दूरदराज के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा में लाभ महंगे खर्चे से निजात मिलेगी। क्रैक एकेडमी बैजनाथ सेंटर का वीरवार को शुभारंभ एसडीएम बैजनाथ संकल्प गौतम द्वारा किया गया।

बैजनाथ क्रैक एकेडमी के पार्टनर राजकुमार सूद व विनोद जसवाल ने बताया कि क्रैक एकेडमी भारत का ऐसा पहला अटैक प्लेटफार्म है, जो टियर 2 और टियर 3 शहरों के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में छात्रों को यूपीएससी, एसएससी, बैंकिंग, एनडीए, जेईई, नीट आदि के साथ-साथ अन्य राज्यस्तरीय परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाएगी।

इस अकादमी के खुलने से अब युवाओं को इन परीक्षाओं की तैयारी के लिए चंडीगढ़, दिल्ली, कोटा जैसे बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। अपने शहर में ही युवाओं को यह सुविधा प्राप्त होगी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के साथ-साथ क्रैक एकेडमी छात्रों को टाइम मैनेजमेंट एग्जाम प्रिपरेशन स्ट्रेटजी और व्यक्तिगत विकास में संतुलन जैसे विषयों पर भी टिप्स देगी। क्रैक एडटेक का हिमाचल सरकार के साथ एमओयू साइन हुआ है, जिसके तहत हिमाचल प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में अपना केंद्र संचालित करेगी। इससे पूर्व क्रैक एकेडमी हिमाचल प्रदेश के समस्त सरकारी स्कूलों व महाविद्यालयों को अपनी स्कॉलरशिप परीक्षा करवा चुकी है, जिसके तहत बच्चों को उनकी परफॉर्मेंस के आधार पर शत प्रतिशत 90 फीसदी, 75 फीसदी तथा 50 फीसदी तक के स्कॉलरशिप प्रदान किए जा रहे हैं। इन प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी 45 दिन के क्रैक कोर्स आरंभ किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूपीएससी बैच 25 जनवरी से आरंभ हो रहा है तथा जेईई और नीट का 10वीं से 11वीं में जा रहे बच्चों का बैच भी आरंभ हो रहा है।



क्रैक एकेडमी सेंटर का शुभारंभ के दौरान एसडीएम संकल्प गौतम। अनंत ज्ञान

# फरवरी में धर्मशाला बस स्टैंड से ओल्ड एमसी ऑफिस तक अंडर ग्राउंड केबल की कमिशनिंग शुरू करेगा विद्युत बोर्ड

## शिक्षा बोर्ड से डीआरडीए तक शुरू हो चुकी है कमिशनिंग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** स्मार्ट सिटी धर्मशाला में अंडर ग्राउंड केबल डालने का कार्य पुन: शुरू किया गया है। विद्युत बोर्ड मंडल धर्मशाला ने बस स्टैंड से ओल्ड एमसी ऑफिस तक अंडर ग्राउंड केबल की कमिशनिंग फरवरी माह में शुरू करने का लक्ष्य तय किया है।



बस स्टैंड से लेकर ओल्ड एमसी ऑफिस तक डाली गई अंडर ग्राउंड केबल में जो भी समस्या सामने आ रही है, उसे स्मार्ट सिटी के साथ मिलकर विद्युत बोर्ड की ओर से सुलझाया जा रहा है। धर्मशाला शहर में स्मार्ट रोड़ के साथ स्मार्ट सिटी द्वारा उपलब्ध करवाए गए बजट के आधार पर स्कूल शिक्षा बोर्ड से लेकर डीआरडीए से लेकर पीएनबी सर्किल कार्यालय धर्मशाला तक अंडर ग्राउंड केबल डालने का कार्य पूरा किया जा रहा है। वहीं, धर्मशाला बस स्टैंड से नगर निगम कार्यालय तक अंडर ग्राउंड केबल डालने का कार्य पूरा किया जा चुका है। फरवरी में इस कार्य को पूरा करके इसे ट्रायल आधार पर चालू करने की बात विद्युत बोर्ड कह रहा है।

**22 लाख की बिल पेंडेंसी पर 18 लाख की रिकवरी :** धर्मशाला विद्युत बोर्ड मंडल कार्यालीय द्वारा जनवरी माह में समय पर बिजली बिल भुगतान न करने पर 692 के करीब टेम्परेरी डिसकनेक्शन ऑर्डर (टीडीसीओ) जारी किए गए हैं, जिसकी एवज में 22 लाख की बिल पेंडेंसी थी। टीडीसीओ जारी होने के बाद उपभोक्ताओं ने करीब 18 लाख रुपये के बिल जमा करवा दिए हैं, जबकि बोर्ड शेष पेंडेंसी को भी जल्द रिकवर करने हेतू प्रयासरत है। धर्मशाला शहरी क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं, जो कि बिल अदायगी न होने पर आटोमेटिक डिसकनेक्ट हो जाते हैं।



धर्मशाला में शिक्षा बोर्ड से डीआरडीए तक अंडर ग्राउंड केबल कार्य पूरा कर कमिशनिंग कर दी गई है। इससे आगे पीएनबी सर्किल कार्यालय तक का कार्य पूरा किया जा रहा है। बस स्टैंड से ओल्ड एमसी ऑफिस तक फरवरी में अंडर ग्राउंड केबल कमिशनिंग कर दी जाएगी। इस माह 22 लाख रुपए की बिल पेंडेंसी पर 692 टीडीसीओ जारी किए गए थे, जिस पर 18 लाख रुपए की रिकवरी हो चुकी है, शेष के प्रयास जारी हैं।

**विकास ठाकुर, एक्सईएन, विद्युत मंडल धर्मशाला**

# जयसिंहपुर में अखंड रामायण पाठ



श्रीराम मंदिर की दूसरी वर्षगांठ पर जयसिंहपुर में हवन यज्ञ कर भंडारे का आयोजन किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर।** श्रीराम सेवा समिति जयसिंहपुर की ओर से जानकी नाथ मंदिर में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की दूसरी वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समिति की ओर से जानकारी देते हुए रविंद्र जग्गी ने बताया कि 21 जनवरी प्रात: 8 बजे अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया और वीरवार प्रात: 9 बजे अखंड रामायण पाठ का समापन व हवन का आयोजन किया गया और दोपहर 12 बजे भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन रवि कथानिया के सहयोग से किया गया।

## युवाओं ने पैसे लौटाकर पेश की ईमानदारी की मिसाल

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** इंदौरा क्षेत्र के न्याजपुर निवासी अक्षय कुमार और उनके मित्र साजन मेहरा ने ईमानदारी की अनुकरणीय मिसाल पेश की है। दोनों युवकों ने थाना नूरपुर पहुंचकर सूचना दी कि एसबीआई एटीएम से एक बुजुर्ग व्यक्ति के पैसे निकालने के बाद मशीन से 10,000 रुपए अतिरिक्त बाहर आ गए थे। काफी तलाश के बावजूद बुजुर्ग नहीं मिले, तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया। पुलिस जांच में बुजुर्ग की पहचान अशोक कुमार निवासी भाली, तहसील जवाली के रूप में हुई। वीरवार को पूरी राशि उन्हें वापस लौटा दी गई। नूरपुर पुलिस ने अक्षय कुमार और साजन मेहरा की ईमानदारी और जिम्मेदार नागरिकता की सराहना की

**रोष** लंज क्षेत्र में महिला मंडलों और पंचायतों की सैकड़ों महिलाओं ने सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

# स्मार्ट मीटर के विरोध में महिला मंडलों का प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर लगाने के खिलाफ विरोध के स्वर तेज हो गए हैं। जिला कांगड़ा के लंज क्षेत्र में महिला मंडलों और पंचायतों की सैकड़ों महिलाओं ने रैली निकाल सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

इस मौके पर रेखा देवी प्रधान अपर लंज, आशा कुमारी, प्रधान लंज खास, जन्म सिंह गुलेरिया, अध्यक्ष, चंगर संघर्ष समिति, महिला मंडल प्रधान, सीमा कुमारी, फेरा, महिला मंडल, प्रधान शारदा देवी, अपर लंज महिला मंडल प्रधान, चकवन लंज, निशा देवी, महिला मंडल कौडियां प्रधान संतोष कुमारी महिला मंडल काहलिया, प्रधान सुदेश कुमारी, कैलाश महिला मंडल समलेटा, प्रधान शशि कुमारी, महिला मंडल झीकला लंज प्रधान सुमंगला देवी, वार्ड सदस्य तिलको देवी शक्ति चंद, अनीता देवी, सुनीता, अंजू देवी, चंद्रशेखर, राकेश कुमार, रूबी देवी, सहायता समूह की अंजू वाला, अंजना, अनुपमा, शिवानी सहित करीबन 200 महिलाओं पुरुषों व युवा वर्ग ने केंद्र और राज्य सरकार पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने आरोप लगाया कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाना दरअसल बिजली बोर्ड के निजीकरण की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली वितरण के लिए निजी कंपनियों को लाइसेंस दिए जाएंगे। इससे बिजली जैसी मूलभूत सुविधा पर आम जनता का नियंत्रण खत्म हो जाएगा और कंपनियों की मनमानी बढ़ेगी। हिमाचल की वर्तमान कांग्रेस सरकार भी इस मामले में पीछे नहीं है और स्मार्ट मीटरों को लगाने की प्रक्रिया शुरू कर चुकी है। उन्होंने कहा कि किसी भी स्कीम को शुरू करने से पहले पंचायतों में आम सभा करके बताया जाता है, लेकिन स्मार्ट मीटर लगाने के बारे में उन्हें जानकारी नहीं दी गई। महिलाओं ने कहा कि हिमाचल के बहुत से लोग ऐसे हैं जिन्हें स्मार्ट फोन चलाना नहीं आता या यूं कहे कि गरीबी के कारण लोग अपना एक महीने में बिल देने को भी मजबूर होते हैं। स्मार्ट मीटर से उन लोगों का बिजली का हो छीना जा रहा है। उन्होंने चेताया कि कोई भी कर्मचारी अगर जबरन घर में मीटर लगाने आया तो उसका विरोध किया जाएगा साथ ही आज के प्रदर्शन के बाद अगर केंद्र व राज्य सरकार ने हमारी नहीं सुनी तो जल्द ही चक्का जाम कर उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।



स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर लगाने के खिलाफ रैली निकालकर प्रदर्शन करती महिलाएं। अनंत ज्ञान

## न्यूज ब्रीफ

### डीसी ऑफिस का वरिष्ठ सहायक निलंबित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** निदेशक, भूमि अभिलेख हिमाचल प्रदेश, शिमला-9 ने जिला बिलासपुर में उपायुक्त कार्यालय में कार्यरत वरिष्ठ सहायक सुभाष चंद के विरुद्ध आपराधिक मामले की जांच प्रचलित होने के कारण तथा दिनांक 20 जनवरी 2026 को 48 घंटे से अधिक अवधि तक हिरासत में रहने के फलस्वरूप उन्हें निलंबित कर दिया गया है। इस बारे पुष्टि करते हुए उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1965 के नियम-10 की उपनियम (2) के अंतर्गत सुभाष चंद को उनकी हिरासत की तिथि 20 जनवरी 2026 से निलंबित माना गया है तथा आगामी आदेशों तक निलंबन की अवस्था में रहेंगे।

### विधायक जम्वाल ने प्रधानमंत्री का जताया आभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हृदय से आभार प्रकट किया है। विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से बिलासपुर सदर विधानसभा क्षेत्र विकास की राह पर लगातार आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज-4 के तहत क्षेत्र की भराथू-जंगल झलेड़ा और सोलग-जुरासी सड़कों के निर्माण के लिए लगभग सत्रह करोड़ बारह लाख रुपये की स्वीकृति मिली है। उन्होंने कहा कि इन सड़कों के बनने से पहली बार कई गांव सड़क सुविधा से जुड़ेंगे, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने में मदद मिलेगी और आम लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा।

### प्रश्नोत्तरी में एपीजे अब्दुल कलाम सदन अव्वल

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जेजवीं में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत आयोजित की जा रही विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में से सड़क सुरक्षा पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य अनिल शर्मा ने की। अंतर सदनीय इस प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया कनिष्ठ वर्ग में कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थी तथा वरिष्ठ वर्ग में कक्षा नौवीं से बारहवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कनिष्ठ वर्ग में डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम सदन के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान, सुनीता विलियम्स सदन ने दूसरा स्थान तथा कल्पना चावला सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ वर्ग में कल्पना चावला सदन ने प्रथम स्थान, सुभाष चंद्र बोस सदन ने द्वितीय तथा एपीजे अब्दुल कलाम सदन ने तृतीय स्थान हासिल किया।

### डिजिटल दुनिया में सतर्क रहने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, भगेड़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समोह में व्यावसायिक पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के लिए साइबर सिक्योरिटी विषय पर एक विशेष गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. रितेश (पीएचडी, भौतिकी) ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को संबोधित किया। डॉ. रितेश ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के महत्व, साइबर अपराध के प्रकार, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव, सुरक्षित पासवर्ड के उपयोग तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित प्रयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक किया और डिजिटल दुनिया में सतर्क रहने का संदेश दिया। विद्यालय प्रशासन एवं अध्यापकों ने डॉ. रितेश का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के व्याख्यान विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ उनके भविष्य के लिए भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं। विद्यार्थियों ने भी इस गेस्ट लेक्चर को बहुत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताया।

### कहलूर में हैंडबॉल का प्रशिक्षण शिविर आरंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर की गोबिंद सागर झील किनारे स्थित कहलूर खेल परिसर में हैंडबॉल का 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया है। जिसमें देशभर से जवाहर नवोदय स्कूल की करीब 20 खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहीं हैं। इनमें दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड, जम्मू कश्मीर, चंडीगढ़ एवं राजस्थान की खिलाड़ी शामिल हैं। यह प्रशिक्षण शिविर 30 जनवरी तक चलेगा। इसमें युवा एवं खेल विभाग के हैंडबॉल कोच मनोज ठाकुर खिलाड़ियों को हैंडबॉल की बारीकियां सीखा रहे हैं। उन्होंने बताया कि देश भर से आई खिलाड़ी बहुत ही होनहार हैं। सभी खिलाड़ी उत्साहित होकर प्रैक्टिस कर रहे हैं। खिलाड़ियों को हैंडबॉल की बारीकियां सिखाई जा रही हैं। वहीं, उनके साथ वसीम खान असिस्टेंट कोच के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### शाहतलाई में पढ़ाया सड़क सुरक्षा का पाठ

**अनंत ज्ञान, शाहतलाई।** शाहतलाई स्थित बाबा बालक नाथ जी की तपोभूमि में परिवहन विभाग के सौजन्य से सड़क सुरक्षा व जीवन रक्षा को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में टैक्सी यूनियन, निजी स्कूलों तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई, वहीं टैक्सी चालकों की आंखों की जांच भी करवाई गई। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी बिलासपुर राजेश कौशल ने कहा कि सड़क सुरक्षा में वाहन चालकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने सीट बेल्ट, हेलमेट, गति सीमा, नशा व मोबाइल से दूरी तथा यातायात संकेतों के पालन पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के बाद पहले एक घंटे (गोल्डन ऑवर) में 108 एंबुलेंस को सूचना देना और प्राथमिक सहायता देना जरूरी है। भारत सरकार की योजना के तहत दुर्घटना पीड़ितों को आयुष्मान भारत में 1.5 लाख रुपए तक का निशुल्क इलाज तथा मदद करने वाले को 25,000 रुपए तक का इनाम मिल सकता है।

### हिमालय महोत्सव 'व्यास उत्सव' का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** मां दुर्गा मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के उपरांत अखिल हिमालय महोत्सव 'व्यास उत्सव' का शुभारंभ मेला मैदान में मुख्यातिथि प्रमुख समाजसेवी, गौ सेवक एवं प्रति समाज सेवा समिति के अध्यक्ष सुनील शर्मा द्वारा रिबन काटकर किया गया। इस अवसर पर समारोह की अध्यक्षता व्यापार मंडल के महासचिव तरुण टाडू ने की। इस अवसर पर मुख्यातिथि को शॉल, टोपी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में मुख्यातिथि ने युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश देते हुए पर्यावरण संरक्षण, गौ संरक्षण एवं अन्य समाजसेवी कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मेला परिसर में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का भी अवलोकन किया।

### जेरख-हुड्डू के 17 परिवार भाजपा में शामिल

**अनंत ज्ञान, बरमाणा।** सदर विधानसभा क्षेत्र की धारटटोह पंचायत के जेरख-हुड्डू गांव के 17 परिवारों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इन परिवारों ने पानी और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं के अभाव से नाराज होकर यह निर्णय लिया। धारटटोह में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने उन्हें पार्टी का पटका पहनाकर भाजपा में स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि गांव में आज तक पक्की सड़क और नियमित पेयजल सुविधा उपलब्ध नहीं है। लोगों को दूर स्थित प्राकृतिक जलस्रोतों से पानी लाना पड़ता है, जिससे घरेलू और कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं। विधायक ने उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया।

### गुरु रविदास प्रकाश पर्व पहली फरवरी को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** संत शिरोमणी गुरु रविदास का प्रकाश पर्व आगामी 1 फरवरी को रौड़ा सेक्टर नजदीक सब्जी मंडी गुरूद्वारा, मंदिर में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए श्री गुरु रविदास जी महाराज सभा बिलासपुर के प्रधान मदन लाल और संयोजक भंडारू राम ने बताया कि रविवार एक फरवरी को होने वाले इस कार्यक्रम में प्रातः 11 बजे ध्वजा आरोहण कार्यक्रम होगा तीा सवा 11 बजे से दो बजे तक भजन कीर्तन होगा। इसके बाद तीन बजे से अटूट लंगर का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने सभी धर्म प्रेमियों से इस कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर भाग लेने की अपील की है।

### सब-जूनियर वॉलीबॉल के लिए ट्रायल 8 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला वॉलीबॉल संघ बिलासपुर के प्रधान अनूप महाजन और सचिव अंकित चोपड़ा ने बताया कि सब.जूनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए ट्रायल आगामी 8 फरवरी 2026 रविवार को विक्रम सिंह बत्रा मैदान पालमपुर में सुबह 10 बजे आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस चयन प्रक्रिया में 1 जनवरी 2010 या उसके बाद जन्में खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिला बिलासपुर के जो भी सब-जूनियर वॉलीबॉल खिलाड़ी इसमें भाग लेना चाहते हैं, वे अपने साथ आयु प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड अवश्य लेकर आएं। ट्रायल में भाग लेने हेतु खिलाड़ी जिला प्रधान अनूप महाजन एवं जिला सचिव अंकित चोपड़ा से संपर्क कर आवश्यक अनुशंसा पत्र ट्रायल पत्र बनवा लें।

### मरीजों को वितरित किया इम्यूनिटी बूस्टर काढ़ा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुखविंदर कौर ने बताया कि जलवायु परिवर्तन के कारण फैलने वाली मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए जिला आयुर्वेद चिकित्सालय बिलासपुर में निशुल्क इम्यूनिटी बूस्टर काढ़ा उपलब्ध कराया जा रहा है। इस पहल के तहत रोगियों और आम नागरिकों को विभिन्न प्रकार के आयुर्वेदिक काढ़ों का सेवन करवाया जा रहा है। डॉ. सुखविंदर कौर ने बताया कि मौसम में अचानक बदलाव के कारण सर्दी, खांसी और बुखार जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में गिलोय, तुलसी, दालचीनी और सोंठ से तैयार आयुर्वेदिक काढ़ा शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को प्राकृतिक रूप से मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि यह काढ़ा जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय में पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध है और आमजन से इसका लाभ उठाने की अपील की गई है।

# जल्द शुरू होगा नशा मुक्ति केंद्र का काम

## जिला परिषद की त्रैमासिक बैठक में जनहित से जुड़े अहम मुद्दों पर की गई चर्चा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला मुख्यालय में वीरवार को जिला परिषद की त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्षा बिमला देवी ने की। बैठक में जिले में चल रहे विकास कार्यों, जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों तथा विभागीय योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।


जिला परिषद की बैठक में भाग लेते सदस्य और विभागों के अधिकारी। अनंत ज्ञान

बैठक के दौरान जिला परिषद उपाध्यक्ष मानसिंह ने स्वाहण से कटीरड पंगवाना तथा पंजपौड़ा से कोठी हरयाला मियोठ कल्लरी संपर्क सड़कों के निर्माण का मुद्दा उठाया। इस पर लोक निर्माण विभाग से जानकारी ली गई, जिसमें अधिशासी अभियंता ने बताया कि दोनों सड़कों के लिए डीपीआर तैयार की जा चुकी है, लेकिन फॉरेस्ट क्लीयरेंस रिपोर्ट अभी प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जैसे ही फॉरेस्ट क्लीयरेंस मिलती है, निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा किया जाएगा। बैठक में स्वारघाट में प्रस्तावित नशा मुक्ति केंद्र की नवीनतम प्रगति रिपोर्ट पर भी चर्चा हुई। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि नशा मुक्ति केंद्र का कार्य शीघ्र आरंभ किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में नशे की समस्या से निपटने में मदद मिलेगी।

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत मकानों की स्थिति की समीक्षा करते हुए जिला विकास अधिकारी ने बताया कि अब तक कुल 1255 मकान स्वीकृत किए गए थे, जिनमें से नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार दूसरी किस्त 967 मकानों को जारी की जा चुकी है तथा 537 मकान पूरी तरह तैयार हो चुके हैं। इसके अतिरिक्त आपदा के दौरान 432 नए मकान स्वीकृत किए गए हैं, जिनके पंजीकरण एवं स्वीकृति का कार्य प्रगति पर है, जिसे 31 दिसंबर 2026 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

बैठक में जिला परिषद सदस्यों ने श्री नयना देवी मंदिर तक श्रद्धालुओं के लिए रास्ते में खराब हो चुकी सीढ़ियों का मुद्दा उठाया, जिसमें लिफ्ट से मंदिर तथा बस स्टैंड से मंदिर तक के मार्ग शामिल हैं। विभाग ने जानकारी दी कि इन रास्तों की मरम्मत का 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है तथा शेष कार्य भी एक माह के भीतर पूर्ण कर लिया जाएगा, ताकि मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

जिला परिषद सदस्य प्रेम सिंह ठाकुर ने श्री नयनाा देवी अस्पताल के शेष निर्माण कार्य तथा स्टाफ की कमी का विषय उठाया। इस पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि डॉक्टर और स्टाफ की कमी के संबंध में निदेशक स्वास्थ्य हिमाचल प्रदेश को अवगत करवा दिया गया है।

उपाध्यक्ष मानसिंह ने ग्राम पंचायत बैहल में किकर वाली संपर्क सड़क की खराब स्थिति का मुद्दा भी उठाया, जो पिछले 8 से 10 वर्षों से पैच वर्क के बावजूद संतोषजनक नहीं है। इस पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आगामी 20 फरवरी तक सड़क का सुधारीकरण कर दिया जाएगा।

बैठक में कीरतपुर साहिब से नेरचौक फोरलेन पर गारा बघेरी बैरियर पर लगे कैमरों द्वारा गलत चालान किए जाने का मामला भी उठाया गया। इस पर क्षेत्रीय अधिकारी परिवहन विभाग द्वारा लिखित जानकारी दी गई कि बैरियर पर लगे कैमरों का संचालन निदेशालय परिवहन शिमला द्वारा किया जाता है तथा सोशल मीडिया पर मामला सामने आने पर निदेशालय को सूचित किया गया था। निदेशालय ने अवगत करवाया है कि तकनीकी खराबी के कारण चालान हुए थे, जिन्हें अब ठीक कर दिया गया है।

जिला परिषद सदस्य ईश्वर दास शर्मा ने 15वें वित्तायोग के अंतर्गत स्वीकृत सोलर लाइटों की स्थापना को लेकर सवाल उठाया। इस पर हिम ऊर्जा के अधिकारी ने बताया कि इस कार्य के लिए 27 लाख की राशि जारी की जा चुकी है तथा 9 वॉट की 181 एवं 12 वॉट की 57, कुल 238 सोलर लाइटों की जियोटैगिंग पूर्ण कर ली गई है और सप्लाई ऑर्डर भी जारी कर दिया गया है। यह कार्य आगामी दो माह के भीतर पूरा कर लिया जाएगा।

### 2024 से अपराधी घोषित मोहम्मद शरीफ गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** थाना सदर बिलासपुर में दर्ज एफआईआर संख्या 40/16 दिनांक 1 मार्च 2016 के तहत धारा 174-ए भारतीय दंड संहिता में वांछित चल रहे घोषित अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) बिलासपुर द्वारा 14 जून, 2024 को घोषित अपराधी करार दिया गया था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहम्मद शरीफ भट्ट पुत्र मोहम्मद गुलजार, उम्र 55 वर्ष, निवासी गांव पलाहरी, तहसील व थाना बसोली, जिला कठुआ (जम्मू-कश्मीर) तथा वर्तमान पता गांव कोठी सुरजन चालोग, तहसील व थाना बनी, जिला कठुआ (जम्मू-कश्मीर) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, लंबे समय से फरार चल रहे इस घोषित अपराधी को 21 जनवरी 2026 की रात करीब 11:30 बजे धर्मशाला जिले के कचहरी अड्डा रोड के समीप से गिरफ्तार किया गया है।

### आरओ हमीरपुर व सोलन के बीच कल होगा क्रिकेट मैच

**अनंत ज्ञान, शाहतलाई।** हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक की ओर से वार्षिक खेल महोत्सव-2026 के अंतर्गत 24 जनवरी को 11 बजे शाहतलाई में रोमांचक क्रिकेट मुकाबले का आयोजन किया जाएगा। इस बहुप्रतीक्षित मुकाबले में क्षेत्रीय कार्यालय (आरओ) हमीरपुर और आरओ सोलन की टीमें आमने-सामने होंगी। यह आयोजन खेल भावना, ऊर्जा और सामुदायिक उत्साह का प्रतीक बनेगा। रीजनल मैनेजर हमीरपुर ऋषि सूद तथा रीजनल मैनेजर सोलन भावेश भी अपनी-अपनी टीमों का मनोबल बढ़ाने के लिए मौजूद रहेंगे।

## घुमारवीं में आज से सजेगी बुड्ढा मल एंड संज ज्वेलर्स की आभूषण प्रदर्शनी

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** हिमाचल प्रदेश के प्रतिष्ठित आभूषण प्रतिष्ठान बुड्ढा मल एंड संज ज्वेलर्स, पालमपुर द्वारा घुमारवीं में 23 से 25 जनवरी तक आभूषण प्रदर्शनी लगाई जा रही है। वीरवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में शोरूम के मालिक मानिक करवाल ने प्रदर्शनी से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी। मानिक करवाल ने कहा 'हम घुमारवीं में केवल प्रदर्शनी लगाने नहीं, बल्कि यहां के लोगों से रिश्ता बनाने आए हैं। अब ग्राहकों को बेहतरीन ज्वेलरी के लिए आउट ऑफ हिमाचल जाने की जरूरत नहीं है।' उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी में कंपनी का पूरा शो रूम घुमारवीं लाया गया है, जिसमें पारंपरिक से आधुनिक डिज़ाइनों तक की विशाल श्रृंखला उपलब्ध है।'



प्रदर्शनी के बारे में जानकारी देते मानिक करवाल। अनंत ज्ञान

प्रदर्शनी में विशेष रूप से 'रूहानी कलेक्शन' प्रस्तुत किया जाएगा, जिस पर ग्राहकों को एक्स्ट्रा बेनिफिट दिए जा रहे हैं। इसके तहत एक लाख रुपए की खरीद पर सोने का सिक्का उपहार स्वरूप दिया जा रहा है। साथ ही ग्राहक सोने की शुद्धता की जांच भी कर सकते हैं। मानिक करवाल ने दावा किया कि बुड्ढा मल एंड संज ज्वेलर्स हिमाचल प्रदेश का सबसे बड़ा ज्वेलरी स्टोर है, जिसकी शुरुआत 1955 में छोटे स्तर पर हुई थी और आज यह करीब 20,000 वर्ग फीट क्षेत्रफल में फैला हुआ है। कंपनी का शो रूम भवारना में भी संचालित है।

उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में पुराना सोना भी खरीदा जाएगा, जिस पर ग्राहकों को शत-प्रतिशत मूल्य वापसी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस भव्य प्रदर्शनी का उद्घाटन नगर परिषद घुमारवीं की अध्यक्ष रीता सहगल द्वारा शुक्रवार को किया जाएगा। प्रदर्शनी को लेकर घुमारवीं व आसपास के क्षेत्रों में लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

### वरिष्ठ नागरिकों ने अलग ओपीडी के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू का जताया आभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** वरिष्ठ नागरिक सभा बिलासपुर की मासिक बैठक का आयोजन राज कुमार टाडू की अध्यक्षता में हुआ। सभा में 70 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ नागरिकों के लिए जिला अस्पताल में अलग ओपीडी खोलने के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। उपायुक्त के साथ हुई बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार सभी विभागीय अधिकारियों से उचित कार्रवाई हेतु पंद्रह दिन में समाधान के आदेश का स्वागत किया गया। वार्ड नंबर चार में ठेकेदार द्वारा टाइलों का काम पूरा न करने, पानी का भराव समस्या का समाधान व चैंबर न बनाने से वरिष्ठ नागरिकों, बच्चों और आम नागरिकों के लिए असहज स्थिति पैदा हो गई है। ठेकेदार द्वारा मिट्टी, टाइलों आदि के ढेर न उठाने के कारण तथा इसी प्रकार शहरी आजीविका केंद्र के पास मिट्टी तथा रेत पत्थर के ढेर व सफाई न करने के लिए नगर परिषद प्रशासन से संज्ञान लेने का आग्रह किया है। लुहणु मैदान के आसपास सफाई तथा बैठने हेतु लगे बैंचों की मुरम्मत की जाए क्योंकि नलवाड़ी मेला भी इसी मैदान में लगने वाला है। मुख्यमंत्री से आग्रह किया गया कि पेंशनरों के चिकित्सा बिलों, महंगाई भत्तों एवं 2016 से 2022 के मध्य सेवानिवृत कर्मियों के बकाया का भुगतान घुमारवीं सम्मलेन में घोषणा आनुसार अदा किए जाएं।

## फर्जी वाहन पंजीकरण मामले में अंतरराज्यीय गिरोह का कनेक्शन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर के क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण (आरएलए) कार्यालय में सामने आया वाहन पंजीकरण फर्जीवाड़ा अब अंतरराज्यीय संगठित नेटवर्क, तकनीकी लॉग-इन दुरुपयोग और चोरी के वाहनों को वैध दिखाने की साजिश तक फैलता दिख रहा है।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

दिल्ली क्राइम ब्रांच और हिमाचल पुलिस की संयुक्त पड़ताल में कई ऐसे तथ्य सामने आए हैं, जो अब तक सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आए थे। दरअसल, दिल्ली में चोरी के वाहनों की जांच के दौरान कुछ ऐसे वाहन सामने आए, जिनका पंजीकरण बिलासपुर आरएलए से होना दर्शाया गया था, जबकि उनके चेसिस और इंजन नंबर पुराने मामलों से मेल नहीं खा रहे थे। यहीं से बिलासपुर आरएलए के रिकॉर्ड खंगालने की प्रक्रिया शुरू हुई। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि कुछ वाहनों को 'नया' दिखाकर पंजीकृत किया गया, जबकि वे पहले से उपयोग में थे या चोरी की श्रेणी में आते थे। जांच एजेंसियों को आरएलए के बैकएंड सिस्टम में बैक-डेट एंट्री, सीमित अधिकारियों के लॉग-इन क्रेडेंशियल्स के दुरुपयोग और असामान्य स्वीकृतियों के प्रमाण मिले हैं। कुछ पंजीकरण ऐसे समय में किए गए जब सिस्टम में बदलाव (बीएस-4 से बीएस-6 संक्रमण) चल रहा था, जिसका फायदा उठाकर रिकॉर्ड में छेड़छाड़ की गई।

जांच में यह भी सामने आया है कि फर्जी पंजीकरण केवल चोरी के वाहनों तक सीमित नहीं था। वीआईपी और विशेष नंबरों के आवंटन में भी नियमों की अनदेखी कर अवैध वसूली किए जाने के संकेत मिले हैं। इस पहलू की वित्तीय जांच अलग से की जा रही है।

### डीसी ने किया प्राइमरी स्कूल और नगर परिषद कार्यालय का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने वीरवार को शहर के रोड सेक्टर में स्थित प्राइमरी स्कूल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में बच्चों को प्रदान किए जा रहे मिड-डे मील की गुणवत्ता एवं स्वच्छता की गहनता से जांच की। उपायुक्त ने स्वयं मिड-डे मील को ग्रहण कर उसकी गुणवत्ता का परीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चों को पोषणयुक्त, स्वच्छ एवं समय पर भोजन उपलब्ध करवाना सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने विद्यालय के छात्रों से संवाद भी किया। इसके उपरांत उपायुक्त ने नगर परिषद कार्यालय डियारा सेक्टर का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने शहर की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों से विस्तृत चर्चा करते हुए निर्देश दिए कि शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के लिए और अधिक प्रभावी प्रयास किए जाएं।

## देश में दूसरा स्थान पाने पर आर्या श्री को मिला सम्मान


मिनर्वा स्कूल में छात्रा आर्या श्री को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** मिनर्वा सीनियर सेकेंडरी स्कूल घुमारवीं की छात्रा आर्या श्री ने राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' से प्रेरित पुस्तक 'बच्चों के मन की बात मोदी के साथ' में शामिल उनके लेख को देशभर में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में आयोजित सादे समारोह के दौरान आर्या श्री को सम्मानित किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य प्रवेश चंदेल, उपप्रधानाचार्य विनय शर्मा व विद्यालय स्टाफ ने आर्या श्री के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आर्या श्री का लेख 'विकसित भारत के निर्माण में मेरी भूमिका' विषय पर आधारित है।

छात्रा आर्या श्री नेबताया कि वर्ष 2047 में भारत को केवल गौरवशाली अतीत वाला ही नहीं, बल्कि शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और सम्मान से युक्त एक विकसित राष्ट्र बनना चाहिए।

### इंसानियत संस्था ने एक बार फिर पेश की मानवता की मिसाल

## जरूरतमंद परिवार के घर पहुंचाया पेयजल

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** उपमंडल झंडूता के अंतर्गत गांव खालसाय में इंसानियत की एक मिसाल उस समय देखने को मिली, जब 'इंसानियत संस्था' ने एक अत्यंत गरीब और बीमारी से पीड़ित परिवार के घर पीने के पानी की व्यवस्था करवाई। गांव खालसाय निवासी श्याम लाल पिछले ढाई वर्षों से गंभीर बीमारी के चलते बिस्तर पर हैं। उनकी पत्नी और दो बच्चे अत्यंत कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे हैं। परिवार के पास न तो पर्याप्त भोजन की व्यवस्था है और न ही पीने के पानी की।


जरूरतमंद परिवार के साथ इंसानियत संस्था के सदस्य। अनंत ज्ञान

घर से लगभग 350 मीटर दूर से पाइपलाइन बिछानी थी, जिस पर करीब 50 हजार रुपए का खर्च अनुमानित था। कई विभागों और जनप्रतिनिधियों से मदद की गुहार लगाने के बावजूद कोई सहयोग नहीं मिला। अंततः 'इंसानियत संस्था' के प्रधान पवन चंदेल ने मानवता का परिचय देते हुए अपनी जेब से लगभग 12 हजार रुपए खर्च कर प्लास्टिक पाइप बिछवाकर श्याम लाल के घर तक नल और जल पहुंचाया। इस सेवा कार्य में संस्था के वरिष्ठ सदस्य अमन चंदेल ने पूरा दिन निस्वार्थ भाव से सहयोग किया। इसके अलावा जल विभाग से जुड़े मोहिंद्र सिंह, उमेश कुमार, मोनू तथा शिव धीमान ने भी तकनीकी सहयोग देकर कार्य को सफल बनाया। यह घटना न केवल समाज के लिए प्रेरणा है, बल्कि यह भी सवाल खड़ा करती है कि जब आज भी किसी नागरिक को पीने का पानी न मिले, तो व्यवस्था और समाज की जिम्मेदारी कहां है। 'इंसानियत संस्था' द्वारा किया गया यह कार्य बताता है कि आज भी मानवता जीवित है।

**जानकारी** अंडे देने वाली मछलियों के लिए की जाएगी विशेष आहार की व्यवस्था : विवेक चंदेल

# प्रदेश में मत्स्य बीज उत्पादन दोगुना करने की तैयारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश में मत्स्य बीज उत्पादन को सुदृढ़, आधुनिक एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मत्स्य पालन विभाग द्वारा निदेशालय बिलासपुर में 'बेस्ट मैनेजमेंट प्रैक्टिसेज एवं टेक्नोलॉजी इन्फ्यूजन के माध्यम से प्रदेश में फिश सीड प्रोडक्शन को बढ़ावा देने' विषय पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता निदेशक मत्स्य विवेक चंदेल ने की। इस अवसर पर प्रदेश के सभी फील्ड अधिकारियों विशेष रूप से राज्य के विभिन्न मत्स्य फार्मों के प्रभारी अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य राज्य में मछली बीज उत्पादन को अधिक प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं टिकाऊ बनाना रहा, ताकि मत्स्य क्षेत्र को आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त किया जा सके। निदेशक विवेक चंदेल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में मत्स्य बीज उत्पादन को दोगुना करने की दिशा में विभाग ठोस रणनीति के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में कार्प प्रजाति की मछलियों के बीज यानी अंडों का उत्पादन लगभग 30 लाख तथा ट्राउट मछलियों के अंडों का उत्पादन लगभग 20 लाख किया जा रहा है, जिसे आगामी समय में बढ़ाकर लगभग दुगना करने की योजना है। इसी उद्देश्य से अधिकारियों को इस कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है।


कार्यशाला में मछली बीज उत्पादन बारे जानकारी देते मत्स्य विभाग के निदेशक विवेक चंदेल। अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश एवं विदेश में प्रचलित श्रेष्ठ प्रबंधन पद्धतियों को अपनाया जाएगा तथा नवीनतम तकनीकों को प्रदेश के सभी मत्स्य फार्मों में चरणबद्ध रूप से लागू किया जाएगा, जिससे उत्पादन के साथ-साथ गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार सुनिश्चित किया जा सके।

निदेशक ने बताया कि मछली बीजों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए ब्रूड स्टॉक मैनेजमेंट पर विशेष फोकस किया जाएगा तथा अंडे देने वाली मछलियों के लिए विशेष आहार व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, ताकि उच्च गुणवत्ता का उत्पादन संभव हो सके। इसके अतिरिक्त मछली उत्पादन के लिए जल के विभिन्न पैरामीटर की नियमित निगरानी की जाएगी तथा मत्स्य उत्पादन से संबंधित पर्यावरणीय परिस्थितियों को और अधिक अनुकूल एवं उपयुक्त बनाने के प्रयास किए जाएंगे।

कार्यशाला में उपनिदेशक मत्स्य चंचल, सहायक निदेशक मुख्यालय सोमनाथ, सहायक निदेशक मत्स्य पंकज ठाकुर बिलासपुर, जय सिंह चंबा, संदीप कुमार पोंग डैम, विवेक शर्मा ऊना, नीतू सिंह मंडी, उपनिदेशक अरुण कांत वर्मा कुल्लू तथा सहायक निदेशक मत्स्य राकेश कुमार पालमपुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### महिला साहित्यकार संस्था ने प्रिंसिपल डॉ. कटवाल को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** महिला साहित्यकार संस्था हिमाचल प्रदेश की प्रदेश उपाध्यक्ष शीला सिंह के नेतृत्व में जिला भाषा अधिकारी बिलासपुर के सानिध्य में मासिक गोष्ठी कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन द्वारा समाज में उत्कृष्ट कार्य करने और अनुकरणीय भूमिका निभाने वाले महानुभावों को प्रदेश उपाध्यक्ष और बिलासपुर इकाई की पूरी टीम द्वारा सम्मानित किया गया। राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के प्राचार्य पीएस कटवाल को सम्मानित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्षा शीला सिंह ने कहा कि डॉ. कटवाल की पीएचडी का मुख्य उद्देश्य हिमाचल के गांव और शहरों में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव को सामने लाना है, ताकि समाज में लिंग के आधार पर समानता स्थापित की जा सके। प्राचार्य ने बिलासपुर महाविद्यालय में छात्राओं एवं महिला कर्मचारियों के लिए उनकी व्यक्तिगत समस्याओं को देखते हुए विशेष सुविधाएं प्रदान की है।

## न्यूज ब्रीफ

### ललित ठाकुर ने मैहला समिति हॉल का किया लोकार्पण



मैहला में समिति हॉल का लोकार्पण करते ललित ठाकुर। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** वीरवार को एपीएमसी चेयरमैन ललित ठाकुर ने भरमौर-पांगी विधानसभा क्षेत्र के मैहला में नवीनीकृत समिति हॉल का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर गिलमा देवी (अध्यक्ष, पंचायत समिति मैहला), सूरज शर्मा (उपाध्यक्ष), जिला परिषद सदस्य करीयां वार्ड मनु, पंचायत समिति मैहला के सभी सदस्य तथा बीडीओ मैहला बशीर खान सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। लोकार्पण के बाद यह हॉल पंचायत प्रशासनिक एवं विकास कार्यों को और सुदृढ़ बनाएगा। साथ ही, यह आम जनता और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के लिए एक सुविधाजनक और बहुउद्देशीय मंच के रूप में काम करेगा। एपीएमसी के अध्यक्ष ललित ठाकुर ने इस महत्वपूर्ण कार्य में सहयोग देने वाले सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

### चंबा पुलिस ने एक दिन में दर्ज किए चार मुकदमे

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला पुलिस चंबा ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए वीरवार को जिले के विभिन्न थानों में चार अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए। इनमें मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी और अवैध शराब बरामदगी के मामले शामिल हैं। सभी मामलों में कार्रवाई जारी है। पुलिस थाना चुवाड़ी में विनोद कुमार गुरुंग की शिकायत पर अरुण कुमार के खिलाफ मारपीट व गाली-गलौज का मामला दर्ज किया गया। पुलिस थाना सदर में यूसुफ और हनीफ मोहम्मद के बीच गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के दो मामले दर्ज किए गए। पुलिस थाना भरमौर में गश्त के दौरान शुभ करण की दुकान से 5250 एमएल अवैध शराब बरामद की गई और आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। जिला पुलिस ने स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और किसी को भी कानून हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### डलहौजी में आज मनाया जाएगा 'पराक्रम दिवस'

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर पराक्रम दिवस का भव्य आयोजन नेताजी चौक, डलहौजी में सुबह 10 बजे होगा। कार्यक्रम उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र और जिला प्रशासन चम्बा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर हिमाचली लोक नृत्य, गद्दी नाटी, चुराही नृत्य, लोक गायन और चित्रकला शिविर की प्रस्तुतियां होंगी। देशभर से आए कलाकार नेताजी के व्यक्तित्व और देशभक्ति को कैनवास पर उकेरेंगे। साथ ही, नाट्य प्रस्तुति और व्याख्यान के माध्यम से उनके जीवन और स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को उजागर किया जाएगा। जिला प्रशासन ने अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम में भाग लेने का आह्वान किया है।

### पांगी घाटी में बिजली आपूर्ति बहाल

**अनंत ज्ञान, पांगी।** पांगी घाटी के लिए राहत की खबर है। केंद्र सरकार की आरडीएसएस योजना के तहत थिरोट से शौर तक 11 केवी विद्युत लाइन बिना लोड के चार्ज कर दी गई है। विधायक डॉ. जनकराज ने बताया कि शीघ्र लोड जोड़ने के बाद लगभग 2100 उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली मिलेगी। इस पहल से क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही बिजली कटौती की समस्या का स्थायी समाधान होगा। स्थानीय लोगों ने इसे पांगी घाटी के विकास और स्वास्थ्य, संचार जैसी सेवाओं की मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

### चंबा में नगर परिषद ने हटाईं अवैध रेहड़ियां

**अनंत ज्ञान, चंबा।** नगर परिषद ने शहर में अवैध रूप से लगी रेहड़ियों को हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया। मुख्य बाजार और सार्वजनिक स्थानों से कई रेहड़ियां हटाई गईं, जिससे रेहड़ी-पटरी वालों में अस्थायी रूप से भारी परेशानी और रोष देखा गया। रेहड़ी संचालकों का कहना है कि यह उनके परिवार की आजीविका पर सीधा असर डाल रहा है। कई वर्षों से कारोबार कर रहे वे बिना वैकल्पिक व्यवस्था के बेरोज़गार होने का सामना कर रहे हैं। नगर परिषद का कहना है कि अवैध अतिक्रमण से यातायात और आम जनता को परेशानी हो रही थी, इसलिए यह कार्रवाई नियमों के तहत की गई। स्थानीय लोगों और रेहड़ी वालों की मांग है कि उन्हें हटाने से पहले कोई स्थायी या वैकल्पिक स्थान प्रदान किया जाए।

### एनडीपीएस मामले में दो आरोपी अदालत में पेश

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस थाना सुंदरनगर में दर्ज एनडीपीएस मामले में आगे की कार्रवाई करते हुए आरोपी कुलदीप सिंह पुत्र मुकुंद सिंह निवासी तहसील निहाल सिंह वाला जिला मोगा पंजाब तथा राम पाल सिंह पुत्र गुरमेल सिंह निवासी तहसील जगराओं जिला लुधियाना पंजाब को माननीय न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय द्वारा दोनों आरोपियों को पुलिस हिरासत में भेजा गया है। पुलिस आरोपियों से नशा तस्करी से जुड़े नेटवर्क, आपूर्ति श्रृंखला और अन्य संलिप्त व्यक्तियों को लेकर पूछताछ कर रही है। मामले में अन्वेषण जारी है। मामले की पुष्टि पुलिस अधीक्षक मंडी साक्षी वर्मा ने की है।

### सुंदरनगर में 3 नशा तस्कर पुलिस हिरासत में

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस थाना सुंदरनगर में दर्ज एक अन्य एनडीपीएस मामले में आरोपी सागर पुत्र कदम सिंह निवासी गांव गोहाना जिला सोनीपत हरियाणा, मोहित पुत्र राजेंद्र निवासी तहसील गोहाना जिला सोनीपत हरियाणा तथा आशीष पुत्र विजेंद्र निवासी तहसील गोहाना जिला सोनीपत हरियाणा को माननीय न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने तीनों आरोपियों को पुलिस हिरासत में भेजा है। पुलिस द्वारा आरोपियों से नशे की खेप की सप्लाई, स्रोत और वितरण को लेकर गहन पूछताछ की जा रही है। मामले में आगामी जांच जारी है। इसकी पुष्टि पुलिस अधीक्षक मण्डी साक्षी वर्मा ने की है।

### औट में 505 ग्राम चरस समेत आरोपी दबोचा

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पुलिस थाना औट क्षेत्र के अंतर्गत शालानाला सड़क पर नाकाबंदी के दौरान एक निजी बस की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान अशोक कुमार पुत्र श्री कर्म चंद निवासी थानेश्वर जिला कुरुक्षेत्र हरियाणा के कब्जे से 505 ग्राम चरस बरामद की गई। आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे पुलिस हिरासत में भेजा गया है। पुलिस आरोपी से नशे की खरीद-फरोख्त और तस्करी से जुड़े पहलुओं को लेकर पूछताछ कर रही है। इसकी पुष्टि पुलिस अधीक्षक मण्डी साक्षी वर्मा ने की है।

### मंडी में खनन नियमों पर पुलिस का शिकंजा

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला पुलिस मंडी द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। मोटर वाहन नियमों के तहत बड़ी संख्या में चालान किए गए। वहीं, तंबाकू नियंत्रण नियमों के अंतर्गत भी कार्रवाई अमल में लाई गई। इसके अतिरिक्त अवैध खनन के एक मामले में भी चालान किया गया है। पुलिस का कहना है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने और नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस कार्रवाई की पुष्टि पुलिस अधीक्षक मंडी साक्षी वर्मा ने की है।

### लिटिल स्कॉलर्स होम का एनुअल डे सेलिब्रेशन आज

**अनंत ज्ञान, भीम बसेडू राजपूत, महादेव।** नीजि क्षेत्र में चल रहे स्कूल लिटिल स्कॉलर्स होम का एनुअल डे सेलिब्रेशन शुक्रवार को सुंदरनगर शहरी क्षेत्र के भोजपुर स्थित कम्युनिटी हॉल में दोपहर 12 बजे होगा। प्रिंसिपल के अनुसार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अमित कुमार (बाल रोग विशेषज्ञ) होंगे जो उक्त होम के प्रिंसिपल,स्टाफ तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति में देशभक्ति सहित अन्य विभिन्न तरह के आयोजित किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी लुत्फ उठाएंगे।

# चंबा में बस खाई में गिरी बाल-बाल बचे यात्री

## समोट-ददरियाडा रूट पर हुआ हादसा, बस में करीब 12 यात्री थे सवार

अनंत ज्ञान

**बबलू, भटियात।** प्रदेश में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला जिला चंबा के भटियात विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत समोट कस्बे में पेश आया है, जहां वीरवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा होने से टल गया। यहां समोट-ददरियाडा रूट पर चलने वाली एक निजी बस अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। गनीमत यह रही कि इस हादसे में जानमाल का कोई नुक्सान नहीं हुआ और बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं।



समोट-ददरियाडा रूट पर खाई में गिरी बस। अनंत ज्ञान

जानकारी के अनुसार घटना वीरवार सुबह करीब 8:30 बजे की है। निजी बस समोट कस्बे के टैक्सी स्टैंड के समीप चौक पर खड़ी थी। बताया जा रहा है कि बस दूसरी बस की सवारियों का इंतजार कर रही थी। इस दौरान बस का चालक अपनी सीट पर मौजूद नहीं था। तभी अचानक बस ढलान होने के कारण अपने आप सरकने लगी।

बस में उस समय करीब एक दर्जन सवारियां मौजूद थीं। जैसे ही बस ने चलने लगी तो यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और चीख-पुकार शुरू हो गई। सवारियां कुछ समझ पातीं, इससे पहले ही बस सड़क पर करीब 30 से 40 मीटर तक सीधे सरकते हुए वहां मौजूद प्राकृतिक जल स्रोत के समीप खाई में जा गिरी। हादसे के तुरंत बाद घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय लोगों ने फुर्ती दिखाते हुए बचाव एवं राहत कार्य शुरू किया। लोगों ने खाई में उतरकर बस में फंसी सवारियों को सुरक्षित बाहर निकाला। राहत की बात यह है कि किसी भी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई है। हालांकि, हादसे के कारण घबराए और हल्की चोट महसूस कर रहे।

# बकान में 3 माह से नहीं मिला राशन, लोग भड़के



खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी से मिलता प्रतिनिधिमंडल। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**धरवाला।** ग्राम पंचायत बकान के अंतर्गत पड़ने वाली उचित मूल्य की दुकान पर जून, जुलाई, अगस्त का राशन वितरित नहीं हुआ, जिसे लेकर स्वयंसेवक संजय ठाकुर सहित एक प्रतिनिधिमंडल खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी से मिला।

संजय ठाकुर ने बताया कि ग्राम पंचायत बकान के अंतर्गत पड़ने वाले गांव भजलूंई, धरबेटा, धरना, ड्गेढा, आणी, मियांछती, फाटी से संबंधित गांवों को मिलने वाली सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत मिलने वाली राशन सामग्री पिछले तीन महीनों से नियमित रूप से वितरित नहीं की जा रही है। जिस कारण गांववासियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है कई बार उचित मूल्य की दुकान संबंधित सप्लाई से संपर्क करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

इस बारे में पहले भी संबंधित विभाग को सूचित किया गया है लेकिन एक बार ही राशन दिया गया राशन समय पर न मिलने से गरीब वर्ग पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। जो की सरकारी नियमों एवं योजनाओं का स्पष्ट उल्लंघन है लोगों ने संबंधित विभाग से इस विषय पर तत्काल जांच करने की बात कही वह लंबित राशन सामग्री का अतिशीघ्र वितरण करने को कहा।

लोगों का कहना है कि 7 दिनों के भीतर नागरिक आपूर्ति बहाल नहीं की गई तो हमें मजबूरन उच्च अधिकारियों व जिला प्रशासन से शिकायत दर्ज करानी पड़ेगी जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।

# भटियात में 12 सड़कों को मिली मंजूरी

अनंत ज्ञान

**चंबा।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में भटियात विधानसभा क्षेत्र की 12 ग्रामीण सड़कों को केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। 103.53 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली इन सड़कों की कुल लंबाई 67.22 किलोमीटर है।



- **103.53 करोड़ रुपए की लागत से बनेगी 67.22 किलोमीटर सड़कें**
- **विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने केंद्रीय नेतृत्व का जताया आभार**

पीएमजीएसवाई-4 के अंतर्गत हाल ही में स्वीकृत 12 सड़कों में मोतला से सुखियारा, घटासनी पुल से भलोग, बलाना से बली, पातका से छतरेल, ट्रांसफार्मर से कालर जोलना, बड दरमण से बनोली, काहरी से रखेड़, मोरथू से जोलना रोड़, संपर्क सड़क मार्ग मरार, संपर्क सड़क मार्ग निचला मामल, संपर्क सड़क मार्ग तुलेर से कुडेरा तथा संपर्क सड़क मार्ग धरवाई शामिल है।

भटियात विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय विधायक व विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का भटियात विधान विधानसभा क्षेत्र के लिए सड़कों की बड़ी सौगात देने के लिए उनका आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में जिला चंबा के लिए 65 सड़कों को स्वीकृति प्रदान की है। कुल 326.64 किलोमीटर लंबी इन 65 सड़कों पर 551.22 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

## उपमंडल सलूणी में प्रशासन ने रिश्वत पर अपनाया सख्त रुख

**अनंत ज्ञान। सलूणी।** उपमंडल सलूणी में प्रशासन ने रिश्वतखोरी के खिलाफ कड़ा संदेश दिया है। एसडीएम चंद्रवीर सिंह ने कहा कि गरीब जनता से किसी भी प्रकार की रिश्वत लेने पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



उन्होंने स्पष्ट किया कि चाय-पानी जैसी मामूली मांग भी रिश्वत की श्रेणी में आएगी। एसडीएम ने आम जनता से अपील की कि वे किसी भी अनियमितता की तुरंत सूचना प्रशासन को दें। उनका उद्देश्य सरकारी कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखना और जनता के लिए भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित करना है।

# पुलिस लाइन चंबा में होगी पुराने वाहनों की नीलामी : पुलिस अधीक्षक

अनंत ज्ञान

**चंबा।** पुलिस अधीक्षक विजय कुमार सकलानी ने बताया कि जिला स्तरीय कंडमनेशन बोर्ड द्वारा इस कार्यालय के नाकारा घोषित वाहन व अयोग्य वस्तुओं की सार्वजनिक नीलामी 31 जनवरी को प्रात:11 बजे पुलिस लाइन चंबा में की जाएगी। इच्छुक खरीदार व बोलीदाता निर्धारित दिनांक, समय व स्थान पर उपस्थित होकर बोली दें।

उन्होंने बताया कि पुराने वाहन पुलिस लाइन चंबा के मोटर वाहन शाखा में खड़े किए हैं, जबकि अयोग्य वस्तुएं पुलिस लाइन चंबा के प्रकीर्ण भंडार में रखी है। उन्होंने बताया कि इच्छुक बोलीदाता किसी भी कार्य दिवस में प्रात: बजे से सायं 5 बजे तक आकर पुलिस लाइन चंबा में अवलोकन किया जा सकता है। नीलामी की शर्तों में प्रत्येक बोलीदाता को 5000 रुपए धरोहर राशि बोली में भाग लेने से पूर्व पुलिस लाइन चंबा के पास जमा करवानी होगी।

उन्होंने बताया कि बोली की समाप्ति पर सफल बोलीदाता की बोली की कुल धनराशि में समायोजित कर दी जाएगी। बोली की अंतिम कुल राशि नीलामी की समाप्ति पर जीएसटी के साथ नकद व चैक के रूप में जमा करवानी होगी। बोलीदाता को 24 घंटे के अंदर नीलाम होने वाले नाकारा घोषित वाहन व अयोग्य वस्तुओं को निर्धारित स्थान से उठा लेना होगा। इसके अतिरिक्त कमेटी अध्यक्ष के पास किसी भी बोली को बिना कारण बताए रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

# हर्ष महाजन ने एनएचएआई बैठक में चंबा की सड़क-पुल परियोजनाओं का उठाया मुद्दा

अनंत ज्ञान

**चंबा।** गुरुवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की अहम बैठक में राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने सहभागिता की। बैठक के दौरान उन्होंने हिमाचल प्रदेश, विशेषकर चंबा जिले की सड़कों एवं पुलों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।




हर्ष महाजन ने चंबा जिले के दुर्गम और दूरदराज क्षेत्रों में सड़क संपर्क को मजबूत करने, लंबित सड़क परियोजनाओं में तेजी लाने तथा जर्जर पुलों के शीघ्र सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सुदृढ़ सड़क एवं पुल अवसंरचना से न केवल क्षेत्र के आर्थिक विकास को गति मिलेगी, बल्कि पर्यटन, स्वास्थ्य सेवाओं और आपातकालीन सुविधाओं तक आम जनता की पहुंच भी बेहतर होगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि पहाड़ी और चुनौतीपूर्ण भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए परियोजनाओं का क्रियान्वयन किया जाना चाहिए, ताकि भविष्य में लोगों को बार-बार कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

बैठक में मौजूद संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि हिमाचल प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप सभी परियोजनाओं को समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए, जिससे आमजन को स्थायी राहत मिल सके। यह पहल चंबा जिले सहित पूरे हिमाचल प्रदेश में सड़क एवं पुल नेटवर्क को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## नगर परिषद ने डल्हौजी को चिट्टा मुक्त बनाने का अभियान किया शुरू

**अनंत ज्ञान, डल्हौजी।** हिमाचल सरकार के चिट्टा मुक्त हिमाचल कार्यक्रम के तहत नगर परिषद डल्हौजी ने वीरवार को डल्हौजी को चिट्टा मुक्त बनाने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। नगर परिषद अध्यक्ष रीना शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में थाना प्रभारी जगबीर सिंह ने नशे के दुष्प्रभाव और रोकथाम के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस मौके पर नगर परिषद ने जिला चंबा में नशा निवारण केंद्र खोलने की मांग की। निर्णय लिया गया कि सभी पार्षद अपने-अपने वार्डों में जाकर लोगों को चिट्टे के खिलाफ जागरूक करेंगे। कार्यक्रम में पार्षद रेणु बाला, प्रतिमा ठाकुर, मनोनीत सदस्य हेम राज, राजेंद्र ठाकुर, मनोज कुमार, विजय कुमार सहित परिषद के कर्मचारी और कनिष्ठ अभियंता संजीव प्रकाश भी मौजूद रहे। सभी ने नशा विरोधी शपथ भी ली।

# सुरजीत भरमौरी ने भटियात में मनरेगा बचाओ संग्राम को किया तेज

अनंत ज्ञान

**भरमौर।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बनने के बाद सुरजीत भरमौरी ने वीरवार को भटियात विधानसभा क्षेत्र के चुवाड़ी का दौरा किया। चुवाड़ी पहुंचते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका फूलमालाओं के साथ भव्य स्वागत किया।



चुवाड़ी दौरे के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरजीत भरमौरी। अनंत ज्ञान

भरमौरी ने मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम की अध्यक्षता की और जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मनरेगा गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि मनरेगा के मूल स्वरूप में छेड़छाड़ की जा रही है, जिससे गरीब वर्ग के साथ अन्याय हो रहा है। भरमौरी ने बताया कि भटियात क्षेत्र में लगभग 35 हजार मनरेगा जॉब कार्ड धारक हैं, जिनकी आजीविका का मुख्य आधार यह योजना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मनरेगा बचाओ संग्राम तब तक जारी रहेगा जब तक यह जनविरोधी नीति वापस नहीं ली जाती और योजना को उसके मूल स्वरूप में बहाल नहीं किया जाता।

**राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन**

इसके बाद भटियात के कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष भरमौरी की अगुवाई में उपमंडलाधिकारी भटियात के माध्यम से मनरेगा बचाओ संग्राम से संबंधित ज्ञापन राष्ट्रपति को प्रेषित किया।

**प्रदर्शन** सदर विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष को बेरोजगारी पर दी खुली बहस की चुनौती

# रोजगार कार्यालय के बाहर गरजे भाजपा नेता जय सिंह

अनंत ज्ञान

**चंबा।** प्रदेश में रोजगार कार्यालय खोलने का कोई औचित्य नहीं है, क्योंकि प्रदेश सरकार रोजगार न देकर बेरोजगार युवाओं के साथ अन्याय कर रही है। अब समय आ गया है कि बेरोजगार साथियों की लड़ाई हर जगह चौराहे, गांव, गली में सरकार के खिलाफ लड़ी जाएगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री की बेटी को 58 साल की पक्की नौकरी लग जाती है, लेकिन प्रदेश के 18 लाख बेरोजगार नौकरी का इंतजार कर रहे हैं। यह बात रोजगार कार्यालय चंबा के बाहर नुक्कड़ सभा में सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन करते हुए भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य जय सिंह ने कही।



रोजगार कार्यालय चंबा के बाहर प्रदर्शन करते जय सिंह व अन्य। अनंत ज्ञान

उन्होंने बताया कि सत्ता में आने से पहले सरकार ने जनता से वादा किया था कि हर साल एक लाख नौकरी प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को देंगे। ऐसे में 5 साल तक 5 लाख बेरोजगार युवाओं को नौकरी देने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन सत्ता के नशे में चूर सरकार अपने वादे को भूल गई है। जिससे बेरोजगार दर-दर भटकने को मजबूर हो रहे हैं। बेरोजगारी की लड़ाई में आकांक्षी जिला चंबा तो लगातार पीछे गया है।

उन्होंने सदर विधायक चंबा और विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया पर निशाना साधते हुए कहा कि दोनों नेताओं ने जनता से दूरी बना ली है। उन्होंने सवाल पूछते हुए कहा कि चंबा के नेता बताएं कि उन्होंने कितने बेरोजगारों को नौकरी दिलाई है। इसके लिए वह खुले मंच पर बहस करने की चुनौती देते हैं। चंबा में बीते 3 साल में 44000 बेरोजगार युवाओं की फौज खड़ी हो गई है। चुनावों में पहली कैबिनेट में एक लाख नौकरी का वादा फीका पड़ गया है। चंबा के सरकारी कार्यालय में स्टाफ की कमी के कारण लोगों के कार्य नहीं हो पा रहे हैं, लेकिन प्रदेश सरकार बेरोजगारों को भर्ती नहीं कर रही है। मित्रों की भर्ती की अधिसूचना तो जारी की जा रही है पर धरातल पर युवा वर्ग ठगा सा महसूस कर रहे है। युवा लाइब्रेरी से निकले और अपने हक की मांग करें। भाजपा उनके साथ खड़ी है।

उन्होंने चंबा के बेरोजगार युवाओं से भी आह्वान किया है कि वह सड़कों पर आकर प्रदेश की निकम्मी सरकार का बहिष्कार करें और अपने हक की लड़ाई लड़े, उनका साथ देने के लिए भाजपा नेता पूरी तरह से तैयार हैं। सरकार में सत्ताधारी कांग्रेस के नेताओ के बच्चे सरकारी नौकरी पाकर मौज कर रहे हैं और जनता के बच्चे बर्बाद हो रहे हैं ।

# आपदा के बाद बंद पड़ी सुनारा कुंडी सड़क की बहाली शुरू



**अनंत ज्ञान, भरमौर।** आपदा के बाद बंद पड़ी सुनारा-कुंडी सड़क की बहाली का काम शुरू हो गया है। सड़क बंद होने के कारण बस सेवा ठप हो गई थी और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी हो रही थी। 4 जनवरी को ग्राम पंचायत सुनारा के प्रतिनिधिमंडल ने एपीएमसी चेयरमैन ललित ठाकुर से सड़क बहाली और परिवहन सेवा बहाल करने की समस्या उठाई। 6 जनवरी को ललित ठाकुर ने मौके पर जाकर सड़क का निरीक्षण किया और तुरंत बहाली कार्य शुरू कर दिया।

विभाग के अनुसार 4-5 जगहों पर कार्य प्रगति पर है और सड़क जल्द ही बहाल होकर बस सेवा शुरू हो जाएगी। ललित ठाकुर ने कहा कि सरकार आपदा प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं की बहाली को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

**मानवता** की दिशा में उठाया गया प्रत्येक कदम आपकी स्वयं की चिंताओं को कम करने में मील का पत्थर साबित होगा।

– स्वामी श्री सुदर्शनाचार्य जी

## संपादकीय

# खेल से बड़ी राजनीति ?

बांग्लादेश की ओर से टी-20 विश्व कप से खुद को अलग कर लेना न केवल क्रिकेट प्रेमियों के लिए निराशाजनक है, बल्कि यह फैसला बांग्लादेश क्रिकेट के भविष्य पर भी गंभीर प्रश्नचिन्ह लगाता है। 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में बांग्लादेश को ग्रुप-सी में रखा था, जहां उसके अधिकांश मुकाबले भारत में होने थे। सुरक्षा और यात्रा संबंधी चिंताओं का हवाला देते हुए बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने आईसीसी से ग्रुप बदलने की मांग की थी, लेकिन नियमों के प्रति सख्ती दिखाते हुए आईसीसी ने प्रस्ताव खारिज कर दिया। इसके बाद बांग्लादेश ने टूर्नामेंट से हटने का जो फैसला लिया, वह जल्दबाजी, अदूरदर्शिता और खेल को राजनीति से जोड़ने का उदाहरण बन गया।

क्रिकेट केवल एक खेल नहीं, बल्कि करोड़ों भावनाओं का संगम है। बांग्लादेश में क्रिकेट सिर्फ लोकप्रिय नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय पहचान का हिस्सा है। ऐसे में विश्व कप जैसे मंच से दूरी बनाना सीधे-सीधे अपने खिलाड़ियों, प्रशंसकों और भविष्य की संभावनाओं से मुंह मोड़ने जैसा है। सवाल यह है कि जब भारत सरकार ने खिलाड़ियों की सुरक्षा की पूरी गारंटी दी थी, तब बांग्लादेश को आखिर डर किस बात का था? अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में सुरक्षा की जिम्मेदारी मेजबान देश की होती है और भारत इससे पहले भी कई संवेदनशील सीरीज और टूर्नामेंट सफलतापूर्वक आयोजित कर चुका है।

यह सच है कि वर्तमान में बांग्लादेश आंतरिक अशांति और हिंसा के दौर से गुजर रहा है, लेकिन इसका असर अंतरराष्ट्रीय खेलों में भागीदारी पर डालना खेल भावना के विपरीत है। यदि इसी तर्क को आधार बनाया जाए, तो कई देश कभी भी क्रिकेट नहीं खेल पाएंगे।

पाकिस्तान इसका जीवंत उदाहरण है। भारत-पाक संबंध दशकों से तनावपूर्ण रहे हैं, इसके बावजूद आईसीसी इवेंट्स में पाकिस्तान भारत आकर खेलता है, क्योंकि उसे यह समझ है कि खेल से पीछे हटने का नुकसान देश और खिलाड़ियों को ही होता है। इस दृष्टि से देखा जाए तो पाकिस्तान ने अक्सर व्यावहारिक समझदारी दिखाई है, जबकि बांग्लादेश ने भावनाओं और राजनीति को प्राथमिकता दी।

इस फैसले का असर बांग्लादेश के खिलाड़ियों पर पड़ेगा। टी-20 विश्व कप से हटकर बांग्लादेश ने अपने खिलाड़ियों से वह मंच छीन लिया, जहां वे दुनिया की नजरों में आ सकते थे। आर्थिक दृष्टि से भी यह फैसला आत्मघाती है। पहले से ही आर्थिक दबाव झेल रहा बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड विश्व कप न खेलने की स्थिति में आईसीसी से मिलने वाली लगभग 5 लाख अमेरिकी डॉलर की भागीदारी राशि से वंचित हो जाएगा। इसके अलावा खिलाड़ियों को मैच फीस, पुरस्कार राशि और प्रदर्शन आधारित भुगतान नहीं मिलेगा। यह न केवल बोर्ड की आय को प्रभावित करेगा, बल्कि खिलाड़ियों के मनोबल और करियर को भी गहरा झटका देगा।

रैंकिंग के मोर्चे पर भी नुकसान तय है। जहां अन्य टीमें मैच खेलकर रैंकिंग अंक अर्जित करेंगी, वहीं बांग्लादेश की स्थिति स्थिर या कमजोर हो जाएगी। खिलाड़ियों की व्यक्तिगत रैंकिंग भी गिरेगी, जिसका असर भविष्य की लीगों, अनुबंधों और अंतरराष्ट्रीय अवसरों पर पड़ेगा। इससे भी बड़ा खतरा यह है कि बांग्लादेश क्रिकेट धीरे-धीरे अंतरराष्ट्रीय मंच पर अलग-थलग पड़ सकता है। भारत-बांग्लादेश क्रिकेट संबंधों पर भी इस फैसले की छाया पड़ना तय है। जिस तरह भारत पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेलता, उसी तरह भारत भी भविष्य में बांग्लादेश दौरे को लेकर सख्त रुख अपना सकता है।

यदि बीसीसीआई पाकिस्तान के खिलाड़ियों को आईपीएल से बाहर रख सकता है, तो बांग्लादेश के मामले में भी ऐसा कदम उठाया जा सकता है। इससे बांग्लादेशी खिलाड़ियों को आर्थिक और पेशेवर दोनों तरह से भारी नुकसान होगा। बहरहाल, बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को टी-20 विश्व कप में खेलने का अवसर मिल गया। खेल को राजनीति की बलि चढ़ाना किसी भी देश के लिए हितकर नहीं होता। ■

## अनंत ज्ञान – आज की प्रमुख हस्ती

### भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान नायक

**सुभाष** चंद्र बोस भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे महान नायक थे, जिनमें सेनापति, क्रांतिकारी, विचारक और अंतरराष्ट्रीय नेता-सभी गुण एक साथ समाहित थे। उनका जन्म 23 जनवरी 1897 को कटक (उड़ीसा) में हुआ।



सुभाष चंद्र बोस
जन्म : 23 जनवरी, 1897
मृत्यु : 18 अगस्त, 1945

उनके पिता जानकीनाथ बोस प्रसिद्ध वकील थे और माता प्रभावती देवी धार्मिक व संस्कारवान थीं। बचपन से ही सुभाष में असाधारण प्रतिभा, आत्मसम्मान और देशभक्ति के गुण दिखाई देते थे।

उन्होंने कलकत्ता के प्रेजिडेंसी कॉलेज और स्कॉटिश चर्च कॉलेज से शिक्षा प्राप्त की तथा इंग्लैंड जाकर भारतीय सिविल सेवा (ICS) की परीक्षा उत्तीर्ण की। उच्च पद और प्रतिष्ठा का त्याग कर उन्होंने देशसेवा को चुना, जो उनके चरित्र की महानता को दर्शाता है। महात्मा गांधी से मतभेद होने के बावजूद वे उनके उद्देश्य और नेतृत्व का सम्मान करते थे और सबसे पहले गांधीजी को 'राष्ट्रपिता' कहने वाले भी वही थे।

सुभाष चंद्र बोस कांग्रेस के अध्यक्ष बने और देश की आजादी के लिए सशक्त संघर्ष के पक्षधर रहे। 1939 में वैचारिक मतभेदों के कारण उन्होंने कांग्रेस से अलग होकर 'फॉरवर्ड ब्लॉक' की स्थापना की। अंग्रेजों की कैद से बचकर वे जर्मनी और फिर जापान पहुंचे, जहां उन्होंने 21 अक्टूबर 1943 को 'आजाद हिंद सरकार' की स्थापना की और 'आजाद हिंद फौज' का नेतृत्व किया। उनका प्रसिद्ध नारा-'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा'-आज भी युवाओं में जोश भर देता है।

नेताजी ने 'दिल्ली चलो' का आह्वान किया और अंग्रेजों के विरुद्ध सशस्त्र संघर्ष को नई दिशा दी। उनकी मृत्यु 18 अगस्त 1945 को एक विमान दुर्घटना में मानी जाती है, किंतु आज भी इसे लेकर रहस्य बना हुआ है। सुभाष चंद्र बोस साहस, त्याग, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक थे। उनका जीवन आज भी देशवासियों को निस्वार्थ सेवा, दृढ़ संकल्प और मातृभूमि के लिए सर्वस्व अर्पण करने की प्रेरणा देता है। ■

## कविता – बसंत



रवि कुमार, मैहरी काथला
जिला बिलासपुर (हि.प्र.)

**पतझड़** का हो गया अंत, आ पहुंचा ऋतुराज बसंत।
पंखदार सतरंग पतंगें, उड़ती चहुंओर अनंत।
चिरंतन, आनंद, उल्लास प्रतीक, कामदेवी रति का सौंदर्य सटीक।
कचनार, पलास, टेसू के वंदनवार,प्रिय समागम में दिलों के दीदार।
पीली-पीली सरसों फूले चहुंओर, भंवरों संग कली मचाए शोर।
शोभित बोरों से रसाल, नवकोंपल से सजा है डाल।
कू-कू करती कोयल रानी, मोर भी पाए पायल सुहानी।
पीतवस्त्र, पकवानों की भरमार, पतंग उत्सव, शारदे पूजन त्योहार।
देख होते धरा अंबर निहाल, पीली-पीली चुनरिया संग।
नवोढ़ा लगे धरा फिर आज, शबरी के हाथों बेर खाते श्रीराम।
संन्यासी भेष आए थे वनवास, विनती है रवि की, त्रिलोकी के द्वार।
ऐसी बसंत बहार रहे धरा पर सदाबहार, न कोई दु:खी न लाचार।
हंसी खुशी बिताए जीवन मिला जो इस बार।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# पतंगबाजी का लुत्फ उठाओ पर जरा संभल कर...!



वीरेन्द्र शर्मा वात्स्यायन
ऊना (हिमाचल प्रदेश)
मो. 94172-80333

निस्संदेह बसंत ऋतु का शुभ आगमन हो गया है पर हर गांव, कस्बा व शहर के आसमान के चारों ओर अभी से ही पतंगों का अद्‌भुत नजारा है । सर्द मौसम अपनी चरम सीमा पर रहने के बावजूद समूचा आसमान पतंगों से सटा दिखाई देता है।

दूर -दूर तक जिधर भी नजर दौड़ाओ आपको पतंग ही पतंग नजर आएंगे । क्या बच्चे, क्या युवा सभी पतंगबाजी में दिनभर व्यस्त रहते हैं । पतंग कटने पर आई बो, आई बो की गूंज सुनाई देती है । वैसे तो हमारे देश के अतिरिक्त विदेशों में भी पतंगबाजी बहुत ही लोकप्रिय है। विभिन्न प्रकार के पतंग बनाना एवं पतंग उड़ाना एक खूबसूरत कला है । राजा-महाराजा भी पतंगबाजी का शौक रखते थे । वस्तुत: पतंगबाजी आदिकाल से ही चली आ रही है । अब भी पतंगबाजी बदस्तूर जारी है । नि:सन्देह इसमें जोखिम भी है । अपनी जान खतरे में डालकर पतंगबाजी का लुत्फ उठाना तनिक भी समझदारी का काम नहीं है। बहुतेरे किशोर पतंग उड़ाते समय इतना मग्न हो जाते हैं कि अपनी सुध-बुध भी भूल जाते हैं। यह अच्छी बात नहीं है । पतंगबाजी जीवन का सौदा तो नहीं है। पतंगबाजी के समय छतों से गिरना, करंट लगना, पतंग लूटते दुर्घटनाग्रस्त होना आम बात है । हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान में तो बसंत आने पर खतरे के मद्देनजर पतंगबाजी पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है । भारत में लगभग प्रत्येक राज्य में पतंगबाजी का लोग खूब मजा लेते हैं । कई राज्यों में तो पतंगबाजी को उत्सव के रूप में मनाया जाता है । लखनऊ शहर पतंगबाजी के लिए बहुत ही प्रसिद्ध है । प्राचीन समय में वहां के नवाब पतंगबाजी में बेहद रुचि रखते थे । उनके लिए यह एक मनोरंजन था । सुप्रसिद्ध अंग्रेजी कथाकार रस्किन बांड की कहानी - महमूद द काइट् मेकर इस बात का साक्षात प्रमाण है । वस्तुत: यह कला चीन देश में से प्रारंभ होकर हमारे देश में आई।

बसंत, मकर संक्रांति एवं गोवर्धन पूजा पर पतंगबाजी का अलग ही नजारा होता है। लोग लाउडस्पीकर, डीजे लगाकर पतंग उड़ाकर मस्ती में झूमते नजर आते हैं।

बच्चे तो बच्चे होते हैं पर युवाओं को तो पतंगबाजी के समय कुछेक सावधानियां बरतनी चाहिए । चाइना डोर का तो कतई प्रयोग नहीं करना चाहिए । यह डोर पशु-पंछियों के साथ-साथ इन्सानों के लिए भी बेहद खतरनाक है। चाइना डोर से पंछियों के पंख टूट जाते हैं । इस प्रकार वे उड़ने में असमर्थ हो जाते हैं। राह चलते वाहन चालकों के गले में फंसकर यह चाइना डोर उन्हें घायल कर देती है। यहां तक कि इस डोर से पंछी व इंसानों को अपनी जान भी गंवानी पड़ जाती है । निस्संदेह चाइना डोर के क्रय-विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध है पर इसकी बिक्री बिना रोक-टोक जारी है । सरकार, प्रशासन चाइना डोर बेचने वालों पर सख्ती बरते। पतंगबाजी करने वाले चाइना डोर व मांझा लगी डोर की अपेक्षा देशी सूत का प्रयोग करें तो यह उनके लिए तथा दूसरों के लिए हितकारी होगा । सुरक्षित स्थान पर खड़े होकर पतंगबाजी की जानी चाहिए। घरों की छतों की अपेक्षा खुले मैदानों में पतंग उड़ाए जाएं ।

पतंग बनाने की कला की भान्ति पेंचबाजी भी एक खूबसूरत कला है। पेंचबाजी के बिना पतंग उड़ाना महज ऐसा है जैसे शरीर में आत्मा ही न हो । अत: पतंगबाजी करते समय पेंचबाजी भी जरूरी है । हां, पेंचबाजी में भी आनंद तभी आएगा अगर पेंचबाजी के कुछेक दांव-पेंच के बारे जानकारी हो। पतंग को ज्यादा डोर छोड़कर ऊंचाई पर ले जाकर पेंचबाजी करनी चाहिए। दूसरों के पतंग को नीचे से ऊपर को ले जाकर डोर छोड़ते चलो तब अपनी पतंग को अपनी ओर लगातार खींचने का तनिक भी प्रयास न करें।

राजस्थान के पर्यटन विभाग की ओर से तो तीन दिवसीय पतंगबाजी का महोत्सव मनाया जाता है। यह दृश्य बहुत ही मनमोहक एवं आकर्षक होता है । खुले मैदानों, ऊंचे मकानों पर युवाओं का जोश पेंचबाजी में इतना अधिक होता है कि वे खाना -पीना भी भूल जाते हैं ।

पेंचबाजी में दूसरे पक्ष का पतंग कट जाने पर हो-हल्ला तो ठीक है पर उनका निरादर न करें । पतंग लूटने के लालच में प्राय: बच्चे सड़कों पर चले जाते हैं या ऊंचे स्थानों से छलांग लगाकर पतंग पकड़ने की कोशिश करते हैं । बिजली की तारों में फंसे पतंग को अपनी ओर खींचते हैं । वे ऐसा कदापि न करें अन्यथा कभी भी उनका जीवन गंभीर खतरे में पड़ सकता है । पतंगबाजी खुशियां मनाने के लिए होती है न कि अपना जीवन गंवाने के लिए। आसमान पर उड़ती पतंग हमें हमेंशा ऊच्च शिखर पर रहने की प्रेरणा देती है ।

*उड़ती हुई पतंग हूं मैं......*
*ले जाती हूं अनंत ऊंचाइयों पर*
*दूर बहुत दूर जाकर भी*
*भूलती नहीं हूं अपना अस्तित्व...*

अंतत: यही कहा जा सकता है कि पतंग उड़ाओ, खुशी मनाओ, रोज त्योहार मनाओ पर जरा संभल कर। मौसम हैं आते-जाते। मौसमों का राजा है-बसंत। बसंत पर पतंगबाजी न हो! यह तो हो नहीं सकता कभी। यह तो सर्वविदित है कि जीवन जीना एक कला है, जो इस कला को नहीं जान सकता । उसकी उदासीनता लाइलाज है। अत: जीवन में रंग भरो । पतंगबाजी करने की कोई निश्चित आयु सीमा नहीं है । इसका लुत्फ लड़के-लड़कियां समान रूप से उठा सकते हैं । पतंगबाजी करते हुए झगड़ा करना शोभा नहीं देता। पढ़ाई की एवज में पतंगबाजी करना मूर्खतापूर्ण कार्य है । पहले पढ़ाई या कोई भी अपना जरूरी काम करो । उसके बाद पतंगबाजी द्वारा अपना मनोरंजन करते रहें । सर्दी-गर्मी का ख्याल जरूर रखें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**



# रासायनिक उर्वरकों का बढ़ता जाल : अब बड़े सुधारों की है जरूरत



राम सरन वर्मा
स्वतंत्र लेखक

भारत एक कृषि प्रधान देश है, जहां की एक बड़ी आबादी अपनी आजीविका के लिए सीधे तौर पर खेती पर निर्भर है। देश की बढ़ती खाद्य मांग को पूरा करने के उद्देश्य से पिछले कई दशकों से रासायनिक उर्वरकों का उपयोग निरंतर बढ़ाया गया है।

शुरुआती दौर में इन उर्वरकों ने उत्पादन बढ़ाने में निश्चित रूप से मदद की, लेकिन आज इनके अंधाधुंध और अनियंत्रित उपयोग के कारण कृषि, पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर गंभीर संकट मंडराने लगा है। देश में रासायनिक उर्वरकों के बढ़ते उपयोग का अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि वर्ष 2018-2019 में जहां 115 करोड़ बैग की खपत हुई थी, वहीं 2024-25 के दौरान यह आंकड़ा 150 करोड़ बैग को पार कर गया है। गौर करने वाली बात यह है कि भारत की जनसंख्या लगभग 143 करोड़ है, जबकि उर्वरकों की खपत 150 करोड़ बैग से भी अधिक हो चुकी है। यह असंतुलन न केवल चिंताजनक है, बल्कि भविष्य के लिए एक बड़े खतरे का संकेत भी है। रासायनिक उर्वरकों का असर अब हमारे थाल तक पहुंच चुका है। गेहूं, चावल, दालें, सब्जियां, फल और यहां तक कि दूध, दही और घी भी इनके रसायनों से अछूते नहीं रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप देश में कैंसर, हृदय घात, एलर्जी और मधुमेह जैसी गंभीर बीमारियों के मामले दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे हैं। खेतों की स्थिति भी कम सोचनीय नहीं है।

नयमानुसार, उर्वरकों का उपयोग केवल पौधों की जड़ों के पास होना चाहिए, लेकिन पूरे खेत में इनके छिड़काव से खरपतवार की समस्या बढ़ जाती है। इस खरपतवार को खत्म करने के लिए फिर भारी मात्रा में खरपतवार-नाशक दवाओं का उपयोग होता है, जो मिट्टी की उर्वरता को नष्ट कर देती हैं। मिट्टी की खोई हुई शक्ति वापस पाने के लिए किसान और अधिक खाद डालता है, और यह दुष्चक्र हर साल मिट्टी को और अधिक बंजर बनाता जा रहा है। उर्वरक क्षेत्र में बढ़ता निवेश देश की अर्थव्यवस्था पर भी भारी पड़ रहा है। वर्तमान में देश में प्रतिवर्ष लगभग 3 लाख करोड़ रुपए (सब्सिडी सहित) के रासायनिक उर्वरकों का उपयोग हो रहा है। विडंबना यह है कि हमारा उर्वरक उद्योग 80 प्रतिशत तक विदेशी कच्चे माल या आयातित उर्वरकों पर निर्भर है। कुल 3 लाख करोड़ रुपए में से 2.5 लाख करोड़ रुपए केवल आयात में खर्च हो जाते हैं। सरकार किसानों के कल्याण के लिए भारी सब्सिडी दे रही है। पिछले 10 वर्षों में लगभग 13 लाख करोड़ रुपए की उर्वरक सब्सिडी प्रदान की गई है। इसी सब्सिडी के कारण 40 रुपए प्रति किलो वाली यूरिया खाद किसानों को 6 रुपए प्रति किलो से भी कम दाम पर उपलब्ध है। स्थिति यह है कि यूरिया आज पशुओं के चारे से भी सस्ता हो गया है।

सरकार 85 से 90 प्रतिशत तक सब्सिडी देती है ताकि किसानों को यूरिया एक चाय के कप से भी कम कीमत पर मिले, लेकिन इसी कम कीमत का लाभ उठाकर बिचौलिए इसकी कालाबाजारी करते हैं और कृषि के बजाय इसका उपयोग प्लाईवुड कारखानों, कैटल फीड और मिलावटी दूध बनाने में कर रहे हैं।

इस संकट से उबरने के लिए अब ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। पहले खेतों से निकलने वाले अवशेषों का उपयोग जैविक खाद के रूप में होता था, जिससे मिट्टी का 'जैविक कार्बन' बना रहता था। आज इन अवशेषों को बेचने से किसानों को कुछ लाभ तो होता है, लेकिन वह रासायनिक उर्वरकों की वास्तविक लागत के मुकाबले बहुत कम है।

सरकार को चाहिए कि वह रासायनिक उर्वरकों के बैग का वजन कम कर उसकी जगह जैविक खाद के विकल्प उपलब्ध कराए। धरती की सेहत सुधारने के लिए हरी खाद का अधिक इस्तेमाल किया जाना चाहिए। जैविक खाद के प्रयोग से पौधों की जड़ों को फैलने और गहराई तक जाने का पर्याप्त अवसर मिलता है। एक ही तरह की फसल बार-बार उगाने के बजाय फसल चक्र बदलें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**



# हिमाचल में घोर लापरवाहियां और नौनिहालों की असमय मौत



नरेंद्र भारती
स्वतंत्र लेखक, मंडी

हिमाचल प्रदेश में नौनिहालों की असमय मौतें अब केवल दुर्घटनाएं नहीं रहीं, बल्कि घोर लापरवाही की भयावह परिणति बनती जा रही हैं। ताजा मामला सरकाघाट की ग्राम पंचायत मसेरन के तारंगला गांव का है, जहां बाथरूम में रखे पानी के टब में डूबने से मात्र तीन वर्ष की मासूम बच्ची की मौत हो गई। इस हृदयविदारक हादसे ने एक बार फिर पूरे समाज को झकझोर दिया है। सवाल यह है कि आखिर कब तक मासूम जिंदगियां ऐसी लापरवाहियों की भेंट चढ़ती रहेंगी?

यह कोई अकेली घटना नहीं है। हिमाचल के लगभग हर जिले से समय-समय पर ऐसे रौंगटे खड़े कर देने वाले मामले सामने आते रहे हैं। पिछले एक दशक में सैकड़ों बच्चे ऐसे हादसों में जान गंवा चुके हैं, जिन्हें थोड़ी-सी सतर्कता से रोका जा सकता था। ये हादसे ऐसे घाव दे जाते हैं, जो समय के साथ भर तो जाते हैं, लेकिन उनके निशान परिवार और समाज के मन-मस्तिष्क पर हमेशा बने रहते हैं। जिला मंडी के गोहर क्षेत्र की बस्सी पंचायत के टिक्कर गांव की घटना आज भी लोगों को सिहरने पर मजबूर कर देती है, जहां वर्ष 2018 में दो वर्षीय बच्ची मवेशियों के पानी के टैंक में डूब गई।

माता-पिता की थोड़ी-सी असावधानी उस मासूम की जान ले गई। इसी तरह नेरचौक में कार में सोते बच्चे को बंद करके होटल में चले जाना, करसोग, कनैड और अन्य क्षेत्रों में पानी की टंकियों, चैकडैम, गोबर गैस टैंकों और बिजली की नंगी तारों से बच्चों की मौत-ये सभी घटनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि समाज ने अब तक कोई ठोस सबक नहीं सीखा है।

बरसात की छुट्टियों के दौरान बच्चों का डूबना हिमाचल में मानो एक नियति बन गया है। नदियां, नाले, सिंचाई टैंक और चैकडैम बच्चों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। इसके साथ-साथ बिजली की नंगी तारें, खुले स्विच बोर्ड और असुरक्षित निर्माण भी मासूम जिंदगियों के लिए खतरा बने हुए हैं। विडंबना यह है कि हादसे के बाद हर कोई दुख जताता है, लेकिन कुछ समय बीतते ही वही लापरवाहियां फिर दोहराई जाती हैं।

यह समझ से परे है कि माता-पिता और अभिभावक इतनी असावधानी कैसे बरत लेते हैं। कामकाज और रोजमर्रा की भागदौड़ में वे यह भूल जाते हैं कि उनके छोटे-छोटे बच्चे हर पल उनकी सुरक्षा पर निर्भर हैं। जब तक हादसा नहीं होता, तब तक किसी को खतरे का अहसास नहीं होता और जब होश आता है, तब बहुत देर हो चुकी होती है। ऐसी घटनाएं केवल परिवारों के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए घातक हैं। नौनिहाल किसी भी समाज का भविष्य होते हैं। उनका यूं असमय काल के गाल में समा जाना सामाजिक संवेदनहीनता और प्रशासनिक शिथिलता दोनों को उजागर करता है। यह समय आत्ममंथन का है-व्यक्तिगत स्तर पर भी और सरकारी स्तर पर भी। लोगों को चाहिए कि घरों और आसपास मौजूद पानी की टंकियों, टैंकों, कुओं और बोरवेल्स को पूरी तरह ढककर रखें। बिजली की नंगी तारों को तुरंत दुरुस्त करवाया जाए और स्विच बच्चों की पहुंच से ऊपर लगाए जाएं। बच्चों को कभी भी अकेला न छोड़ा जाए, विशेषकर उन स्थानों पर जहां पानी या बिजली का खतरा हो।

सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। गांव से लेकर शहरों तक खुले टैंकों, कुओं और बोरवेल्स की जांच के लिए एक ठोस व्यवस्था बनाई जानी चाहिए। बिना ढक्कन के टैंकों और खतरनाक ढांचों पर सख्ती से कार्रवाई होनी चाहिए और दोषियों को दंडित किया जाना चाहिए। साथ ही, जागरूकता अभियानों के माध्यम से लोगों को लगातार सावधान किया जाना चाहिए। यदि अब भी समाज और प्रशासन ने गंभीरता नहीं दिखाई, तो ऐसे हृदयविदारक हादसे होते रहेंगे और नौनिहाल यूं ही बेमौत मरते रहेंगे। यह केवल चेतावनी नहीं, बल्कि एक कड़वा सच है, जिसे स्वीकार कर ठोस कदम उठाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**



# बसंत पंचमी : नवचेतना, ज्ञान और जीवन के उल्लास का पर्व



केशव शर्मा रसिक
वरिष्ठ लेखक व साहित्यकार
घुमारवीं, बिलासपुर

बसंत पंचमी भारतीय संस्कृति का एक अत्यंत पावन, सौम्य और प्रेरणादायी पर्व है, जो केवल ऋतु परिवर्तन का संकेत नहीं देता, बल्कि जीवन में नवचेतना, सृजनशीलता और आत्म-जागरण का संदेश भी लेकर आता है। यह पर्व माघ शुक्ल पंचमी को मनाया जाता है और शीत ऋतु के समापन तथा बसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है।

जैसे ही यह दिन आता है, प्रकृति के साथ-साथ मानव मन में भी नई ऊर्जा, आशा और उल्लास का संचार होने लगता है। भारतीय ऋतुचक्र, में बसंत को ऋतुराज' की संज्ञा दी गई है। इस समय प्रकृति अपने संपूर्ण सौंदर्य के साथ जीवंत हो उठती है। पेड़ों पर नई कोपलें फूटने लगती हैं, खेतों में सरसों के पीले फूल लहराने लगते हैं, आम के बौर से वातावरण सुगंधित हो जाता है और चारों ओर हरियाली तथा उल्लास का दृश्य दिखाई देता है। प्रकृति का यह नवजीवन मानो मनुष्य को भी जड़ता त्यागकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। यही कारण है कि बसंत पंचमी का रंग पीला माना जाता है, जो ऊर्जा, प्रसन्नता, ज्ञान और सकारात्मकता का प्रतीक है। बसंत पंचमी का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व अत्यंत विशिष्ट है। इस दिन विद्या, बुद्धि, कला और संगीत की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की पूजा की जाती है। मान्यता है कि इसी दिन मां सरस्वती का प्राकट्य हुआ था। विद्यार्थी, शिक्षक, साहित्यकार, कलाकार और संगीत साधक इस दिन विशेष श्रद्धा के साथ मां सरस्वती की आराधना करते हैं और ज्ञान, विवेक, रचनात्मकता तथा सद्‌बुद्धि का वरदान मांगते हैं। विद्यालयों, महाविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों में सरस्वती पूजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, वाद-विवाद, कविता-पाठ और संगीत प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाता है, जो इस पर्व को जीवंत बनाते हैं।

बसंत पंचमी केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्म-जागरण और चेतन विकास का भी संदेश देती है। यह पर्व हमें सिखाता है कि जैसे प्रकृति शीतकाल की निष्क्रियता को त्यागकर नई शुरुआत करती है, वैसे ही मनुष्य को भी अपने भीतर की निराशा, आलस्य, भय और नकारात्मकता को छोड़कर सकारात्मक सोच और सृजनशील कर्म के मार्ग पर आगे बढ़ना चाहिए। यह दिन आत्ममंथन का अवसर प्रदान करता है-अपने ज्ञान को बढ़ाने, अपनी प्रतिभा को पहचानने और जीवन को सही दिशा देने का। सांस्कृतिक दृष्टि से बसंत पंचमी का भारतीय कला, साहित्य और संगीत से गहरा संबंध रहा है। प्राचीनकाल से ही इस ऋतु में कवि नई रचनाओं की शुरुआत करते थे, संगीतज्ञ बसंत राग की साधना करते थे और कलाकार सृजन के नए प्रयोग करते थे। बसंती गीत, लोकनृत्य और मेलों के माध्यम से यह पर्व जन-जन के उत्सव का रूप ले लेता है, विशेषकर ग्रामीण भारत में इसका स्वरूप अत्यंत जीवंत दिखाई देता है।

आज के तेज रफ्तार, तनावपूर्ण और भौतिकतावादी जीवन में बसंत पंचमी का संदेश और भी अधिक प्रासंगिक हो जाता है। यह पर्व हमें प्रकृति से जुड़ने, ज्ञान और विवेक के महत्व को समझने तथा आंतरिक संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देता है। यह याद दिलाता है कि सच्ची प्रगति केवल भौतिक उपलब्धियों से नहीं, बल्कि चेतना के विकास, आत्म-जागरण और मानवीय मूल्यों से होती है। अत: बसंत पंचमी केवल एक तिथि या धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह जीवन में नवसृजन, ज्ञान, आशा और सकारात्मक परिवर्तन का उत्सव है। यह पर्व हमें प्रकृति की लय के साथ चलने, अपने भीतर छिपी संभावनाओं को जागृत करने और एक बेहतर, संतुलित तथा सार्थक जीवन की ओर अग्रसर होने का संदेश देता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**




**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### 31 तक लंबित बिजली बिल करवाएं जमा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड, सरकाघाट के सहायक अभियंता ई. राज सिंह पराशर ने विद्युत उपमंडल सरकाघाट के तहत आने वाले सभी उपभोक्ताओं से 31 जनवरी तक अपने लंबित बिजली बिलों का भुगतान करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि उपमंडल में घरेलू उपभोक्ताओं के 17,61,243 रुपए तथा व्यवसायिक उपभोक्ताओं के 18,38,220 रुपए बकाया हैं। निर्धारित तिथि तक भुगतान न करने पर बिना किसी अतिरिक्त सूचना के विद्युत आपूर्ति काट दी जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी उपभोक्ताओं की होगी।

### अर्णव ठाकुर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के टॉपर

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पंजालग के आठवीं कक्षा के छात्र अर्णव ठाकुर ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्वामी विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में अर्णव ने क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के लिए विवेकानंद केंद्र में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान मुख्य अतिथि शिल्पी बेक्टा ने अर्णव को मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। अर्णव की इस कामयाबी से लडभड़ोल क्षेत्र में खुशी का माहौल है। प्रधानाचार्य सतीश भारद्वाज और समस्त शिक्षक वर्ग ने अर्णव को बधाई दी है।

### चिट्टे के खिलाफ ग्रामीणों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** डीसी मंडी अपूर्व देवगन ने ग्राम पंचायत भड़ोल में आयोजित ग्राम सभा में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों के साथ-साथ समाज में बढ़ते नशे, विशेषकर चिट्टे के खतरे पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि चिट्टा जैसे जानलेवा नशे से युवा पीढ़ी तेजी से प्रभावित हो रही है, जो समाज के लिए बेहद चिंताजनक है। इसके खात्मे के लिए केवल पुलिस या प्रशासन ही नहीं, बल्कि समाज के हर व्यक्ति को जागरूक होकर जिम्मेदारी निभानी होगी। इस अवसर पर ग्राम पंचायत भड़ोल की प्रधान मीनाक्षी देवी, उप-प्रधान रणजीत चौहान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### श्रीराम की महिमा का गुणगान, बांटा लड्डुओं का प्रसाद

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर के भोजपुर बाजार और प्राचीन भगवान जगन्नाथ मंदिर हंडेटी में श्रीराम मंदिर निर्माण की तीसरी वर्षगांठ को धार्मिक उल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। भोजपुर बाजार के महाराणा प्रताप चौक स्थित पीपल परिसर में व्यापार मंडल व स्थानीय लोगों ने आयोजन कर 61 किलो लड्डूओं का प्रसाद वितरित किया। वहीं, हंडेटी स्थित जगन्नाथ मंदिर में महिलाओं ने भजन-कीर्तन कर श्रीराम का गुणगान किया। इस अवसर पर विधायक एवं प्रदेश भाजपा मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की और आयोजकों की सराहना की। इस अवसर पर व्यापार मंडल और स्थानीय लोगों द्वारा बाजार में भक्तों को प्रसाद वितरित किया है।

### नशामुक्त समाज के निर्माण का लिया संकल्प

**कविता, अनंत ज्ञान, पधर।** पधर उपमंडल की ग्राम पंचायत डलाह में चीटा सहित अन्य नशीले पदार्थों के बढ़ते प्रचलन पर रोक लगाने और ग्रामीणों को इसके दुष्परिणामों से अवगत कराने के लिए नशा रोकथाम एवं जन जागरुकता को लेकर विशाल आम जनसभा आयोजित की गई। इसमें पंचायत प्रतिनिधियों, विभिन्न विभागों के अधिकारी, सामाजिक संगठनों, महिला व युवक मंडलों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नशा निवारण समिति के अध्यक्ष व प्रधानाचार्य लालित ठाकुर ने की। पंचायत प्रधान हेमंत कुमार ने पंचायत स्तर पर निरंतर जागरूकता अभियान चलाने का आश्वासन दिया।

### लोगों को दिलाई नशा मुक्त समाज की शपथ

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी ने नशा उन्मूलन अभियान के तहत ग्राम पंचायत कलौहड़ में आयोजित विशेष ग्राम सभा में लोगों को नशामुक्त समाज की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि इन सभाओं का उद्देश्य चिट्टा सहित अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने युवाओं को नशे से बचाने के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया। इस अवसर पर सुंदरनगर विकास खंड की कई पंचायतों में भी विशेष ग्राम सभाएं आयोजित की गईं, जिनमें पुलिस व एनडीआरएफ ने नशे के दुष्प्रभावों, आपदा प्रबंधन और पुनर्वास योजनाओं की जानकारी दी।

### पेयजल योजना बहाल, लोगों में खुशी

**बालक राम, अनंत ज्ञान, पंडोह।** बरसात में क्षतिग्रस्त खदेड़ा गाड़ा नाल पंडोह पेयजल योजना से अस्थाई रूप से लगाई गई रबर पाइपें चोरी हो जाने से जलापूर्ति बाधित हो गई थी। पिछले छह दिनों से जल शक्ति विभाग के कर्मचारियों व जल रक्षकों के जोखिमपूर्ण परिश्रम से वीरवार को लाइन का 95 फीसदी कार्य पूरा कर पेयजल आपूर्ति बहाल की गई। इस कार्य में अतुल, सूरज, धर्मेंद्र, पंकज व किशन चंद का विशेष योगदान रहा। स्थानीय लोगों ने कर्मचारियों की सराहना की तथा पाइप चोरी की कड़ी निंदा करते हुए विभाग से शिकायत दर्ज करने की मांग की।

### गोहर में किसानों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, मंडी।** ब्लॉक परियोजना प्रबंधन इकाई गोहर में जायका कृषि परियोजना के अंतर्गत स्मॉल हॉर्टीकल्चर एंपावरमेंट एंड प्रमोशन प्रोग्राम पर जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें किसानों को बाजार-उन्मुख खेती, फसल चयन, लागत-लाभ आकलन और एपीएमसी से जुड़ने की जानकारी दी गई। एसएमएस डॉ. खूब राम और बीपीएम डॉ. नरेंद्र कुमार ने किसानों को 'बेचने के लिए उगाओ' की सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में फील्ड विजिट और एपीएमसी भ्रमण के माध्यम से उत्पादन तकनीक और विपणन प्रक्रिया समझाई गई। लगभग 100 किसानों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई और भविष्य में गतिविधियों को बढ़ाने पर चर्चा की।

### कांग्रेस के कार्यक्रम में कटीं जेबें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार की उपस्थिति में नव नियुक्त जिलाध्यक्ष चंपा ठाकुर द्वारा विधिवत कार्यभार ग्रहण कार्यक्रम में अथाह भीड़ के बीच लोगों की जेबें कटने की सूचना है। जानकारी के अनुसार एक सक्रिय कार्यकर्ता को जब जेब कटने का पता चला तो उसने दूसरे सक्रिय कार्यकर्ता को बताया। जब उसने भी अपनी जेब टटोली तो बोला कि यहां तो मुझे भी चूना लग चुका है। वहीं, विधिवत कार्यभार ग्रहण कार्यक्रम में अथाह भीड़ के बीच सीटिंग प्लान गड़बड़ा गया। इसका असर मंच पर भी देखने को मिला। दूसरी ओर जिले में सरकार के विभिन्न निगमों व बोर्डों के अध्यक्षों, उपाध्यक्षों, पार्षदों व अन्यों ने पत्रकार दीर्घा की कुर्सियों पर कब्जा जमा लिया।

### मंडी जिले की तीन बेटियां दिखाएंगी दमखम

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** जिले की महिला कबड्डी खिलाड़ियों ने प्रदेश का नाम रोशन किया है। सीनियर महिला राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए मंडी जिला से तीन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन हुआ है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता तेलंगाना में 27 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित की जाएगी। यह जानकारी जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव नेत्र सिंह ठाकुर ने दी। चयनित खिलाड़ियों में भावना ठाकुर, शगुन नायक और शिवानी ठाकुर शामिल हैं।

# बिंगा दलित बस्ती के डेढ़ दर्जन परिवार सड़क सुविधा से वंचित

## लोगों ने कई बार विभाग और विधायक से लगाई गुहार, अब सड़क पर उतरने की तैयारी

अनंत ज्ञान मुद्दा



सड़क से महरूम दलित बस्ती। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र की बिंगा पंचायत की अनुसूचित जाति की बस्ती, जिसके डेढ़ दर्जन परिवारों के पैंसठ सदस्य आजादी के 78 साल बाद भी सड़क सुविधा से वंचित है। हालांकि, पूर्व सरकार के समय इस बस्ती के लिए सड़क निर्माण का कार्य शुरू हो गया था और इस सड़क में आने वाले नाले के ऊपर पुल के लिए बैली ब्रिज भी पहुंच गया था। इसी दौरान चुनाव होने और सरकार बदलने के बाद वह काम रुक गया, जो तीन साल बाद भी बंद है।

हालांकि विधानसभा चुनावों के दौरान वर्तमान विधायक ने कहा था कि हमारी सरकार आने पर इस दलित बस्ती को सड़क मिल जाएगी, लेकिन इस वादे को विधायक भूल गए हैं। गांव की महिलाओं ने चुनाव जीतने पर विधायक के घर पर बधाई दी और वादे को याद दिलाया था। वहीं, कई बार एक्सईएन के पास भी गए, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। गांववासी रोशनलाल, राजेश कुमार, रमेश, सुखराम, नरेश, विनोद, प्रमोद, कुलदीप, भागी राम, दिनेश, राकेश, उमेश, बालम, बंटी, पवन, सुरेश, संदीप, विनोद कुमार ने बताया कि उन्हें केवल वोट बैंक के रूप में ही आज तक इस्तेमाल किया गया है। इसी बस्ती की निवासी ब्यासां, रामदेई, कलां, रूमा इत्यादि लंबे अरसे से बीमार हैं, जिन्हें अस्पताल पीठ पर या पालकी में उठाकर ले जाना पड़ता है और पूर्व में समय पर अस्पताल न पहुंच पाने के कारण पांच मौतें हो चुकी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उद्घाटन के बाद अब काम रुका हुआ है और कुछ लोगों ने सड़क पर अवैध रूप में कब्जा भी कर दिया है।

पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा लगभग 20 लाख रुपए खर्च किए गए हैं, जिसके चलते बिंगा से दलित बस्ती और चंबी गांव से बिंगा दलित बस्ती को जोड़ा जाना है। ग्रामीणों का आरोप है कि चंबी गांव से आने वाली सड़क पर समतल जगह होने के कारण दो लोगों ने काम बंद करवा दिया है, जो सत्ताधारी विधायक के समर्थक हैं। वहीं, गांव के लिए एंबुलेंस सुविधा भी नहीं है, जो ग्रामीणों के लिए जीवन और मृत्यु का प्रश्न बना हुआ है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और विधायक चंद्रशेखर से गुहार लगा रहे हैं। अधूरे सड़क कार्य के कारण उनके घर ढांक (पहाड़ी) पर लटक गए हैं, जो किसी भी बरसात में ढह सकते हैं। 2007-08 में छुईघाट से बिंगा मढ़ी सड़क बनी थी, जिसमें दलित बस्ती के 2 परिवारों की जमीन गांव वालों द्वारा यह बोल कर ली गई कि आपकी भी सड़क दी जाएगी, लेकिन बस्ती को एंबुलेंस सड़क नहीं मिली। अब बस्ती के लोगों ने छई घाट से बिंगा के लिए अपनी जमीन दी थी, उसको वापस लेने की मांग उठाई है। उधर, पूर्व जिला परिषद सदस्य भूपेंद्र सिंह ने भी ग्रामीणों की मांग का समर्थन किया है और कहा कि यदि एक माह में काम शुरू नहीं किया गया तो वे ग्रामीणों के साथ मिलकर सड़क पर उतर कर प्रदर्शन करेंगे।

हिमाचल डेंटल कॉलेज में क्रयाश टीम ने किया विशेष कार्यक्रम आयोजित

# स्टूडेंट्स को एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस के प्रति किया जागरूक



ग्रामीण विद्यालय की लाइब्रेरी को भेंट की महत्वपूर्ण पुस्तकें। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** हिमाचल डेंटल कॉलेज सुंदरनगर में वीरवार को क्रयाश टीम की ओर से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धंगियारा के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस जैसी गंभीर वैश्विक स्वास्थ्य चुनौती के प्रति जागरूक करना रहा।

विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को एंटीबायोटिक दवाओं के सही उपयोग, उनके अनावश्यक और गलत प्रयोग से उत्पन्न होने वाले दुष्परिणामों तथा इससे समाज और भविष्य की पीढ़ियों पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में सरल और प्रभावी ढंग से जानकारी दी। क्रयाश टीम ने बताया कि एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस एक वैश्विक संकट के रूप में उभर रहा है, जिससे निपटने के लिए जन-जागरुकता आवश्यक है। विद्यार्थियों को समाज में स्वास्थ्य एवं जागरुकता से जुड़े मुद्दों पर स्वयंसेवक के रूप में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। वहीं, मेधावी विद्यार्थियों के शैक्षणिक भविष्य को ध्यान में रखते हुए स्कूल की लाइब्रेरी को नीट परीक्षा की तैयारी से संबंधित महत्वपूर्ण पुस्तकें भेंट की गईं, जिससे छात्रों को बेहतर अध्ययन संसाधन उपलब्ध हो सकें। क्रयाश टीम ने बताया कि उनका उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य और जन-जागरुकता के माध्यम से युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करना है। इस पहल को विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सराहा तथा भविष्य में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

## त्रिलोकीनाथ मंदिर से शीतला माता मंदिर तक नो पार्किंग जोन घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने अधिसूचना जारी कर पुरानी मंडी क्षेत्र में त्रिलोकीनाथ मंदिर के समीप स्थित मौजूदा पार्किंग स्थल से लेकर शीतला माता मंदिर तक के मार्ग को नो पार्किंग जोन घोषित कर दिया है। यह निर्णय क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने और सार्वजनिक सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। अधिसूचना मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 117 के तहत जारी की गई है। उपायुक्त ने बताया कि नो पार्किंग जोन को लेकर 15 दिसम्बर 2025 को प्रारूप अधिसूचना जारी कर आम जनता से एक माह की अवधि के भीतर आपत्तियां आमंत्रित की गई थीं। निर्धारित समयावधि में किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था की ओर से कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई। उन्होंने कहा कि इस मार्ग को नो पार्किंग जोन घोषित किए जाने से क्षेत्र में लगने वाले यातायात जाम से राहत मिलेगी तथा स्थानीय लोगों और पर्यटकों को आवागमन में सुविधा होगी। यह निर्णय जनहित को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

# डीसी ने किया लडभड़ोल तहसील का निरीक्षण

◆ **राजस्व मामलों के त्वरित निपटारे पर जताया संतोष कार्यों की गति को सराहा**

अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** डीसी अपूर्व देवगन ने वीरवार को लडभड़ोल तहसील क्षेत्र का एकदिवसीय दौरा कर तहसील कार्यालय में चल रहे राजस्व कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने पटवार भवन का भी जायजा लिया तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक कर कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के दिशा-निर्देश जारी किए। डीसी ने कहा कि मुख्यमंत्री का मुख्य फोकस राजस्व मामलों के त्वरित निपटारे पर है।

इसी दिशा में राज्यभर में निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। मंडी जिला प्रशासन द्वारा हर माह मुख्यालय स्तर पर तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों तथा सब-डिविजनल कलेक्टर्स के साथ समीक्षा बैठकें आयोजित की जाती हैं। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर कार्यों की वास्तविक स्थिति जानने के लिए तहसीलों व उप तहसीलों का औचक निरीक्षण आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान तकसीम, निशानदेही सहित अन्य राजस्व न्यायालय मामलों में निपटारे की गति का आकलन किया जाता है। डीसी ने लडभड़ोल तहसील के कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए बताया कि यहां तैनात तहसीलदार पिछले करीब 10 माह से तहसीलदार व नायब तहसीलदार दोनों पदों का कार्यभार संभाल रहे हैं। इसके बावजूद मामलों का निपटारा तेज गति से हो रहा है और लंबित मामलों की संख्या काफी कम है। उन्होंने एसडीएम और तहसीलदार द्वारा किए जा रहे कार्यों को सराहनीय बताया। डीसी ने निर्देश दिए कि राजस्व से जुड़े सभी कार्य, चाहे वे कोर्ट केस हों, प्रमाण पत्र जारी करना हो या पटवार खाना स्तर पर आने वाले आवेदन समयबद्ध व पारदर्शी तरीके से निपटाए जाएं। उन्होंने कहा कि मंडी प्रशासन का उद्देश्य है कि आम जनता को राजस्व कार्यों के लिए अनावश्यक परेशान न होना पड़े। लडभड़ोल के निरीक्षण के बाद डीसी मंडी जोगिंद्रनगर तहसील के लिए रवाना हुए। उन्होंने बताया कि वहां भी इसी तर्ज पर केस-बाय-केस समीक्षा कर राजस्व कार्यों की प्रगति की जांच की जाएगी।

## पंडोह पंचायत की ग्रामसभा में चिट्टे के खिलाफ जंग का ऐलान

**बालक राम, अनंत ज्ञान, पंडोह।** हिमाचल सरकार के चिट्टे के खिलाफ अभियान के तहत सदर विकास खंड की पंचायत पंडोह में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता उपप्रधान पवन ठाकुर ने की, जबकि प्रशासनिक अधिकारी के रूप में अध्यापिका मीरा नेगी ने कार्यवाही दर्ज की। ग्राम सभा से चिट्टे के खिलाफ निर्णायक जंग का ऐलान किया गया, जिसमें मातृशक्तियों व युवतियों ने विशेष रुचि लेते हुए नशे को जड़ से समाप्त करने के लिए पंचायत व सरकार को हर स्तर पर सहयोग का आश्वासन दिया। पंचायत सदस्यों ने संकल्प लिया कि चिट्टे के नशेड़ियों व सौदागरों की सूचना पुलिस को दी जाएगी, ताकि नशे की कमर तोड़ी जा सके। वार्ड सदस्य गोपाल ठाकुर ने बताया कि पडोह नशे का केंद्र बन चुका है, जिससे युवाओं को बचाना बेहद जरूरी है। उपप्रधान पवन ठाकुर ने कहा कि चिट्टा चलती-फिरती मौत है और समाज को इससे मुक्त करने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। इस अवसर पर युवाओं ने सुझाव दिए और एसडीआरएफ द्वारा आगजनी से बचाव का प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रशासनिक अधिकारी मिरा नेगी ने पडोह के लोगों को सूचित करते हुए कहा कि पंचायत की ग्राम पंचायत 25 जनवरी दिन रविवार को आयोजित की जा रही है, सभी अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज करें।

# सरकाघाट में 72 लोगों ने किया रक्तदान



अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** हिमालयन ब्लड डोनर्स संस्था द्वारा आयोजित 105वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर नागरिक अस्पताल सरकाघाट में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर का आयोजन जोनल अस्पताल मंडी की ब्लड बैंक टीम की देखरेख में किया गया, जिसमें 9 नारीशक्ति सहित कुल 72 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरकाघाट पत्रकार संघ के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार प्रताप सिंह चौहान ने किया। उन्होंने रक्तदान को महादान बताते हुए संस्था की सेवा भावना की सराहना की और 5100 रुपए की सहयोग राशि भी भेंट की। शिविर में अस्पताल के मनु रोग विशेषज्ञ डॉ. महेंद्र ने टीम का नेतृत्व किया, जबकि राजकीय नर्सिंग कॉलेज सरकाघाट की छात्राओं ने व्यवस्थाएं संभालीं, जिनमें से एक छात्रा ने स्वयं रक्तदान भी किया। ब्लड बैंक टीम ने स्वास्थ्य जांच के उपरांत सुरक्षित रक्त संग्रह किया। संस्था के संयोजक सुरेश कुमार, रणवीर सिंह और मधु मोहन ने सभी सहयोगियों व रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित करने की बात कही।

## स्मार्ट बिजली मीटर योजना से उपभोक्ताओं में नाराजगी निजीकरण का लगाया आरोप

◆ **छोटा भंगाल व चौहार घाटी के जनप्रतिनिधियों ने गरीब व मध्यम वर्ग विरोधी बताया**

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** समूचे प्रदेश में स्मार्ट बिजली मीटर लगाए जाने की प्रक्रिया शुरू होने से उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। छोटाभंगाल घाटी की मुल्थान पंचायत की प्रधान दुर्गेश कुमारी, पूर्व बीडीसी सदस्य कमलेश कुमारी, लोआई पंचायत के उपप्रधान तिलक ठाकुर, चौहार घाटी की बरोट पंचायत के प्रधान रमेश ठाकुर, लपास पंचायत के प्रधान रमेश चंद, बारोट पंचायत के पूर्व प्रधान सुभाष ठाकुर सहित बलदेव सिंह, वजिंद्र सिंह और प्रकाश कुमार ने सरकार के इस निर्णय पर कड़ा ऐतराज जताते हुए कहा कि यह योजना बिजली वितरण के निजीकरण, सब्सिडी समाप्त करने, कर्मचारियों की छंटनी और पेंशन व्यवस्था खत्म करने की दिशा में पहला कदम है। नप्रतिनिधियों ने कहा कि इससे गरीब और मध्यम वर्ग बार-बार रिचार्ज का बोझ नहीं उठा पाएंगे और बिजली से वंचित हो सकते हैं, इसलिए केंद्र और प्रदेश सरकार को चाहिए कि स्मार्ट मीटरों के बजाय पुराने मीटरों को ही यथावत रखा जाए।

## स्मार्ट मीटर बदलने के कार्य में उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** विद्युत मंडल जोगिंद्रनगर नगर के तहत आने वाले सभी विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया कि क्षेत्र में पुराने बिजली मीटरों को चरणबद्ध तरीके से नए उन्नत मीटरों में बदला जा रहा है। यह कार्य लगातार प्रगति पर है। विभाग ने स्पष्ट किया कि नए मीटरों को लेकर कुछ स्थानों पर फैली भ्रांतियों का कोई आधार नहीं है। विद्युत मंडल जोगिंद्रनगर के अधिशाषी अभियंता पूर्ण चंद्र ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा यह आशंका जताई जा रही है कि नए मीटर लगने से गलत रीडिंग आएगी या बिजली का बिल अधिक आएगा, जबकि ऐसा बिल्कुल नहीं है। नए मीटर पूरी तरह से सटीक रीडिंग के आधार पर ही बिल तैयार करते हैं, जिससे उपभोक्ताओं को अपनी वास्तविक बिजली खपत की सही जानकारी मिलती है। उन्होंने कहा कि नए मीटर उपभोक्ताओं के वास्तविक विद्युत भार को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं। इससे अतिरिक्त अनधिकृत विद्युत भार की समय रहते पहचान हो जाती है, जिसे नियमित कर भविष्य में किसी प्रकार के जुर्माने से बचा जा सकता है।

# उहलधार गांव में सात माह से पेयजल संकट

**अनंत ज्ञान, बरोट।** जलशक्ति विभाग के मंडल बैजनाथ और अनुभाग बीड़ के तहत छोटा भंगाल घाटी की मुल्थान पंचायत के उहलधार गांव में बीते सात महीनों से गंभीर पेयजल संकट बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार, भारी बारिश के दौरान उहलधार नाले में आई बाढ़ से उठाऊ पेयजल योजना का एक पंप हाउस और उससे जुड़ा जल भंडारण टैंक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे गांव की मुख्य जलापूर्ति ठप हो गई। गांव के निवासी और क्षेत्र के पूर्व बीडीसी सदस्य हीरालाल, निगरू राम, हल्कू राम और लाल सिंह ने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा वैकल्पिक स्रोत से पानी की आपूर्ति की जा रही है, लेकिन वह पर्याप्त नहीं है। पंप हाउस और मशीनरी के खराब होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और विभाग की ओर से अब तक ठोस कार्रवाई न होने से रोष बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने जलशक्ति विभाग और बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल से मांग की है कि पंप हाउस का पुनर्निर्माण शीघ्र किया जाए। इस संबंध में जलशक्ति विभाग बैजनाथ के सहायक अभियंता सरती शर्मा ने बताया कि समस्या की डीपीआर तैयार कर डीसी कांगड़ा, धर्मशाला को भेज दी गई है और धनराशि स्वीकृत होते ही पुनर्निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

## वोल्वो बस की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौत, चालक पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** थाना औट क्षेत्र के अंतर्गत पनारसा चौक राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई। कुल्लू से मंडी की ओर जा रही वोल्वो बस के चालक ने तेज रफ्तारी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए सड़क पार कर रही बुजुर्ग महिला को टक्कर मार दी। घायल महिला की पहचान लुहारी देवी पत्नी बीरु राम निवासी गांव नाऊ डाकघर औट तहसील औट रूप में हुई। स्थानीय लोगों की मदद से महिला को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उसे क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू रेफर किया, जहां मौत हो गई। पुलिस ने चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले की पुष्टि पुलिस अधीक्षक मंडी साक्षी वर्मा ने की है।

# शानन पोस्ट ऑफिस बंद होने के विरोध में जोगिंद्रनगर में चक्का जाम



ग्रामीणों ने डाक विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर के शानन क्षेत्र में स्थित पोस्ट ऑफिस को बंद किए जाने के विरोध में वीरवार को स्थानीय लोगों का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। ग्रामीणों ने मंडी-पठानकोट नेशनल हाईवे पर चक्का जाम कर डाक विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पोस्ट ऑफिस को तत्काल उसी स्थान पर बहाल करने की मांग उठाई।

इस डाकघर से कुपड़, शानन, हराबाग, अप्रोच रोड, सयूरी, छपरोट और हरनाला सहित आसपास के गांव लाभान्वित होते थे। बंद होने से पेंशन वितरण, डाक सेवाएं और अन्य सरकारी कार्य प्रभावित हुए हैं, जिससे बुजुर्गों को दूर-दराज के क्षेत्रों में जाना पड़ रहा है। प्रदर्शन में शामिल एडवोकेट सन्नी बिष्ट ने चेतावनी दी कि पोस्ट ऑफिस पुनः संचालन तक आंदोलन जारी रहेगा। चक्का जाम के कारण नेशनल हाईवे पर लंबी कतारें लग गईं, यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी। सूचना पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और बातचीत के बाद यातायात बहाल किया। इस अवसर पर ग्रामीणों के एक शिष्टमंडल ने उपायुक्त अपूर्व देवगन से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने डीसी से पोस्ट ऑफिस को पूर्ववत स्थान पर खोलने की मांग की। इस मौके पर राकेश नरवाल, हार गुनैन पंचायत प्रधान सन्नी बिष्ट, जिला परिषद सदस्य विजय भाटिया और सुरेंद्र काचरू उपस्थित रहे।

# सोहन लाल ने लिया सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा



कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेते सोहन लाल। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** उपमंडल सुंदरनगर की निहरी पंचायत में 28 जनवरी को आयोजित होने वाले सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर ने राजकीय महाविद्यालय निहरी के प्रांगण में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी, कार्यकारी तहसीलदार निहरी टेकचंद चौहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

पूर्व सीपीएस ने अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार का यह महत्वाकांक्षी कार्यक्रम आम जनता की समस्याओं का उनके घर-द्वार के समीप समाधान करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है, ताकि लोगों को त्वरित राहत मिल सके। उन्होंने जानकारी दी कि कार्यक्रम के तहत पंचायत निहरी सहित आसपास की पांच पंचायतें घड़ोई, मराहड़ा, बजीहन, जरल और बंदली के लोगों की समस्याएं सुनी जाएंगी तथा उनका मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा। वहीं, प्रदर्शनियां भी लगाई जाएंगी। पूर्व सीपीएस ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम से पूर्व निहरी व आसपास की पंचायतों से प्राप्त सभी शिकायतें चाहे वे ऑनलाइन माध्यम से हों या व्यक्तिगत रूप से दर्ज की गई हों, का निपटारा कर एक विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट तैयार की जाए। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों व अधिकारियों से अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम के प्रति जागरूक करने का भी आग्रह किया, ताकि लोग समय रहते अपनी समस्याएं संबंधित विभागों तक पहुंचा सकें और कार्यक्रम के दिन एक ही छत के नीचे समाधान प्राप्त कर सकें।

## टिहरा से बांदल तक निकाली जाएगी देशभक्ति एवं नशा मुक्ति पैदल यात्रा 26 को

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश पूर्व सैनिक लीग और नशा मुक्ति अभियान समिति धाड़ता द्वारा 26 जनवरी को टिहरा से बांदल चौक स्थित शहीद स्मारक तक देशभक्ति एवं नशा मुक्ति पैदल यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारियों के लिए पूर्व सैनिक लीग कार्यालय में भूपिंदर भूप्पी की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें कैप्टन रमेश तपवाल, सुरेंद्र जम्वाल, रविन्द्र कुमार, प्रकाश गुलेरिया, जगदीश राणा, अशोक चंदेल, साक्षरता एवं ज्ञान विज्ञान समिति, पंचायत प्रतिनिधि व अन्य सामाजिक संस्थाओं के सदस्य उपस्थित रहे। यात्रा सुबह 9:30 बजे टिहरा बाजार से शुरू होगी, जिसमें पूर्व सैनिकों, पंचायत प्रतिनिधियों, महिला मंडलों, सामाजिक संस्थाओं, स्कूली बच्चों और नशा मुक्ति अभियान के कार्यकर्ता भाग लेंगे। भूपिंदर भूप्पी ने क्षेत्रवासियों से यात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लेने और नशा उन्मूलन में सहयोग देने की अपील की।

# विनय के सामने सोहन के बयान पर छलका प्रकाश चौधरी का दर्द

अनंत ज्ञान

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार की मौजूदगी में मंडी में आयोजित कांग्रेस जिला अध्यक्ष चंपा ठाकुर के पदभार ग्रहण समारोह के दौरान पार्टी के भीतर चल रही असंतोष की लहर खुले मंच पर देखने को मिली।

कार्यक्रम का उद्देश्य जहां संगठन को मजबूत करने और एकजुटता का संदेश देने का था, वहीं मंच से हुई तीखी बयानबाजी ने पार्टी की अंदरूनी कलह को सार्वजनिक कर दिया। पूर्व विधायक सोहन लाल ठाकुर ने पूर्व जिला कार्यकारिणी को लेकर टिप्पणी करते हुए कहा कि पहले 400 सदस्यों की कार्यकारिणी बनाई गई थी, लेकिन उसमें कई ऐसे लोग शामिल थे जो केवल मंच पर आकर फोटो खिंचवाते और उसे सोशल मीडिया पर डालते थे। उन्होंने कहा कि जब भाजपा के खिलाफ किसी प्रदर्शन या आंदोलन की बात आती थी, तो उनमें से 40 लोग भी मैदान में नजर नहीं आते थे। सोहन लाल ठाकुर के इस बयान को कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पूर्व कार्यकारिणी पर सीधा हमला माना। इसके बाद जब मंच पर पूर्व मंत्री एवं पूर्व जिलाध्यक्ष प्रकाश चौधरी का संबोधन शुरू हुआ तो उन्होंने सोहन लाल ठाकुर की टिप्पणी पर कड़ी नाराजगी जताई। प्रकाश चौधरी ने कहा कि 'सोहन लाल जी को यह मुद्दा नहीं छेड़ना चाहिए था।' उन्होंने आगे कहा कि सोहन ठाकुर के ही हलके से 11 सदस्यों को कार्यकारिणी में शामिल किया गया था, जबकि उन्होंने अपने क्षेत्र से केवल 6 लोगों को ही रखा था। उन्होंने 400 सदस्यों वाली कार्यकारिणी की बात का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय संगठन को उन्होंने बेहद कठिन परिस्थितियों में चलाया, जब प्रदेश में भाजपा की सरकार थी और मुख्यमंत्री भी भाजपा के थे। मंच से हो रही इस तीखी बहस का असर नीचे बैठे कार्यकर्ताओं पर भी दिखा। जैसे ही प्रकाश चौधरी बोल रहे थे, कई कार्यकर्ता अपनी कुर्सियों पर खड़े होकर बहस करने लगे। माहौल तनावपूर्ण होता देख कार्यक्रम में मौजूद अन्य वरिष्ठ नेताओं ने हस्तक्षेप किया और दोनों पक्षों से संयम बरतने की अपील की। इसी दौरान कुछ कार्यकर्ता भी मंच के पास आकर नेताओं से विवाद न बढ़ाने की गुजारिश करने लगे। हालांकि बाद में स्थिति को संभाल लिया गया और कार्यक्रम आगे बढ़ा, लेकिन इस घटनाक्रम ने यह स्पष्ट कर दिया कि मंडी कांग्रेस संगठन में अंदरूनी असंतोष अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है।

## न्यूज ब्रीफ

### अंबेहड़ा-धमांदरी पर वाहनों की आवाजाही रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** अंबेहड़ा से धमांदरी सड़क मार्ग (किलोमीटर 0/000 से 8/300) पर वाहनों की आवाजाही 24 जनवरी से 23 फरवरी तक बंद रहेगी। इस दौरान यातायात को वैकल्पिक सड़क मार्ग धमांदरी-नंगल सलांगड़ी-अमरोह वाया कुडू पर मोड़ा गया है। डीसी ऊना, जतिन लाल ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 व 116 के अंतर्गत यह आदेश जारी करते हुए कहा कि यह आदेश प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत अंबेहड़ा से धमांदरी सड़क मार्ग के अपग्रेडेशन सहित अन्य निर्माण कार्यों को त्वरित व सुचारू रूप से करने को लेकर जारी किए हैं। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को सड़क बंद करने को लेकर जनता को सूचित करने और मार्ग परिवर्तन की जानकारी देने के लिए अग्रिम बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं।

### चिट्टे की समस्या पर विचार-विमर्श किया

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** गगरेट विधानसभा क्षेत्र के गोंदपुर बनेहड़ा में वीरवार को चिट्टे के खिलाफ ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत गोंदपुर बनेहड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्रामीणों ने इसमें भाग लेकर नशे के विरुद्ध एकजुटता दिखाई। ग्राम सभा के दौरान चिट्टे की समस्या पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। ग्राम सभा मे बढ़ते नशे की रोकथाम व युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने के लिए प्रभावी उपायों और सुझावों पर मंथन किया। इस मौके पर पुलिस थाना अंब से अधिकारी धीरज कुमार ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए बताया कि यदि किसी को चिट्टे की तस्करी या सेवन से जुड़ी कोई जानकारी हो, तो वह बिना किसी संकोच के नशा निवारण कमेटी या संबंधित पुलिस थाना को सूचित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम व पता पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि चिट्टे सहित अन्य मादक पदार्थों की तस्करी पर पूर्ण अंकुश लगाने के लिए जन सहयोग अत्यंत आवश्यक है। साथ ही बच्चों व युवाओं को इसके घातक परिणामों के प्रति जागरूक करना समय की मांग है। ग्राम पंचायत गोंदपुर बनेहड़ा के पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि ग्राम सभा में उपस्थित लोगों ने चिट्टे के खिलाफ एक स्वर में आवाज बुलंद की है। इस मौके पंचायत प्रधान रवि कांता, उपप्रधान बलवंत सिंह, पंचायत सदस्य एडवोकेट राज कुमारी, पुमान, सीमा, तृप्ता, मंजिष्ठा, जीवन कुमार, यशपाल सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

### नशीले पदार्थों से दूर रहने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** वीरवार को प्रागपुर ब्लॉक की गंगोट पंचायत को चिट्टा (तंबाकू या नशीले पदार्थ) मुक्त क्षेत्र बनाने के उद्देश्य से, पंचायत प्रधान ऐश्वर्या शर्मा की अगुवाई में पंचायत भवन प्रांगण में एक महत्वपूर्ण शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस पहल का लक्ष्य न केवल स्थानीय स्तर पर नशीले पदार्थों के सेवन को रोकना है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है ताकि क्षेत्र स्वच्छ बना रहे। प्रधान ऐश्वर्या शर्मा ने उपस्थित सभी लोगों को शपथ दिलाते हुए कहा कि हर निवासी की जिम्मेदारी है कि वे स्वयं 'चित्त' का सेवन न करें और अपने दोस्तों व रिश्तेदारों को भी इसके सेवन से बचने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने जोर देकर कहा, 'हमारा लक्ष्य गंगोट पंचायत को पूरी तरह से 'चित्त' मुक्त बनाना है। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में उप प्रधान सौरभ पराशर, पटवारी अश्विनी कुमार, पंचायत सेक्रेटरी मोनिका, दिनेश कुमार और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रीता देवी सहित कई अन्य स्थानीय निवासी शामिल थे, जिन्होंने इस जनहितकारी पहल में सक्रिय रूप से भाग लिया।

### शिव मंदिर बड़ोआ में श्रद्धालुओं ने प्रसाद किया ग्रहण

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** ऐतिहासिक प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के पावन अवसर पर खरयालता पंचायत के शिव मंदिर बड़ोआ में श्रद्धा और भक्ति के वातावरण के बीच विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान श्री राम के जयकारों के साथ प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः पूजा-अर्चना एवं हवन के साथ की गई, जिसमें विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण किया गया। इसके पश्चात भंडारे का शुभारंभ हुआ। भंडारे में दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं सहित स्थानीय ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। आयोजक रघुवीर सिंह संगम एवं ललित साहनी ने बताया कि श्री राम प्राण प्रतिष्ठा का यह पर्व सनातन संस्कृति और आस्था का प्रतीक है। इसी भावना के तहत सभी भक्तों के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई, ताकि समाज में सेवा, समरसता और भाईचारे का संदेश दिया जा सके। भंडारे के दौरान सुरक्षा, स्वच्छता एवं अनुशासन की विशेष व्यवस्था की गई थी। युवाओं एवं मंदिर समिति के सदस्यों ने सेवा कार्य में सक्रिय भूमिका निभाई। श्रद्धालुओं ने आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए इसे एक यादगार एवं सफल कार्यक्रम बताया। अंत में भगवान श्री राम और भगवान शिव से क्षेत्र में सुख-समृद्धि, शांति एवं सद्भाव बनाए रखने की कामना की गई।

### हलवा-चने का प्रसाद वितरित कर दिखाई श्रद्धा



**अनंत ज्ञान, अंब।** अंब नगर पंचायत में अयोध्या स्थित श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंगलवार को श्रद्धा और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। इस पावन अवसर पर नगर के दुकानदारों ने बाजार क्षेत्र में सामूहिक रूप से हलवा और चने का प्रसाद वितरित कर श्रद्धा भाव प्रकट किया। सुबह से ही बाजार क्षेत्र भक्तिमय माहौल से भर गया, दुकानों को सजाया गया और जय श्री राम के जयघोष के साथ श्रद्धालुओं को प्रसाद दिया गया। इस आयोजन में व्यापारियों के साथ स्थानीय नागरिक, महिलाएं, बुजुर्ग और युवा बढ़-चढ़कर भाग लेकर इसे सफल बनाया। दुकानदारों ने कहा कि अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि देश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है। दो वर्ष पूर्ण होने पर यह छोटा सा आयोजन श्रद्धा, एकता और सामाजिक समरसता का संदेश देने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने भगवान श्री राम के आदर्श–मर्यादा, सत्य और सेवा–को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। स्थानीय युवाओं ने प्रसाद वितरण में व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय योगदान दिया। आयोजन शांतिपूर्ण और अनुशासित ढंग से संपन्न हुआ। नगरवासियों ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक और सामाजिक आयोजन आने वाली पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### 'हिंपा उद्योग' में उत्पादन की बारीकियां सीखीं

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छेत्रां के कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने वीरवार को टाहलीवाल स्थित 'हिंपा उद्योग' का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह भ्रमण विद्यालय के डीपी जितेंद्र कुमार एवं अध्यापिका अंजू रीहल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। उद्योग प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों व शिक्षकों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। भ्रमण के दौरान बच्चों को उद्योग परिसर में निर्मित होने वाले विभिन्न उत्पादों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें जूस, अचार, सॉस तथा मुरब्बा बनाने की प्रक्रिया को चरणबद्ध रूप से दिखाया और सरल भाषा में समझाया गया। उद्योग के विशेषज्ञों ने उत्पादन की प्रत्येक अवस्था के बारे में बच्चों को रोचक ढंग से जानकारी दी। विद्यार्थियों ने उत्सुकता के साथ उत्पादन से संबंधित अनेक प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर हिंपा उद्योग के संचालक रोहित वर्मा ने अत्यंत विनम्रता एवं धैर्यपूर्वक दिया। इस शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों को उद्योग जगत की कार्यप्रणाली को निकट से समझने का अवसर मिला।

### नशे से दूर रहने व सतर्क रहने का आह्वान

**अनंत ज्ञान, लठियानी।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थानाकलां में प्रधानाचार्य संजीव पराशर ने ग्राम पंचायत थानाकलां के प्रधान सरोज कुमारी, उप प्रधान ओम प्रकाश, पंचायत सदस्यों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों को संबोधित करते हुए चिट्टा जैसे नशीले पदार्थों के विरुद्ध सशक्त संदेश दिया। उन्होंने कहा कि नशा न केवल युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बनाता है, बल्कि पूरे समाज की जड़ों को खोखला कर रहा है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने पंचायत के सभी सदस्यों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई और जोर दिया कि यह केवल शब्दों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे अपने आचरण में उतारना आवश्यक है। प्रधान सरोज कुमारी ने युवाओं से नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल और सकारात्मक गतिविधियों को अपनाने का आह्वान किया। उप प्रधान ओम प्रकाश ने अभिभावकों से बच्चों पर सतत नजर रखने और संवाद बनाए रखने का आग्रह किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि हिमाचल सरकार चिट्टे के खिलाफ कड़े कानून लागू कर रही है, लेकिन सामाजिक सहयोग के बिना इस लड़ाई को जीता नहीं जा सकता। उन्होंने सभी पंचायत सदस्यों से अपील की कि वे मिलकर अपनी पंचायत को नशा मुक्त बनाने का दृढ़ संकल्प लें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# मनरेगा का नाम बदलने पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

## तहसीलदार के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन, पहले जैसा नाम करने की मांग की

अनंत ज्ञान



विधायक राकेश व देसराज गौतम एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए। अनंत ज्ञान

**गगरेट।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदलकर इसे विकसित भारत गारंटी फार रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीवी जी राम जी करने पर भड़की कांग्रेस अब इस मुद्दे को संसद से सड़क तक ले आई है।

वीरवार को ब्लाक कांग्रेस गगरेट ने तहसील मुख्यालय घनारी में इसके विरोध में जमकर प्रदर्शन किया और तहसीलदार के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर इसका त्वरित संज्ञान लेते हुए मनरेगा का नाम व काम पहले जैसा करने की मांग की है। कांग्रेस ने कहा कि इस मुद्दे पर वह चुप नहीं बैठेगी और इस मुद्दे को लेकर गांव-गांव तक जाएगी। वीरवार को मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में विधायक राकेश कालिया, जिला कांग्रेस अध्यक्ष देसराज गौतम, मनरेगा बचाओ अभियान के संयोजक जयवर्द्धन खुराना, ब्लाक कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कंवर के साथ भारी तादाद में कांग्रेस कार्यकर्ता तहसील मुख्यालय घनारी में एकत्रित हुए और मनरेगा का नाम बदलने पर केंद्र सरकार के विरुद्ध जमकर भड़ास निकाली।

विधायक राकेश कालिया ने कहा कि जब-जब एनडीए सरकार सत्ता में आई है, तब-तब वह अपनी योजनाएं तैयार कर उन्हें धरातल पर तो नहीं उतार पाई, बल्कि कांग्रेस सरकार की योजनाओं के नाम बदलने का ही काम किया है। उन्होंने कहा कि जनता के हित के लिए कांग्रेस द्वारा चलाई गई योजनाओं के सिर्फ नाम ही अगर एनडीए सरकार बदले तो कांग्रेस को कोई आपत्ति नहीं है क्योंकि कांग्रेस जनता की भलाई चाहती है लेकिन एनडीए सरकार ने मनरेगा योजना का मूल स्वरूप ही बदल दिया है। अब मनरेगा जैसी महत्वाकांक्षी योजना जो ग्रामीण लोगों के रोजगार का आधार थी उसे ही अब बदल दिया गया है। अब इस योजना को 60-40 व कुछ राज्यों के लिए 90-10 का अनुपात तय कर दिया रहै। यानी कि केंद्र सरकार अब इस योजना पर भी आधिपत्य स्थापित कर लोगों का रोजगार छीनेगी। जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। वहीं जिला कांग्रेस अध्यक्ष देसराज गौतम ने कहा कि जिस महात्मा गांधी ने इस देश को स्वतंत्रता दिलाने में अहम योगदान दिया उसके नाम से आखिर भाजपा को आपत्ति क्यों है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 में कांग्रेस ने इसे महज योजना का रूप नहीं दिया बल्कि मनरेगा को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनाया था लेकिन अब भाजपा को गरीब लोगों के उत्थान के लिए बनाई गई योजना से भी आपत्ति है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर गांव-गांव तक जाएगी। मनरेगा बचाओ अभियान के संयोजक जयवर्द्धन खुराना ने कहा कि जब-जब भाजपा जनता व विपक्ष का सामना नहीं कर सकती तब-तब भाजपा भगवान श्रीराम के नाम का सहारा लेती है। इस बार भी भगवान श्रीराम के नाम से इस योजना को लाकर भाजपा सरकार अपने नैतिक कर्तव्य से भी बचना चाह रही है। उन्होंने कहा कि छब्बीस जनवरी के बाद कांग्रेस गांव-गांव इस अभियान को गगरेट क्षेत्र में गति देगी। इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की सदस्य सरोज शर्मा, ब्लाक के निवर्तमान महासचिव वेद पराशर, अनिल डढवाल, बृजेश डोगरा, राम लुभाया लखनपाल, अश्विनी ठाकुर, राजदेव राणा, चंदन शर्मा, अजयपाल सिंह, धर्मपाल सोनू, दलविंदर सिंह, प्रमोद शर्मा, बब्बू पराशर, ओम प्रकाश सहित बड़ी तादाद में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उपायुक्त जतिन लाल ने गोबिंदसागर झील में जनसुरक्षा के मद्देनजर जारी की एडवाइजरी

अनंत ज्ञान

**ऊना।** बंगाणा तहसील के तहत गोबिंद सागर झील क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा सुरक्षित सीमा से आगे जाकर जोखिमपूर्ण गतिविधियां किए जाने की घटनाओं का संज्ञान लेते हुए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष डीसी ऊना जतिन लाल ने जनसुरक्षा के मद्देनजर एक एडवाइजरी जारी की है। जतिन लाल ने कहा कि निर्धारित सुरक्षित सीमा से आगे जाना अत्यंत जोखिमपूर्ण है तथा इससे दुर्घटना, डूबने अथवा किसी अन्य गंभीर अनहोनी की आशंका बनी रहती है।

उपायुक्त ने आमजन, स्थानीय निवासियों एवं पर्यटकों से अपील की है कि वे झील में अथवा झील के निकट निर्धारित सुरक्षित सीमा से आगे न जाएं। उन्होंने स्थानीय लोगों से भी आग्रह किया कि वे बाहर से आने वाले लोगों एवं पर्यटकों को झील से जुड़े खतरों के प्रति जागरूक करें तथा आवश्यकतानुसार निगरानी रखें। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों एवं पर्यटकों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने को कहा। डीसी जतिन लाल ने कहा कि बिना अनुमति एवं उचित सुरक्षा उपकरणों के किसी भी प्रकार की एडवेंचर गतिविधियां न की जाएं तथा अनधिकृत नौकाओं, नावों, फ्लोटिंग उपकरणों का उपयोग बिलकुल न किया जाए। उन्होंने केवल प्रशासन द्वारा अधिकृत गतिविधियों में ही भाग लेने की अपील की। इसके अतिरिक्त उन्होंने चेतावनी बोर्डों तथा प्रशासन, पुलिस, स्थानीय कर्मचारियों द्वारा जारी निर्देशों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करने को कहा डीसी ने झील के किनारे फिसलन वाले, ढलानदार या कमजोर भू-भाग पर जाने से बचने तथा फोटोग्राफी, सेल्फी के दौरान जोखिमपूर्ण स्थानों पर न जाने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने झील क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने और किसी भी प्रकार का कचरा जल में या आसपास न फेंकने की अपील की, ताकि फिसलन या अन्य खतरे उत्पन्न न हों। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत स्थानीय प्रशासन, पुलिस को सूचित करें अथवा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के आपातकालीन नंबर 01975-225045, 225046, 225049 पर संपर्क करें। डीसी ने कहा कि यह एडवाइजरी जन सुरक्षा की दृष्टि से जारी की गई है तथा निर्देशों की अवहेलना करने पर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।

# बलबीर चौधरी ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बनाई रणनीति

अनंत ज्ञान



बैठक में बलबीर चौधरी और अन्य भाजपा नेता। अनंत ज्ञान

**जोल।** चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत खरयालता के गांव बडोआ में राधा कृष्ण मंदिर परिसर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक बलबीर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्हें कर्नल रघवीर सिंह, बीडीसी सदस्य खरयालता राजेंद्र सिंह ठाकुर, पूर्व उप प्रधान जीवन सिंह और कैप्टन मदन राणा ने शाल और टोपी पहनाकर सम्मानित किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठनात्मक मजबूती के साथ आगामी पंचायत चुनावों के लिए रणनीति तैयार करना था।

बैठक की शुरुआत राधा कृष्ण मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुई। कार्यकर्ताओं ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नितिन नवीन के चयन पर उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। पूर्व विधायक बलबीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी रही है और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की मेहनत ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव लोकतंत्र की नींव हैं और इनमें पार्टी की मजबूत उपस्थिति सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रत्येक कार्यकर्ता से बूथ स्तर पर सक्रिय होकर जनता से संवाद स्थापित करने का आग्रह किया। बैठक में संगठन विस्तार, नए मतदाताओं को जोड़ने, सरकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने और विपक्ष की नीतियों को जनता के सामने उजागर करने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार किया गया। कर्नल रघवीर सिंह ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचा है और यही पंचायत चुनावों में भाजपा की सबसे बड़ी उपलब्धि होगी। बैठक के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर आगामी पंचायत चुनावों में भाजपा को भारी बहुमत से जीत दिलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं अनुशासित माहौल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कर्नल रघवीर सिंह, बीडीसी सदस्य राजेंद्र ठाकुर, पूर्व प्रधान जीवन सिंह, कैप्टन मदन राणा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, पदाधिकारी और स्थानीय गणमान्य उपस्थित रहे।

# ऊना नगर निगम में बिजली ढांचे का होगा व्यापक आधुनिकीकरण

अनंत ज्ञान

◆ 20 करोड़ से बिजली ढांचे को आधुनिक बनाया जाएगा

**ऊना।** ऊना नगर निगम क्षेत्र में बिजली व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया जा रहा है। वर्ल्ड बैंक पावर सेक्टर डेवलपमेंट स्कीम के तहत करीब 20 करोड़ रुपए की लागत से शहर के बिजली ढांचे को आधुनिक बनाया जाएगा।

इस परियोजना के तहत शहर में करीब 100 ट्रांसफार्मरों का उन्नयन अथवा नए ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाएंगे, जिससे बिजली आपूर्ति अधिक निर्बाध, स्थिर व भरोसेमंद बनेगी। ऊना के अधीक्षण अभियंता बिजली दर्शन सिंह ने बताया कि योजना के अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र में 11 केवी केवलों का रिप्लेसमेंट, एलटी (लो टेंशन) नेटवर्क में आवश्यक सुधार तथा अन्य तकनीकी उन्नयन कार्य किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि यह कार्य अगले 6 से 8 महीनों के भीतर पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि परियोजना के पूर्ण होने के बाद शहर में वोल्टेज में सुधार, ट्रिपिंग व फॉल्ट की समस्या में कमी, क्षमता वृद्धि के साथ-साथ जर्जर व खतरनाक बिजली ढांचे के सुधार में भी मदद मिलेगी। इसके तहत पुराने व असुरक्षित तारों तथा इंफ्रास्ट्रक्चर को हटाकर नई तकनीक आधारित सुरक्षित बिजली व्यवस्था विकसित की जाएगी। नगर निगम ऊना के आयुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने इस परियोजना को शहर के सर्वांगीण विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि मजबूत बिजली ढांचा आधुनिक शहर की बुनियादी जरूरत है और यह योजना इस दिशा में एक बड़ा कदम सिद्ध होगी। डीसी ऊना ने कहा कि आमजन को बेहतर से बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। इस कार्य के पूर्ण होने से नगर निगम क्षेत्र में बिजली आपूर्ति व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा नागरिकों को बेहतर सेवा सुविधा उपलब्ध होगी।

# आवेदकों ने दिखाया ड्राइविंग कौशल

**अनंत ज्ञान, अंब।** क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के जनवरी माह के निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को अंब के पोलियां जसवालां खेल मैदान में ड्राइविंग टेस्ट तथा वाहनों की पासिंग का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रक्रिया की पारदर्शिता और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए एसडीएम अंब पारस अग्रवाल एवं मोटर वाहन निरीक्षक समीर दत्ता स्वयं उपस्थित रहे और अपनी देखरेख में समस्त कार्य करवाया। प्रदेश परिवहन निदेशालय के नियमों के अनुसार आयोजित इस विशेष शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय आवेदकों ने भाग लिया और अपने ड्राइविंग कौशल का प्रदर्शन किया। मोटर वाहन निरीक्षक समीर दत्ता ने वाहनों की तकनीकी स्थिति व फिटनेस की गहन जांच की, जिसके उपरांत मानकों पर खरे उतरने वाले वाहनों को पासिंग प्रदान की गई। एसडीएम पारस अग्रवाल ने बताया कि शिविर के दौरान आवेदकों के दस्तावेजों का सत्यापन भी किया गया।

# भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला कल

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष शाम मिन्हास ने बताया कि 24 जनवरी (शनिवार) को भाजपा जिला कार्यालय में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला एसआईआर एवं वीबीजी रामजी विषयों पर आधारित होगी। कार्यशाला का शुभारंभ प्रात: 10 बजे होगा। इस अवसर पर डॉ. सिकंदर राज्यसभा सांसद, एसआईआर विषय पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे। वहीं, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं ऊना सदर के विधायक सतपाल सिंह सत्ती वीबीजी रामजी विषय पर कार्यकर्ताओं को विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। मिन्हास ने कहा कि यह कार्यशाला संगठनात्मक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसमें कार्यकर्ताओं को केंद्र एवं संगठन की नीतियों, योजनाओं एवं आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्राप्त होगी।

# हिमाचल को नशा मुक्त बनाने की निर्णायक जंग में सरकार-पुलिस एकजुट : विवेक शर्मा

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने शिमला में मुख्यमंत्री सुक्खू से शिष्टाचार भेंट कर प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान पर विस्तार से चर्चा की।

इस दौरान खास तौर पर चिट्टा (हेरोइन) के खिलाफ प्रदेश सरकार द्वारा छेड़ी गई निर्णायक जंग की प्रगति, रणनीति और भविष्य की कार्ययोजना पर विचार-विमर्श हुआ। विधायक ने मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश चिट्टे के खिलाफ सख्त और संगठित अभियान चलाने वाला देश का पहला राज्य बन चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई है, जिसका असर जमीनी स्तर पर स्पष्ट दिखाई दे रहा है। हिमाचल प्रदेश पुलिस ने नशे के नेटवर्क को तोड़ने के लिए प्रभावी कार्रवाई तेज कर दी है—छोटे तस्करों के साथ-साथ मुख्य सरगनाओं तक पहुंच बनाकर उन्हें गिरफ्तार किया जा रहा है। विवेक ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा पुलिस को पूर्ण स्वतंत्रता (फ्री हैंड) दिए जाने से कार्रवाई और अधिक प्रभावी हुई है।

आधुनिक तकनीक, सशक्त खुफिया तंत्र और अंतरराज्यीय समन्वय के माध्यम से चिट्टे के कारोबार पर करारा प्रहार किया जा रहा है। नशे के सौदागरों के वित्तीय नेटवर्क, सप्लाई चेन और अंतरराज्यीय कनेक्शन तोड़ने की दिशा में लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चिट्टा केवल एक अपराध नहीं, बल्कि एक गंभीर सामाजिक बुराई है, जो युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेल रही है। बाहरी राज्यों से जुड़े नशे के सरगना हिमाचल के युवाओं को निशाना बना रहे हैं। ऐसे में पुलिस कार्रवाई के साथ-साथ समाज की सामूहिक भागीदारी भी अत्यंत आवश्यक है।

# बालिकाओं की शिक्षा व लैंगिक समानता पर दिया जोर

अनंत ज्ञान



महिलाओं के अधिकारों पर जागरूकता कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागी। अनंत ज्ञान

**हरोली।** विकास खंड हरोली में 'नई चेतना' अभियान के तहत महिलाओं के अधिकारों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम हरोली विशाल शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि लैंगिक समानता से ही एक सशक्त, समावेशी और विकसित समाज का निर्माण संभव है। यह कार्यक्रम दीन दयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत यूनाइटेड स्कूल स्तरीय संगठन, विकास खंड हरोली के सहयोग से पालकवाह ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने नुक्कड़ नाटक, गीत और संगीत के माध्यम से महिलाओं पर होने वाली हिंसा, लैंगिक असमानता और उनके कानूनी अधिकारों के बारे में प्रभावशाली जागरूकता संदेश दिए। अपने संबोधन में एसडीएम विशाल शर्मा ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं की समान भागीदारी के बिना वास्तविक सामाजिक प्रगति संभव नहीं है। उन्होंने बालिकाओं की शिक्षा, महिलाओं को समान अवसर और अधिकार प्रदान करने तथा लैंगिक भेदभाव को समाप्त करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने बताया कि भारतीय संविधान महिलाओं और पुरुषों को समान अधिकार प्रदान करता है। इसलिए समाज के प्रत्येक वर्ग को महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूक होना आवश्यक है, ताकि महिलाएं अपने अधिकारों की पहचान कर आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकें। इस अवसर पर एनआरएलएम की डीपीएम ज्योति शर्मा ने स्वयं सहायता समूहों की विभिन्न योजनाओं और गतिविधियों की जानकारी दी, जबकि एएसआई सुरेंद्र कुमार ने महिलाओं की सुरक्षा और उनके कानूनी अधिकारों से संबंधित प्रावधानों पर विस्तार से जानकारी साझा की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित महिलाओं और पुरुषों ने लैंगिक समानता के समर्थन में शपथ ली और जागरूकता रैली निकाली। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी मुकेश कुमार, यूनाइटेड स्कूल स्तरीय संगठन की प्रधान कमलेश कुमारी, एकता स्कूल स्तरीय संगठन की प्रधान दविंदर कौर, पालकवाह के पूर्व प्रधान एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संदीप सहित अन्य अधिकारी, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

**आयोजन** अयोध्या में श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर पूर्व विधायक भुट्टो ने बांटा प्रसाद

# राम मंदिर का निर्माण 500 साल के संघर्ष का परिणाम

अनंत ज्ञान



पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो और अन्य गणमान्य सदस्य। अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** अयोध्या धाम मंदिर में भगवान राम की प्राण-प्रतिष्ठा की वर्षगांठ के पर कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने श्रद्धा और उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित कर लोगों में हलवा वितरित किया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, भाजपा कार्यकर्ता और राम भक्त उपस्थित रहे। कार्यक्रम का माहौल जय श्री राम के नारों से गूंज उठा और पूरे क्षेत्र में धार्मिक उल्लास देखने को मिला। पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने कहा कि भगवान राम केवल एक ऐतिहासिक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि हमारे आराध्य, आदर्श और जीवन पथ प्रदर्शक हैं। श्री राम का जीवन सत्य, मर्यादा, त्याग और धर्म का प्रतीक है, जिनं से हर व्यक्ति को प्रेरणा लेता है । उन्होंने कहा कि श्री अयोध्या में प्रभु राम की प्राण प्रतिष्ठा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं था, बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक चेतना, आस्था और आत्मसम्मान की पुनर्स्थापना का ऐतिहासिक क्षण था। भुट्टो ने कहा कि लगभग 500 वर्षों तक प्रभु राम किस के कारण को त्रिपाल में विराजमान रहना पड़ा, और आज के समय में उनकी हालत क्या है। यह बताने की जरूरत नहीं है। दविंदर कुमार भुट्टो ने कहा कि जो करोड़ों राम भक्तों के लिए पीड़ा का विषय रहा। इतने लंबे संघर्ष, बलिदान और प्रतीक्षा के बाद आज अयोध्या में भव्य और दिव्य श्री राम मंदिर का निर्माण हुआ है। यह मंदिर न केवल हिंदू समाज की आस्था का केंद्र है, बल्कि भारत की सनातन संस्कृति और गौरवशाली इतिहास का प्रतीक भी है। उन्होंने केंद्र सरकार की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सहयोग और दृढ़ संकल्प से राम मंदिर का सपना साकार हुआ। वर्षों से चले आ रहे विवाद का शांतिपूर्ण संवैधानिक समाधान निकालकर देश को एक ऐतिहासिक सौगात दी गई।भुट्टो ने कहा कि यह मंदिर करोड़ों देशवासियों की आस्था का प्रतीक है और आने वाली पीढ़ियों को भारतीय संस्कृति से जोड़ने का कार्य करेगा। पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने कहा कि श्री राम मंदिर का निर्माण केवल एक इमारत का निर्माण नहीं है, बल्कि यह भारतीय समाज के आत्मविश्वास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला कदम है। श्री राम जी का जीवन हमें यह सिखाता है कि सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति चाहे कितनी भी कठिनाइयों का सामना करे, अंततः विजय उसी की होती है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे श्री राम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और समाज व राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। भुट्टो ने लोगों में हलवा वितरित कर खुशी साझा की और कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में आपसी भाई चारे, एकता और सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ हम सभी के लिए गौरव का विषय है और इसे श्रद्धा, सेवा और समर्पण के साथ मनाया जाना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने भी श्री राम मंदिर के निर्माण को ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए खुशी जताई। भुट्टो ने कहा कि राम मंदिर केवल अयोध्या ही नहीं, बल्कि पूरे भारत की आस्था का केंद्र है। हमें गर्व है कि हम उस युग के साक्षी हैं, जब 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद प्रभु श्री राम अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं।

# सब जूनियर वॉलीबाल महिला व पुरुष टीम के चयन ट्रायल 8 फरवरी को पालमपुर में

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** हिमाचल प्रदेश वॉलीबाल एसोसिएशन के राज्य महासचिव मदन राणा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश की सब जूनियर ब्वॉयज एवं गर्ल्स नेशनल वॉलीबाल चैंपियनशिप वर्ष 2025, 26 का आयोजन पश्चिम बंगाल के हुगली में 24 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक किया जाएगा।



इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए हिमाचल प्रदेश की सब जूनियर महिला एवं पुरुष वॉलीबाल टीमों का चयन ट्रायल 8 फरवरी 2026 को पालमपुर में आयोजित किया जा रहा है। वॉलीबाल के राज्य महासचिव मदन राणा ने बताया कि यह चयन प्रक्रिया शहीद कैप्टन बिक्रम बतरा खेल मैदान, पालमपुर में संपन्न होगी। इस ट्रायल में प्रदेश भर से प्रतिभावान सब जूनियर महिला एवं पुरुष खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। मदन राणा ने स्पष्ट किया कि सब जूनियर वॉलीबाल के चयन ट्रायल में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों के पास आयु प्रमाण के रूप में जन्म प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है। पात्रता खिलाड़ी जन्म तिथि के अनुसार केवल वही खिलाड़ी ट्रायल में हिस्सा ले सकते हैं, जिनकी जन्म तिथि 1 जनवरी 2010 या उसके बाद की हो। मदन राणा ने बताया कि जो भी इच्छुक खिलाड़ी इस चयन प्रक्रिया में भाग लेना चाहते हैं, वे अपने-अपने जिले की वॉलीबाल एसोसिएशन के प्रधान या जिला सचिव से संपर्क करें। सभी खिलाड़ियों को जिला वॉलीबाल एसोशिएशन के माध्यम से ही नामांकन करवाना आवश्यक होगा, ताकि चयन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और पारदर्शी ढंग से संपन्न किया जा सके। मदन राणा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश बॉलीबॉल एसोसिएशन प्रदेश में वॉलीबाल खेल को निरंतर बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों से उभरती प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान कर रही है। सब जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों के लिए यह राष्ट्रीय चैंपियनशिप एक बड़ा मंच है, जहां वे देश के अन्य राज्यों के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर अपने खेल कौशल को निखार सकते हैं।

# 23 जनवरी से कोकसर में पर्यटन गतिविधियों पर प्रतिबंध

अनंत ज्ञान

**केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के कोकसर में 23 जनवरी से हालड़ा उत्सव का आयोजन होगा।

उप-मंडल दंडाधिकारी लाहौल एवं स्पीति कुनिका एकर्स ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला लाहौल-स्पीति के ग्राम पंचायत कोकसर में आयोजित बैठक में पारित प्रस्ताव के अनुसार हालड़ा उत्सव का आयोजन 23 जनवरी से किया जाना निर्धारित है, जो लगभग एक माह तक चलेगा। उत्सव के शांतिपूर्ण व सुचारू आयोजन, सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने तथा जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 तथा मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उप-मंडल दंडाधिकारी, केलांग, जिला लाहौल एवं स्पीति कुनिका एकर्स द्वारा आदेश जारी किया गया है।



आदेशानुसार, गुफा होटल से ग्राम पंचायत कोकसर की ओर सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही, विशेष रूप से पर्यटन गतिविधियों से संबंधित वाहनों, पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। इसके अतिरिक्त, गुफा होटल क्षेत्र व संपूर्ण ग्राम पंचायत कोकसर में लाउडस्पीकर के उपयोग पर भी सख्त प्रतिबंध लगाया गया है। हालांकि यह प्रतिबंध सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) वाहनों तथा आपातकालीन सेवाओं जैसे एंबुलेंस, अग्निशमन सेवाएं, पुलिस वाहन एवं अन्य आवश्यक आपात सेवाओं पर लागू नहीं होंगे। सभी संबंधित विभागों, फील्ड अधिकारियों, प्रवर्तन एजेंसियों एवं आम जनता से अनुरोध है कि वे इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। आदेश का उल्लंघन करने पर कानून के अनुसार दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। यह आदेश 23 जनवरी से आगामी आदेशों तक प्रभावी रहेगा।

### कुल्लू में आज धूमधाम से मनाया जाएगा बसंत पंचमी पर्व, खूब उड़ेगा गुलाल

# राम-भरत मिलन के गवाह बनेंगे लोग

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के ऐतिहासिक ढालपुर मैदान में शुक्रवार को बसंत पंचमी के अवसर पर दो भाईयों राम और भरत का एक बार फिर महामिलन होगा और जिसके सैकड़ों लोग गवाह बनेंगे।

इसके लिए आराध्य देवता भगवान रघुनाथ जी के अस्थायी शिविर को भी सजा दिया गया है। शुक्रवार को भगवान रघुनाथ जी ढोल-नगाड़ों की थाप पर लाव लश्कर के साथ अपने देवालय से रथ मैदान को रवाना होंगे, जहां से रथयात्रा निकलेगी और सैकड़ों लोग इस रथ को खींचते हुए ढालपुर मैदान पहुंचाएंगे, जहां पर विशेष पूजा-अर्चना होगी। साथ ही इस दौरान राम व भरत के मिलन की रस्म भी अदा की जाएगी। वीरवार को भगवान रघुनाथ जी के अस्थायी शिविर में जहां सजावट व साफ-सफाई का कार्य जारी रहा। वहीं, रथ मैदान में भगवान रघुनाथ जी के रथ को भी बाहर निकालकर साफ-



कुल्लू के ढालपुर स्थित रथ मैदान में खड़ा रथ, बसंत पंचमी के दिन इस रथ में सवार होंगे भगवान रघुनाथ जी। अनंत ज्ञान

सफाई की गई। कुल्लू में अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के बाद साल का यह पहला पर्व होता है और इस पर्व में जहां भगवान राम व भरत के मिलन के हजारों लोग गवाह बनते हैं।

वहीं, भगवान रघुनाथ जी की रथयात्रा दशहरा उत्सव के बाद यहां केवल बसंत पंचमी के दिन ही निकलती है। हर वर्ष दशहरा उत्सव की ही तरह इस पर्व के दौरान भी लोगों में भगवान रघुनाथ जी के रथ तक पहुंचने और रस्सी को खींचने की खूब होड़ लगी रहती है। हर कोई भगवान के रथ को खींचने में अपना योगदान देकर पुण्य कमाता है। भगवान श्रीराम की कृपा प्राप्ति के लिए बसंत पंचमी के दिन अधिकतर लोग पीले वस्त्र में ही नजर आएंगे और भगवान रघुनाथ जी को भी पीले ही वस्त्र पहनाए जाएंगे। ढालपुर मैदान में हर कोई उत्साह के रंग में नजर आएगा और राम-भरत के मिलन के बाद हनुमान की अठखेलियां भी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र होंगी। केसरी रंग में पूरी तरह रंगा हुआ शख्स जिसे मान्यतानुसार जिसे यात्रा के दौरान भगवान हनुमान ही माना जाता है, जिस भी श्रद्धालु को रंग लगाएगा, उसे सौभाग्यशाली माना जाता है। बसंत पंचमी के दिन दशहरा उत्सव की ही तरह रथयात्रा को देखने के लिए स्थानीय लोगों के अलावा पर्यटकों की भी काफी भीड़ उमड़ती है।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी इस पर्व के साथ ही कुल्लू घाटी में 40 दिन पहले ही होली का भी आगाज हो जाएगा। रथयात्रा के दौरान जहां रघुनाथपुर से लेकर ढालपुर मैदान तक खूब गुलाल उड़ेगा। वहीं, उसके बाद भगवान रघुनाथ जी के दरबार में होली उत्सव तक गुलाल का दौर जारी रहेगा। बसंत पंचमी के साथ ही कुल्लू जिले में मेलों का भी आगमन हो जाएगा। वहीं, बसंत के आते ही प्रकृति का श्रृंगार पेड़-पौधों में पत्तों व फूलों के साथ शुरू होगा।

# नशे से दूर रहें विद्यार्थी, खेलकूद और अन्य गतिविधियों में बढ़-चढ़कर लें भाग : एसपी

अनंत ज्ञान

**आनी।** पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला आनी में सड़क सुरक्षा एवं नशा निवारण पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।



कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक जिला कुल्लू मदन लाल कौशल मुख्यातिथि के रूप में पधारे। एसपी कुल्लू ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। उन्होंने विशेष तौर पर चिट्टे रूपी नशे से विद्यार्थियों तथा अभिभावकों को सावधान रहने का आवाहन किया तथा चिट्टे का कारोबार करने वाले की सूचना पुलिस को तुरंत देने का आग्रह किया। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहकर पढ़ाई के प्रति ध्यान केंद्रित करने तथा मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित कर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका अदा करने को कहा। एसपी ने पीएम श्री आनी की शैक्षणिक तथा सह शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए बधाई दी। उन्होंने सड़क सुरक्षा के विषय में विद्यार्थियों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने विद्यार्थियों से ट्रैफिक एंबेसडर बन कर समाज तथा परिवार को दुर्घटनाओं से बचाव में सकारात्मक भूमिका अदा करने का संदेश दिया। एसपी कुल्लू ने विद्यार्थियों से मोबाइल के उचित प्रयोग तथा साइबर फ्रॉड से बचने के विषय में भी जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत चित्रकला, नारा लेखन तथा भाषण प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों ललित, कृतिका, वंशिका, नेहा खारी, मुस्कान, कशिश चंद, कारण, नीलेश पीयूष, आदर्श, अनुराग पीयूष, केल्विन कौशल तथा आरती को मुख्यातिथि ने पारितोषिक प्रदान किए। कार्यक्रम में डीएसपी आनी राजीव मेहता, एसएचओ आनी पंछी लाल, प्रधानाचार्य नरेश ठाकुर, दिग्विजय चौहान, श्यामानंद, कुंदन शर्मा, सड़क सुरक्षा क्लब प्रभारी सीमा ठाकुर, नशा निवारण प्रभारी प्रवीण मेहता सहित विद्यालय स्टाफ तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# महिला मंडलों का फैशन शो रहा आकर्षण

अनंत ज्ञान

**मनाली।** मनाली में चल रहे विंटर कार्निवाल के तीसरे दिन मनुरंगशाला में महिला मंडलों की फैशन शो कार्निवाल का मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा।

मनु रंगशाला में महिला मंडलों ने फैशन शो के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया और वहीं पुरातन संस्कृति की भी झलक दिखाई। महिला मंडल के सदस्यों ने फैशन शो के माध्यम से बता दिया कि कुछ भी करने के लिए उम्र आड़े नहीं आती है। इस प्रतियोगिता में भगवती महिला मंडल,मनु नगर महिला मंडल, लरांकेलो, शनाग महिला मंडल,माँ दुर्गा महिला मंडल मनाली और सरस्वती महिला मंडल शुरू ने भाग लिया। फैशन शो में महिलाओं ने जहां प्राचीन संस्कृति की झलक दिखाई वहीं महिला मंडलों ने सशक्तिकरण का संदेश भी दिया। उम्र दराज महिलाओं का रैंप वाक देख कर मनु रंगशाला तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। महिला मंडलों के फैशन शो में 20 साल की लड़कियों से 70 साल की महिलाओं ने भाग लिया उधर, एसडीएम रमन शर्मा ने कहा कि महिला मंडलों का फैशन शो कार्निवल का प्रमुख आकर्षण है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को लेफ्ट बैंक महिला मंडलों की महानाटी का भी आयोजन किया जाएगा।



महिलाओं ने दिखाई पुरातन संस्कृति की झलक। अनंत ज्ञान

## तीसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

**मनाली।** राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल के तीसरे दिन दिनभर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। बच्चों की प्रस्तुति पर दर्शक खूब झूमने। कलाकारों ने गेस्ट आइटम के साथ ही सांस्कृतिक दलों की प्रतियोगिता पर खूब रंग जमाया। इसके अलावा स्ट्रीट डांस में माल रोड पर हुई प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। मनुरंगशाला में सुबह से ही लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। गेस्ट आइटम में छोटे-छोटे बच्चों की कुल्लवी नाटी पर खूब धमाल मचा। यशस्वी, राधिका और रोनिका ने सामूहिक रूप से नाटी डाली तो दर्शकदीर्घा तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठी। इसके अलावा फ़िल्म डांस प्रतियोगिता में जम्म, बनोगी और सुंदरनगर के कलाकारों ने शानदार प्रस्तुतियाँ दी। लोकनृत्य प्रतियोगिता में नृत्यागना कला मंच नगर और आशकियां ग्रुप ने दमदार प्रस्तुति दी। इस प्रतियोगिता में कुल्लू नाटी और पंजाब के भंगड़ा पर धमाल मचा। क्लासिकल डांस में भी सांस्कृतिक दलों की प्रस्तुति सराहनीय रही।

# मालरोड में वॉयस ऑफ कार्निवाल के प्रतिभागियों की सुरीली आवाज ने बांधा समां

अनंत ज्ञान

**मनाली।** राष्ट्रीय विंटर कार्निवाल मनाली के दूसरे दिन वॉयस ऑफ कार्निवाल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। माल रोड मनाली में सजे मंच पर आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की सुरीली आवाजों ने माहौल को संगीतमय बना दिया। प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी 25 प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर न केवल दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया, बल्कि निर्णायक मंडल को भी खासा प्रभावित किया।

प्रतियोगिता के दौरान कृष, शान, रागनी, तनीषा शेट्टी, दीक्षा बब्बर, गौरव धीरज, संस्कृति शर्मा, दीया धीमान, काव्य भारद्वाज, साजन, अक्षय शर्मा, सौरव अत्री, पूनम पंडित, आदित्य नेगी, शंकर सिंह, शिवांश शर्मा, स्मृति मल्होत्रा, हरीश ठाकुर, क्षिति ठाकुर, नितिन शर्मा, रूप ठाकुर, आयुष ठाकुर, दिनेश कुमार और श्याम ठाकुर सहित कुल 25 प्रतिभागियों ने मंच पर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने



मनुरंगशाला में कलाकार अपनी प्रस्तुति देते हुए। अनंत ज्ञान

पहाड़ी, फिल्मी व पंजाबी गीतों की प्रस्तुतियों से माल रोड पर मौजूद हजारों दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। खास बात यह रही कि देश-विदेश से आए पर्यटक भी इन मधुर गीतों के बीच झूमते नजर आए और उन्होंने कलाकारों का उत्साहवर्धन तालियों के साथ किया।

वॉयस ऑफ कार्निवाल के आयोजक तारु नेगी ने बताया कि प्रतियोगिता का पहला राउंड माल रोड के मंच पर आयोजित किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। आने वाले दिनों में प्रतियोगिता के अगले चरण आयोजित किए जाएंगे, जिनमें चयनित प्रतिभागी अपनी गायन प्रतिभा का और बेहतर प्रदर्शन करेंगे। कुल मिलाकर, वॉयस ऑफ कार्निवाल की शुरुआत ने विंटर कार्निवाल में संगीत का नया रंग भर दिया और माल रोड मनाली सुरों की गूंज से सराबोर हो उठा। वहीं, विंटर कार्निवाल की सांस्कृतिक संध्याओं में देशभर के कलाकार मनुरंगशाला में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से खूब धमाल मचा रहे हैं।

## अनुज शर्मा के गीतों पर झूम उठा मनाली

**एम बोकटापा, मनाली।** राष्ट्रीय विंटर कार्निवाल की दूसरी सांस्कृतिक संध्या मनाली में सुरों, संगीत व उत्साह से भरपूर रही। ठंडी वादियों के बीच आयोजित इस संध्या में हिमाचली, फिल्मी व पंजाबी गीतों की शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों को देर रात तक झूमने पर मजबूर कर दिया। खास आकर्षण रहे बॉलीवुड गायक अनुज शर्मा, जिनके गीतों पर मनुरंगशाला तालियों और जोश से गूंज उठी।

अनुज शर्मा ने मंच से एक के बाद एक लोकप्रिय फिल्मी गीतों की प्रस्तुति देकर समा बांध दिया। उन्होंने तेरी दीवानी, एक हसीना थी, ऐ दिल है मुश्किल, जरा सी दिल में दे जगह, भीगी-भीगी सी हैं रातें, तेरे जैसा यार, गुलाबी आंखें, मेरी उम्र के नौजवानों और बचना ए हसीनो जैसे सुपरहिट गानों से दर्शकों को खूब झुमाया और भरपूर वाहवाही लूटी। इसके अलावा ट्विंकल ठाकुर, दीपक जनदेवा और पंडित खुशबू भारद्वाज ने भी अपनी दमदार प्रस्तुतियों से माहौल को और रंगीन बना दिया। तीनों कलाकारों ने फिल्मी और पहाड़ी गीतों के माध्यम से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं, लाहौल की लोक गायिका रोजी शर्मा ने लाहौल क्षेत्र के पारंपरिक गीतों की प्रस्तुति देकर कार्निवल में लोकसंस्कृति का अनोखा रंग घोला। कार्निवाल की दूसरी सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ गायक रचना की प्रस्तुति से हुआ। इसके बाद तमन्ना, सृष्टि, ममता, रमेश चंद, राज वर्मा, आकाश, श्वेता राणा, दोत राम पहाड़िया और सनी वर्मा ने भी अपनी सुरीली आवाज और प्रभावशाली प्रस्तुतियों से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

मुख्यातिथि के रूप में मंडलायुक्त मंडी, आरके पुरूथी, नगर निगम शिमला के मेयर सुरेन्द्र चौहान तथा मुख्यमंत्री के ओएसडी रितेश कपरेट रहे।उपायुक्त तथा विंटर कार्निवल समिति की अध्यक्ष तोरूल रवीश ने मंडलायुक्त मंडी, आरके पुरूथी को सम्मानित किया तथा एसडीएम मनाली रमन शर्मा ने अन्य अतिथियों सम्मानित किया।

इस अवसर पर डीएसपी केडी शर्मा सहित उत्सव समिति के सदस्य उपस्थित रहे ।कार्निवल के दूसरे दिन वायस आफ कार्निवाल का पहला राउंड हुआ। वायस आफ कार्निवाल प्रतियोगिता के लिए 25 प्रतिभागियों का चयन हुआ।वहीं दूसरी सांस्कृतिक संध्या में विभिन्न कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं।

## न्यूज ब्रीफ

### तत्काल मोर्चा संभाल कर बुझाई जंगल की आग

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** 133 इकोलॉजिकल टास्क फोर्स की जलोगी कंपनी के जवानों ने कुल्लू वन मंडल के चलौठा क्षेत्र में लगी भीषण आग पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए उसे नियंत्रित किया। इस साहसिक प्रयास से यूनिट द्वारा किए गए महत्वपूर्ण पौधारोपण को सुरक्षित बचा लिया गया। आग समीपवर्ती पनारसा वन क्षेत्र तक फैल चुकी थी, जिससे पर्यावरणीय दृष्टि से संवेदनशील इलाके को गंभीर क्षति की आशंका उत्पन्न हो गई थी। इको टास्क फोर्स के समर्पित जवानों ने तत्काल मोर्चा संभालते हुए फायर लाइनों की सफाई की तथा सुनियोजित एवं समन्वित प्रयासों से आग को फैलने से रोका। उनकी सजगता और कुशल रणनीति के चलते नव-वनीकरण क्षेत्रों को किसी बड़े नुकसान से बचाया जा सका। यह त्वरित हस्तक्षेप हिमालयी क्षेत्रों में बढ़ती वनाग्नि की घटनाओं के बीच 133 इको टास्क फोर्स की पर्यावरण संरक्षण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अधिकारियों ने जवानों की सराहना करते हुए उन्हें सच्चे 'इको-वॉरियर्स' बताया, जिनकी सतर्कता के कारण क्षेत्र की हरित संपदा को न्यूनतम क्षति हुई।133 इको टास्क फोर्स हिमाचल प्रदेश में पारिस्थितिक पुनर्स्थापन एवं आपदा प्रबंधन के अपने दायित्वों का निरंतर निर्वहन कर रही है, जहां सैन्य अनुशासन और पर्यावरण संरक्षण का प्रभावी समन्वय देखने को मिलता है।

### मोदी सरकार ने दी 1240.53 करोड़ की सौगात

**अनंत ज्ञान, केलांग।** लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक व भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि ठाकुर ने कहा कि मंडी लोकसभा क्षेत्र के लिए मोदी सरकार बहुत बड़ी सौगात दी है। केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना 2025-26 के अंतर्गत मंडी संसदीय क्षेत्र में 1240.53 करोड़ रुपए की सौगात दी है, जिससे मंडी लोकसभा क्षेत्र में 846.32 किलोमीटर लंबाई के 142 सड़क कार्यों को स्वीकृति दी गई है। रवि ठाकुर ने कहा कि केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा मंडी की सांसद कंगना रनौत को लिखे पत्र में भारत सरकार द्वारा उपरोक्त राशि मंडी संसदीय क्षेत्र को आवंटित करने का उल्लेख किया है। रवि ने कहा कि मंडी संसदीय क्षेत्र में गत वर्ष आपदा से हुए नुकसान का आकलन कर लौटी केंद्रीय टीम की अनुशंसा पर केंद्र सरकार खुल कर प्रदेश की मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि मंडी लोकसभा क्षेत्र बीते समय में बाढ़ व भारी वर्षा जैसी प्राकृतिक आपदाओं से गंभीर रूप से प्रभावित रहा है, जिससे कई संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त हुए, ऐसे समय में केंद्र सरकार द्वारा इतनी बड़ी राशि की स्वीकृति प्रदेश के ग्रामीण ढांचे खासकर जनजातीय जिले के दूरदराज के क्षेत्रों की सड़कों की मरम्मत व उनके रखरखाव के लिए संजीवनी सिद्ध होगी और ऑल-वेदर कनेक्टिविटी से दूरदराज और दुर्गम क्षेत्रों के लोगों का जीवन आसान बनेगा।

### सेवानिवृत्त राजस्व अधिकारियों की पुनर्नियुक्ति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल स्पीति के कार्यवाहक उपायुक्त कुनिका एकर्स ने बताया कि अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व) हिमाचल प्रदेश के आदेशानुसार जिले में सेवानिवृत्त राजस्व अधिकारियों की पुनर्नियुक्ति की अनुमति दी गई है। इसके तहत तहसीलदार का एक पद, नायब तहसीलदार का एक पद और कानूनगो का एक पद भरा जाएगा। इच्छुक एवं पात्र सेवानिवृत्त अधिकारी 31 जनवरी, 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। पुनर्नियुक्ति पर मासिक मानदेय तहसीलदार के लिए 70,000 रुपए, नायब तहसीलदार के लिए 60,000 रुपए और कानूनगो के लिए 50,000 रुपए निर्धारित किया गया है। कार्यवाहक उपायुक्त ने सभी योग्य अधिकारियों से समय रहते आवेदन करने का आग्रह किया ताकि जिले में राजस्व सेवाओं का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जा सके।

### कांग्रेस ने केंद्र सरकार की नीतियों का किया विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू के शाट में 'मनरेगा बचाओ संग्राम' का आयोजन किया गया, जिसमें कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सेसराम आज़ाद विशेष रूप से उपस्थित रहे। मणिकर्ण घाटी के कांग्रेसी कार्यकर्ता और पदाधिकारी बड़ी संख्या में एकत्र हुए और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध जताया। सेसराम आज़ाद ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि बीबी जी राम जी कानून महिला विरोधी, मजदूर विरोधी और पंचायती राज संस्थाओं को कमजोर करने वाला है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक यह कानून निरस्त नहीं होता, कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा। वक्ताओं ने मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं को कमजोर करने के प्रयासों पर चिंता जताई। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सड़कों से लेकर बूथ स्तर तक आंदोलन जारी रहेगा।

# ई-ऑफिस व हिम एक्सेस परियोजना पर अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** बचत भवन में ई-ऑफिस प्रणाली पर एक लाइव प्रशिक्षण एवं डेमोंस्ट्रेशन सत्र का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिला प्रशासन की कार्यालयी कार्यप्रणाली को पेपरलेस, पारदर्शी एवं अधिक प्रभावी बनाना रहा। प्रशिक्षण सत्र के दौरान ई-जिला प्रबंधक, कुल्लू अनुज कुमार शर्मा ने ई-ऑफिस व हिम एक्सेस प्रोजेक्ट्स के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया।

यह परियोजना प्रदेश सरकार व डिजिटल प्रौद्योगिकी व गवर्नेंस विभाग, शिमला की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य डिजिटल परिवर्तन को साकार करते हुए प्रभावी, पारदर्शी व उत्तरदायी शासन व्यवस्था स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से सरकारी कार्यप्रणाली को सरल, त्वरित एवं नागरिक-केंद्रित बनाने के लिए यह विभाग निरंतर कार्य कर रहा है, जिससे जन सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार व सुशासन को बढ़ावा मिल सके। प्रशिक्षण कार्यशाला में बागवानी एवं कृषि कार्यालय उपनिदेशक, जिला खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति नियंत्रक कार्यालय, जिला सांख्यिकी कार्यालय, डीसी कार्यालय और जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारी ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से फाइलों के ऑनलाइन निपटान, त्वरित निर्णय प्रक्रिया, ई-नोटिंग व डिजिटल रिकॉर्ड प्रबंधन से संबंधित व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। अधिकारियों व कर्मचारियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया, जिससे कार्यालयी कार्यों में समय की बचत होगी तथा कार्य निष्पादन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार आएगा। जिला प्रशासन, कुल्लू द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

# छात्राओं को आत्मरक्षा का दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, आनी।** जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय कुल्लू द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत नित्थर ब्लॉक के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नित्थर, देयोगी और खरगा में छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण अकादमी ऑफ सेल्फ डिफेंस कुल्लू के प्रशिक्षक हरीश शर्मा, कमल कांत व मदन लाल द्वारा दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के दौरान नित्थर स्कूल में महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी नित्थर विपाशा भाटिया ने छात्राओं को विभाग द्वारा छात्राओं के उत्थान के लिए चलाई जा रही अन्य योजनाओं की जानकारी भी दी और आत्मरक्षा की तकनीकों के अभ्यास को निरन्तर करते रहने की सलाह दी। स्कूल प्रबंधन द्वारा इस कार्यक्रम की सराहना की गई और उन्होंने परियोजना अधिकारी और आत्मरक्षा प्रशिक्षक हरीश शर्मा का धन्यवाद किया।

# पंचायत घर व मीटिंग हॉल जनता को समर्पित

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** जिला कुल्लू के विकास खंड नगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत दुआड़ा में विकास के नए अध्याय की शुरुआत हुई है।

यहां लगभग 35 लाख की लागत से नवनिर्मित 'अपवर्धन पंचायत घर' एवं आधुनिक मीटिंग हॉल का भव्य लोकार्पण समारोह संपन्न हुआ। इस नए भवन के बनने से अब स्थानीय ग्रामीणों को पंचायत संबंधी कार्यों के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। समारोह के मुख्यातिथि विधायक भुवनेश्वर गौड़ रहे, जिन्होंने विधिवत रूप से रिबन काटकर और पट्टिका का अनावरण कर भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिला परिषद के उपाध्यक्ष वीर सिंह, ग्राम पंचायत की प्रधान पूनम, उप-प्रधान निहाल चंद भाला विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पंचायत के वार्ड सदस्यों, पूर्व पदाधिकारियों और क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्तियों सहित भारी संख्या में ग्राम सभा के सदस्य भी शामिल हुए। लोकार्पण के पश्चात जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने ग्रामीणों को इस शानदार उपलब्धि की बधाई दी। उन्होंने कहा कि एक मजबूत बुनियादी ढांचा ही सशक्त लोकतंत्र की नींव होता है।



पंचायत घर व मीटिंग हॉल का लोकार्पण करते विधायक। अनंत ज्ञान

यह पंचायत घर न केवल एक कार्यालय होगा, बल्कि ग्रामीण विकास की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जनसमस्याओं के समाधान का मुख्य केंद्र सिद्ध होगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र के विकास के लिए धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। समारोह में उपस्थित अन्य वक्ताओं और पंचायत प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार साझा किए।

उन्होंने इस नवनिर्माण को ग्रामीण प्रशासन को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। आधुनिक मीटिंग हॉल की सुविधा होने से अब ग्राम सभा की बैठकों और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुगमता होगी, जिससे सामूहिक निर्णय लेने की प्रक्रिया में तेजी आएगी।

**छुटकारा** — ढालपुर संडे मार्केट सहित शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर डीसी से मिला व्यापार मंडल

# संडे मार्केट लगाए जाने का व्यापार मंडल ने किया विरोध

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर में मुख्य सड़क के किनारे फुटपाथ पर हर रविवार को लगने वाली संडे मार्केट एवं प्रतिदिन अस्थायी रूप से लग रही दुकानों से उत्पन्न समस्याओं को लेकर व्यापार मंडल कुल्लू का प्रतिनिधिमंडल वीरवार को उपायुक्त कुल्लू से मिला।

इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने डीसी को अवगत करवाया कि ढालपुर में फुटपाथ आम जनता के आवागमन के लिए बनाए गए हैं, लेकिन वहां अस्थायी दुकानों के लगने से पैदल चलने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही फुटपाथ पर बनी सार्वजनिक बैठने की सुविधाएं बाधित हो रही हैं। संडे मार्केट के कारण सड़क पर अत्याधिक भीड़ जमा हो जाती है, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है और दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। उन्होंने बताया कि इन अस्थायी दुकानों के कारण शहर के स्थायी दुकानदारों के कारोबार पर भी गंभीर



डीसी को ज्ञापन से समस्याओं बारे अवगत करवाते पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है, जबकि स्थायी दुकानदार नियमित रूप से किराया व विभिन्न कर अदा कर रहे हैं।

इस दौरान व्यापार मंडल कुल्लू ने डीसी को शहर से जुड़ी अन्य प्रमुख समस्याओं से भी अवगत करवाया। मंडल के अध्यक्ष मदन लाल सूद ने बताया कि वार्ड नंबर-3 के अंतर्गत टापू पुल से लेकर ब्यासा मोड़ तक ब्यास नदी के तटवर्ती क्षेत्र में जल शक्ति विभाग द्वारा स्थापित सीवरेज, वेट वेल एवं उससे जुड़े उपकरण जुलाई 2023 में आई बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। इस क्षेत्र में एचआरटीसी केलांग डिपो की वर्कशॉप, नगर परिषद कार्यालय, ट्रक यूनियन, जंजघर सहित सैकड़ों व्यापारिक प्रतिष्ठान स्थित हैं, बावजूद इसके सीवरेज सुविधा अभी तक बहाल नहीं हो पाई है। साथ ही उन्होंने बताया कि कुल्लू शहर में बेसहारा गाय-बछड़ों व आवारा कुत्तों की समस्या दिन-प्रतिदिन विकराल रूप धारण कर रही है।

इससे दुर्घटनाओं, गंदगी तथा जनमानस को नुकसान की आशंका बनी रहती है। इसके अतिरिक्त टिकरा बावड़ी से लेकर रामशिला गैमन पुल तक मुख्य सड़क (एमडीआर) की स्थिति भी अत्यंत जर्जर है। सड़क की निकासी नालियां क्षतिग्रस्त हैं तथा कई स्थानों पर बिजली के खंभे सड़क की ओर झुके हुए हैं, जिससे यातायात बाधित होने के साथ दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है।

व्यापार मंडल कुल्लू ने डीसी कुल्लू से जनहित व व्यापारिक हितों को ध्यान में रखते हुए फुटपाथ पर लगने वाली संडे मार्केट व अस्थायी दुकानों पर प्रभावी कार्रवाई करने तथा शहर की उपरोक्त सभी समस्याओं के जल्द समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी करने की मांग की है। इन उपरोक्त समस्याओं को लेकर व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, कुल्लू (हिप्र) व अधीक्षण अभियंता, हिप्र राज्य बिजली बोर्ड, कुल्लू (हिप्र) से भी मिला। प्रतिनिधिमंडल में व्यापार मंडल कुल्लू के अध्यक्ष मदन लाल सूद व मुख्य संरक्षक एवं प्रवक्ता दिनेश सेन सहित इंद्र चावला, जगदीश बंगा व अधिकांश कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

# केंद्र की योजनाओं का श्रेय लेना बंद करे प्रदेश सरकार : नरोत्तम

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** केंद्र सरकार द्वारा कुल्लू विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत 20 नई सड़कों को मंजूरी दिए जाने को लेकर सियासत गरमा गई है। इन सड़कों पर करीब 174 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

इसी विषय को लेकर भाजपा नेता नरोत्तम ठाकुर ने कुल्लू में पत्रकार वार्ता आयोजित कर प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर केंद्र के कार्यों का श्रेय लेने का आरोप लगाया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए नरोत्तम ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों का श्रेय लेकर प्रदेश की कांग्रेस सरकार जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि कुल्लू विधानसभा क्षेत्र को पीएमजीएसवाई के तहत मिली 20 नई सड़कों की यह मंजूरी पूरी तरह केंद्र सरकार की देन है, लेकिन इसके बावजूद प्रदेश सरकार अब इसका श्रेय लेने में जुट गई है, जो बेहद हास्यास्पद है। उन्होंने सवाल उठाया कि कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर खुले दिल से केंद्र सरकार का आभार जताने के बजाय पत्रकार वार्ताओं में मुख्यमंत्री की प्रशंसा कर झूठा श्रेय क्यों ले रहे हैं।

नरोत्तम ठाकुर ने कांग्रेस विधायक पर तंज कसते हुए कहा कि झूठा श्रेय लेने के बजाय उन्हें अपने विधानसभा क्षेत्र की जमीनी हकीकत पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान लग घाटी, मणिकर्ण और महाराजा कोठी सहित क्षेत्र की करीब 15 सड़के बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर आज भी बंद पड़ी हैं, जिन्हें अब तक बहाल नहीं किया जा सका है। इसका सीधा खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। लोगों को मजबूरी में महंगी टैक्सियों के सहारे सफर करना पड़ रहा है। ऐसे में सरकार को बयानबाजी छोड़कर जमीनी स्तर पर काम करना चाहिए। पत्रकार वार्ता के दौरान नरोत्तम ने प्रदेश सरकार पर अपराधी तत्वों को संरक्षण देने का भी गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से प्रदेश में गुंडा तत्वों को संरक्षण मिल रहा है, वह बेहद चिंताजनक है। भाजपा नेता ने चेतावनी देते हुए कहा कि भाजपा के सत्ता में आने पर एक-एक का हिसाब लिया जाएगा और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### रबोन में रेलवे जमीन पर बनी झुग्गियों में लगी आग

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला मुख्यालय सोलन के रबोन क्षेत्र में रेलवे की जमीन पर बनी अवैध झुग्गियों में अचानक आग लग गई। इससे यहां रहे प्रवासियों में अफरा-तफरी मच गई। आग से घना धुआं आसपास के क्षेत्रों में फैल गया और आसपास के निवासियों दिक्कतें पेश आईं। स्टेशन के निकटवर्ती क्षेत्र में स्थित यह रेलवे की सरकारी जमीन है, जहां वर्षों से अवैध रूप से प्रवासी झुग्गियां बनाकर रह रहे थे। स्थानीय प्रशासन और रेलवे अधिकारियों ने पिछले दिनों एक संयुक्त अभियान चलाकर इन झुग्गियों को हटाया था। इसके बाद कुछ परिवार चुपके-चुपके दोबारा लौट आए और बची हुई झुग्गियों में शिफ्ट हो गए। आग की शुरुआत एक झुग्गी से हुई, जो तेजी से बगल वाली झुग्गियों में फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, संभवत खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर से चिंगारी लगने या छोटे-मोटे शॉर्ट सर्किट के कारण यह हादसा हुआ। यह घटना प्रवासियों की आवास समस्या को उजागर करती है। विशेषज्ञों का मानना है कि रेलवे जैसी सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे रोकने के लिए वैकल्पिक सस्ते आवास की जरूरत है। प्रशासन ने चेतावनी जारी की है कि दोबारा कब्जा करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। फिलहाल, प्रभावित परिवार राहत की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

### आरटीआई कार्यकर्ता पर लगाया मारपीट का आरोप

**अनंत ज्ञान, सोलन।** थाना सोलन के तहत रबोन निवासी महिला ने एक आरटीआई कार्यकर्ता पर मारपीट व अभद्रता की शिकायत दर्ज की है। जानकारी के मुताबिक अभियोग महिला शिकायतकर्ता के शिकायत पत्र पर मामला दर्ज किया गया। इसमें तहरीर किया है कि 19 जनवरी को यह समय करीब 5 बजे अपने मिस्त्री से अपने आंगन के साथ सीमेंट (प्लास्टर) करवा रही थी, उसी समय प्रेम सिंह टंगणिया जो नेगी कॉलोनी में रहता है व अपने आप को आरटीआई कार्यकर्ता कहता है इसके घर आया व इसके घर में लगे दोनों मिस्त्री व इसके मकान की विडियो बनाने लगा। इस पर इसने उसे पूछा कि वीडियो क्यों बना रहे हो। उसके बाद यह शिकायतकर्ता के ऊपर भड़क गया और गालियां देने लगा और अभद्र शब्दों का प्रयोग किया। इस पर यह उसे समझाने लगी, जिसके बाद प्रेम सिंह टंगनिया ने इसकी छाती में हाथ डाला जिससे इसकी कमीज फट गई तथा इसके साथ मारपीट भी की। इस कारण इसे दाहिनी बाजू में चोट आई व इसे जान से मारने की धमकी दी व कहा कि इसके पीछे बड़े लोगों का हाथ है। इतना कहकर यह वहां से चला गया। इससे पहले भी यह शिकायतकर्ता के साथ गाली-गलौज कर चुका है। इस पर अभियोग उपरोक्त दर्ज करके आगामी तफ्तीश अमल में लाई जा रही है।

### जगतराम कांग्रेस से 6 साल के लिए निष्कासित

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर कांग्रेस कमेटी ने पूर्व पंचायत प्रधान जगतराम को पार्टी के नियमों व अनुशासन का उल्लंघन करने के आरोप में 6 वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है। पार्टी अध्यक्ष आनंद परमार ने इसे लेकर जारी आदेश में स्पष्ट किया कि जगतराम पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाए गए हैं। आदेश में कहा गया है कि जगतराम के इस अनुशासनहीन व्यवहार से पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचा है और सदस्यों के बीच असंतोष फैला है। उन्हें पार्टी की छवि व नियमों का पालन करने के लिए चेतावनी दी गई थी, लेकिन माफी न मांगने और सुधार न करने के कारण निष्कासन की सख्त कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार, यह विवाद रेणुका क्षेत्र की पिछड़ेपन की जिम्मेदारी पीसीसी अध्यक्ष विनय कुमार और उनके पिता पर डालने के आरोप से शुरू हुआ था। पार्टी का कहना है कि इस प्रकार की गतिविधियां अनुशासनहीन व पार्टी विरोधी मानी जाती हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष आनंद परमार ने कहा कि पार्टी अपने नियमों और अनुशासन के उल्लंघन को सहन नहीं करेगी और भविष्य में भी ऐसे किसी भी मामले पर सख्त कदम उठाए जाएंगे।

### क्लाउड कंप्यूटिंग से उद्यमों को सशक्त बनाने की पहल

**अनंत ज्ञान, सोलन।** केंद्रीय सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग मंत्रालय व उद्योग विभाग हिमाचल प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में सोलन जिले के कंडाघाट में स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता उद्योग विभाग कंडाघाट के विस्तार अधिकारी सुनील कौशल ने की। सुनील कौशल ने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिला सोलन के सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यमों को स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग के तहत उपलब्ध सुविधाओं जैसे डिजिटल परिवर्तन, क्षमता निर्माण, क्लस्टर विकास, हरित सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग पहल व सरकारी सहायता योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करना है। कार्यशाला में प्रतिभागियों को अवगत करवाया गया कि इनके माध्यम से उद्योगों की उत्पादकता, प्रतिस्पर्धात्मकता व दीर्घकालिक स्थिरता को बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योगों के प्रतिनिधियों को उद्योग 4.0 समाधानों, स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग टूल्स और सरल व सुलभ डिजिटल अपनाने की रणनीतियों के बारे में सारगर्भित जानकारी प्रदान की। सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटिड के विषय विशेषज्ञ इलैयाराजा सावरी मारियादास ने कृत्रिम मेधा (एआई), इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), मशीन लर्निंग (एमएल), स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग, क्लाउड कंप्यूटिंग सहित अन्य विषयों पर जानकारी प्रदान की गई।

### युवाओं को बताया नशीले पदार्थ कैसे छोड़ें

**अनंत ज्ञान, सोलन।** नौणी विश्वविद्यालय में आपदा मित्रों के प्रशिक्षण शिविर के दौरान एडीआरए और हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति ने युवा पीढ़ी को नशीले पदार्थों से दूर रहने के लिए गतिविधियों के माध्यम से प्रेरित किया। कार्यक्रम में मां (मदर अगेंस्ट ड्रग एडिक्शन) और दोस्तों की भूमिका पर केंद्रित संवाद आयोजित किया गया। इसमें प्रतिभागियों ने नशे के खतरों पर गहन चर्चा की। रिसोर्स पर्सन्स राकेश यादव (एडीआरए), डॉ. रवि भूषण, ओपी कायस्थ और ऊर्मिल ठाकुर (हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति) ने युवाओं को बताया कि नशीले पदार्थ क्यों और कैसे छोड़ें। उन्होंने इंटरएक्टिव सेशन के जरिए मां (मदर अगेंस्ट ड्रग एडिक्शन) की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया, जो माताओं को नशे के खिलाफ एकजुट करती है। दोस्तों के रोल पर चर्चा करते हुए कहा गया कि सकारात्मक साथी चुनना नशे से बचाव का सबसे मजबूत हथियार है। गतिविधियों में रोल-प्ले, ग्रुप डिस्कशन व वीडियो प्रेजेंटेशन शामिल थे, जिन्होंने युवाओं को भावनात्मक रूप से जोड़ा। प्रतिभागियों ने प्रतिज्ञा ली कि वे नशामुक्त जीवन जिएंगे और दूसरों को प्रेरित करेंगे। यह कार्यक्रम आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण का हिस्सा था, जो युवाओं को सामाजिक मुद्दों के प्रति सजग बना रहा है।

### साहिल ने ब्लैक बेल्ट हासिल कर बढ़ाया मान

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन के युवा खिलाड़ी अमीर साहिल ने आत्मरक्षा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए इजराइली क्राव इंटरनेशनल से क्राव मागा/इजराइली सेल्फ-डिफेंस व सर्वाइवल टैक्टिक्स में ब्लैक बेल्ट प्राप्त की है। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने प्रदेश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। उनके प्रशिक्षण में निहत्थे मुकाबले, हथियारों से रक्षा, आग्नेयास्त्रों व वास्तविक परिस्थितियों में आत्मरक्षा की उन्नत तकनीकें शामिल रहीं। अमीर साहिल ने कहा कि क्राव मागा आत्मविश्वास और मानसिक मजबूती विकसित करता है तथा युवाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण अवश्य अपनाना चाहिए।

### नेशनल मास्टर्स गेम्स में हॉकी टीम लेगी भाग

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** महाराष्ट्र के पिंपरी चिंचवड़ (पुणे) में 27 से 31 जनवरी तक आयोजित होने वाले 8वें नेशनल मास्टर्स गेम्स में हिमाचल प्रदेश की 30 प्लस आयु वर्ग की पुरुष हॉकी टीम भाग लेकर राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी। मास्टर्स गेम्स एंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन महाराष्ट्र द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का आयोजन सुपर मास्टर्स गेम्स एंड स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में किया जा रहा है। प्रदेश की टीम में अनुभवी एवं प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को शामिल किया गया है, जिन्होंने लंबे समय से हॉकी के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाई है। हिमाचल प्रदेश हॉकी टीम में शामिल खिलाड़ियों में हेमंत कुमार, चंदन, आसिफ हुसैन, बनेश डंगवाल, कपिल, अमृतपाल सिंह, विकास कुमार, दर्शन सिंह, जफ्फार अली, विनोद कुमार, सुरजीत सिंह, नीरज महेश्वरी एवं अनुराग गुप्ता सहित अन्य खिलाड़ी शामिल हैं। टीम के कोच नीरज महेश्वरी व मैनेजर सुरजीत सिंह को नियुक्त किया गया है। खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता से पूर्व पूरी तैयारी कर ली है और बेहतर प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन करने का संकल्प लिया है। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता को लेकर टीम के सदस्यों एवं खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

### मोह-माया के त्याग करने का दिया उपदेश

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन के दयारशघाट में चल रही श्री राम कथा व शतचंडी महायज्ञ में चौथे दिन आचार्य राहुल शर्मा ने अपनी वाणी से श्रीराम की बाल लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने रामजन्म से लेकर उनके ऋषि विश्वामित्र के साथ उनके आश्रम जाने तक की कथा सुनाई। आचार्य राहुल शर्मा ने कहा कि हमें सुखी रहना है उस परम तत्व को प्राप्त करना है, तो मोहमाया का त्याग करना चाहिए। उन्होंने उदाहरण के साथ समझाया कि माया ने हमें नहीं पकड़ा है, बल्कि हमने माया को पकड़ रखा है, ऐसा नहीं है कि सबकुछ त्याग देने से ही परमतत्व को प्राप्त किया जा सकता है, बल्कि सबकुछ होते हुए माया के साथ रहते हुए भी निर्लिप्त रहना श्रेष्ठ है। आचार्य ने राम जन्म के बाद बाल लीलाओं का वर्णन किया। इसके बाद जब मुनि विश्वामित्र राक्षसों से त्रस्त होकर राजा दशरथ के पास आकर राम व लक्ष्मण को उनके साथ भेजने की मांग करते हैं, तो दशरथ विचलित हो जाते हैं। राजा दशरथ कहते हैं कि तुम मेरा सबकुछ ले लो मेरे प्राण तक ले लो, लेकिन राम को मैं अपने से अलग नहीं कर सकता। कुलगुरु वशिष्ठ के समझाने पर कि आगे की शस्त्रों व शास्त्रों की शिक्षा के लिए उन्हें गुरु विश्वामित्र के साथ जाना होगा और इन्हीं के माध्यम से उनका विवाह भी संपन्न होगा, राजा दशरथ मान जाते हैं।

# ई-परिवार रजिस्टर से छूट गए कई परिवार अब एंट्री करवाने का मौका

## सोलन नगर निगम ई-परिवार रजिस्टर में हो चुकी है 17 हजार लोगों की एंट्री, कई योजनाओं का लाभ लेने में होगा उपयोगी

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** नगर निगम सोलन ने पिछले वर्ष ई-परिवार रजिस्ट्रेशन का कार्य पूरा कर लिया था पर सरकारी आंकड़े के मुताबिक अभी भी कई परिवारों की एंट्री बाकी है। इसके लिए अब ऐसे परिवारों के लिए फिर से पंजीकरण का मौका दिया गया है। इसके लिए ई-परिवार रजिस्टर पोर्टल को ओपन किया गया है।

नगर निगम सोलन ने इस सुविधा के लिए राजगढ़ रोड स्थित निगम कार्यालय के नजदीक भवानी लोकमित्र केंद्र को अधिकृत किया है। इसके लिए आधार कार्ड और राशन कार्ड जरूरी होगा। कोई भी परिवार का सदस्य लोकमित्र केंद्र जाकर परिवार को ई-पंजीकरण कर सकता है। अभी तक नगर निगम के ई-परिवार रजिस्टर में करीब 17 हजार परिवारों की रजिस्ट्रेशन हो चुकी है। इसका डाटा मेंटेन कर ई-परिवार रजिस्टर बनेगा। इसकी मदद से लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने में आसानी होगी। शहरी क्षेत्रों में परिवार रजिस्टर को लागू करने के लिए राज्य सरकार ने प्रदेश नगर निगम अधिनियम की धारा 48 ए धारा 308 ए और हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम की धारा 43 (5) और धारा 393 में संशोधन किया है था। डेटाबेस बनाने के लिए सितम्बर 2024 की समय सीमा तय की थी पर नगर निगम सोलन ने पिछले वर्ष इस कार्य का पूरा कर लिया। परिवार रजिस्टर न केवल लोगों की पहचान के तौर पर उपयोग होता है बल्कि राशन कार्ड जैसे कई दस्तावेज बनाने में भी काम आता है।

अनंत ज्ञान मुद्दा

### लोकमित्र केंद्र को सौंपा जिम्मा

**शहर** में रह रहे परिवारों का रिकॉर्ड मेंटेन किए जाने के लिए नगर निगम सोलन ने वार्डों क्षेत्रों के लोकमित्र केंद्र को जिम्मा सौंपा गया था। इसके लिए घर-घर जाकर सर्वे भी किया जा चुका है। छूट गए परिवारों की एंट्री के लिए निगम ने संचालकों को आवश्यक निर्देश दिए थे। शहर के कई परिवारों ने अभी तक परिवार रजिस्टर में एंट्री नहीं करवाई है। संचालकों के माध्यम से लोगों को इस बात के लिए जागरूक किया जाएगा कि यदि पहले से ही पंचायत परिवार रजिस्टर में एंट्री है तो भी निगम में एंट्री जरूरी है। डेटाबेस बन जाने के बाद इसका विकल्प दिया जाएगा कि परिवार रजिस्टर पंचायत को चुनना है या फिर निगम।



सोलन नगर निगम कार्यालय। अनंत ज्ञान

### कल्याणकारी योजनाओं में मददगार

**शहरी** क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों के बारे में महत्वपूर्ण डाटा उपलब्ध होगा, जिसके उपयोग से संसाधनों के बेहतर आवंटन सुनिश्चित कर जन कल्याण के लिए योजनाएं जैसे पेयजल, सीवरेज, स्ट्रीट लाइट और अन्य विकासात्मक योजना बनाने में आसानी होगी। इसके तहत अब शहर की कुल आबादी का अनुमान लगाया जा सकेगा। साथ ही निगम के अधिकारियों को भी परिवार के व्यक्ति की वेरिफिकेशन करना आसान होगा। आम तौर पर नगर निगम जन्म-मृत्यु का पंजीकरण तो करता है पर परिवार में कितने सदस्य है इसका रिकॉर्ड आज तक मेन्टेन नहीं है। अब यह संभव होगा। निगम के कर्मचारी घर-घर जाकर भी व्यक्ति का नाम, पेशा व शैक्षणिक योग्यता का रिकॉर्ड लेंगे। इसके अलावा आधार, राशन कार्ड और बिजली बिल की प्रति भी दिखानी होगी। लोगों की सुविधा के लिए वार्डो में परिवार रजिस्टर के पंजीकरण का जिम्मा लोक मित्र केंद्रों को दिया गया। स्थानीय निवासी लोकमित्र केंद्र में जाकर निगम के परिवार रजिस्टर में एंट्री करवा सकते हैं।



**नगर** निगम की कमिश्नर एकता कापटा ने बताया कि नगर निगम सोलन के ई-परिवार रजिस्ट्रेशन से छूट गए परिवारों के पंजीकरण के लिए सरकार ने पोर्टल को ओपन किया है। कोई भी परिवार का सदस्य राजगढ़ रोड स्थित भवानी लोक मित्र केंद्र जाकर परिवार को ई-पंजीकरण कर सकता है। इस दस्तावेज से न सिर्फ व्यक्ति की आइडेंटिफिकेशन होगी, बल्कि इसे कई योजना का लाभ लेने के उपयोग हो सकता है।

### वार्ड वाइज परिवार के सदस्यों की संख्या

**सोलन** शहर के 17 वाडों में रजिस्टर हुए परिवार की संख्या में वार्ड नंबर एक में 1154 परिवार रजिस्टर हुए हैं जिनके परिवार के सदस्यों की संख्या 3,267 है। वार्ड नंबर 2 में 1013 जिनके सदस्य 3413 वार्ड नंबर 3 में 1245 जिनके सदस्य 3396, वार्ड नंबर 4 में 1101. जिनके सदस्य 4143, वार्ड नंबर 5 में 479 जिनके सदस्य 1738 वार्ड नंबर 6 में 799 जिनके सदस्य 3004, वार्ड नंबर 8 में 605 जिनके सदस्य 2062, वार्ड नंबर 9 में 878 जिनके सदस्य 2,161, वार्ड नंबर 10 में 834 जिनके सदस्य 2933, वार्ड नंबर 11 में 2031 जिनके सदस्य 6431, वार्ड नंबर 12 में 806 जिनके सदस्य नाला 2368, वार्ड नंबर 13 में 753 जिनके तहस सदस्य 2351, वार्ड नंबर 14 में 888 होने जिनके सदस्य 2713, वार्ड नंबर 15 भाज में 1201 जिनके सदस्य 3372, वार्ड को नंबर 16 में 1138 जिनके सदस्य घेरा 3243 व वार्ड नंबर 17 में 989 जम परिवार रजिस्टर हुए है, जिनके परिवार के सदस्यों की संख्या 3550 है।

# सेलाकुई में सड़क दुर्घटना में देश ने खोया एक और वीर सपूत

अनंत ज्ञान

**अनुराग गुप्ता, पांवटा साहिब।** भारतीय सेना के जम्मू-कश्मीर में तैनात जवान ग्रेनेडियर कपिल की सड़क हादसे में शहादत हो गई है। वे पिछले 7 वर्षों से सेना में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और आजकल छुट्टी पर आए थे। 8 जनवरी को उत्तराखंड के सेलाकुई में सड़क दुर्घटना में ग्रेनेडियर कपिल को गंभीर चोटें आई थी।

इसके लिए उनको आनन फानन में सेलाकुई में स्थित ग्राफिकएरा अस्पताल में दाखिल करवाया गया। गंभीर स्थिति में तब से ग्रेनेडियर कपिल वहीं उपचाराधीन थे। घटना की संपूर्ण सूचना संबंधित बटालियन को दी जा चुकी थी, लेकिन बुधवार रात गंभीर हालत से जूझ रहे वीर सैनिक ने रात्रि लगभग 2:50 बजे आखरी सांसे ली। ग्रेनेडियर कपिल बहुत बहादुर और साहसी सेनिक थे। घटना की खबर फैलते ही उनकी सेन्य बटालियन के साथ-साथ पुरे गिरिपार क्षेत्र में माहौल गमगीन हो गया। परिवार



पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। पिता पंच राम व माता जयंती देवी के पैरों तले मानो जमीन खिसक गई हो। पूरा गांव अपने वीर सपूत को खोने से मातममय है। ग्रेनेडियर कपिल 18 सितंबर 2018 में ग्रेनेडियर रेजीमेंट में भर्ती होकर 16वीं बटालियन के अंतर्गत वर्तमान में 55वीं राष्ट्रीय राइफल्स के अधीन जम्मू-कश्मीर में तैनात थे। भूतपूर्व सैनिक संगठन ने हादसे पर गहरा दुख जताया। प्राप्त सूचना के अनुसार वीर जवान का अंतिम संस्कार शुक्रवार को पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनके पैतृक गांव पटना, डाकघर मिल्ला, तहसील शिलाई, जिला सिरमौर में किया जाएगा।

## गणतंत्र दिवस समारोह की अध्यक्षता करेंगे मंत्री राजेश धर्माणी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन के ऐतिहासिक ठोडो मैदान में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की अध्यक्षता इस वर्ष प्रदेश के नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा एवं व्यवसायिक तथा औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस समारोह ठोडो मैदान में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। डीसी ने कहा कि मुख्यातिथि प्रातः 10.40 बजे कारगिल शहीद स्मारक पर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके पश्चात प्रातः 11 बजे ठोडो मैदान में ध्वजारोहण करेंगे। मुख्यातिथि पुलिस, गृह रक्षा व अन्य टुकड़ियों द्वारा प्रस्तुत भव्य मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# भाजपा का जिला स्तरीय सम्मेलन 26 जनवरी को शिलाई में : रावत

अनंत ज्ञान

**नाहन।** सिरमौर भाजपा जिला महामंत्री रणबीर ठाकुर व भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने जारी बयान में कहा कि भाजपा का 26 जनवरी को शिलाई के तोमर कांप्लेक्स में विकसित भारत गारंटी रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण व एसआईआर पर एकदिवसीय जिला सम्मेलन आयोजित होगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष धीरज गुप्ता करेंगे। इस सम्मेलन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल बतौर मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत करेंगे। इस मौके पर उनके साथ शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप, पूर्व ऊर्जा मंत्री सुखराम चौधरी, विधायक रीना कश्यप, शिलाई के पूर्व विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता बलदेव सिंह तोमर व नारायण सिंह भी उपस्थित रहेंगे। इसके अतिरिक्त भाजपा प्रदेश पदाधिकारी मोर्चा व प्रकोष्ठ के प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भाजपा जिला पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य



मंडल अध्यक्ष एवं मंडल कार्यकारिणी सदस्य सभी मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्य के साथ-साथ बूथ अध्यक्ष बूथ पालक बीएलए एवं बूथ समिति के सभी सदस्य भी इस सम्मेलन में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस सम्मेलन में विकसित भारत गारंटी रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण व एसआईआर पर भाजपा कार्यकर्ताओं को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल एवं अन्य नेताओं का भी मार्गदर्शन मिलेगा, ताकि भाजपा कार्यकर्ता भी इस महत्वपूर्ण योजना की जानकारी लोगों को दे सके क्योंकि कांग्रेस पार्टी के लोग इस योजना के बारे में लोगों के बीच विभिन्न प्रकार की झूठी भ्रांतियां फैला रहे हैं।

## अवैध खनन पर 39 वाहन कब्जे में लिए

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर में खनन माफिया के खिलाफ पुलिस की बीते 48 घंटे चली कार्रवाई में 39 वाहन कब्जे में लेकर चालान किए गए हैं। एसपी एनएस नेगी ने बताया कि पुलिस अवैध खनन व मोटर वाहन अधिनियम के उल्लंघन के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाया गया है। एसपी ने बताया कि इस बड़ी कारवाई में 19 और 20 जनवरी को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 39 वाहनों को जब्त किया गया है। नेगी ने बताया कि कब्जे में लिए गए इन वाहनों में ट्रैक्टर, डंपर व ट्राला शामिल हैं। सभी वाहन खनन अधिनियम व मोटर वाहन अधिनियम के उल्लंघन के आरोप में जब्त किए गए हैं। एसपी ने बताया कि पांवटा साहिब में 19 वाहन, नाहन में 7 वाहन, माजरा में 3 वाहन, राजगढ़ में 1 वाहन, पुरुवाला में 4 वाहन, कालाअंब में 1 वाहन, रेणूका जी मे 2 वाहन व पच्छाद पुलिस स्टेशन के तहत 2 वाहन जब्त किए गए हैं। नेगी ने बताया कि जिला सिरमौर पुलिस का खनन माफिया को सख्त संदेश है कि अवैध खनन व मोटर वाहन अधिनियम के उल्लंघन के खिलाफ यह अभियान जारी रहेगा। खनन माफिया पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड की यूनिट बागा सीमेंट वर्क्स में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन यूनिट हेड नितेश निराला द्वारा किया गया। इस अवसर पर फंक्शनल हेड ह्यूमन रिसोर्स राजेश जमवाल, फंक्शनल हेड टेक्निकल पिनाकी दत्ता तथा यूनिट एफएंडसी हेड तरुण गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर के साथ ही एक सप्ताह तक चलने वाले खेल महोत्सव की विधिवत शुरुआत हुई। इसमें बागा सीमेंट वर्क्स के सभी कर्मचारियों व श्रमिकों ने उत्साह, उमंग व खेल भावना के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतर्गत वॉलीबाल, रस्साकशी (टग ऑफ वॉर) और कबड्डी सहित विभिन्न खेलों का आयोजन किया जा रहा है। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों में टीमवर्क की भावना को प्रोत्साहित करना, शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देना, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा विकसित करना तथा आपसी सहयोग और एकता को मजबूत करना है।

# 10 साल पहले बने आधार कार्ड को अपडेट करवाना अति आवश्यक : डीसी

अनंत ज्ञान

**नाहन।** डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा नें जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता करते कहा कि जिन लोगों का आधार कार्ड 10 साल पहले बना है तथा उसके उपरांत एक बार भी अपडेट नहीं करवाया गया है, उन्हें अपने दस्तावेज आधार में अपडेट करवाने होंगे, ताकि आधार सत्यापन में उन्हें कोई असुविधा न हो। डीसी ने कहा कि 5 व 15 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके बच्चों का आधार बायोमैट्रिक अपडेट करवाना तथा 0 से 5 वर्ष के बच्चों का आधार कार्ड बनवाना भी अति आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि 5 व 15 वर्ष पूर्ण होने के 2 वर्ष के भीतर अपना आधार कार्ड अपडेट नहीं किया जाता है, तो उनका आधार कार्ड निष्क्रिय हो सकता है। उन्होंने बताया कि 5 व 15 वर्ष के पश्चात बच्चों के चेहरे की फोटो, मोबाइल नंबर, हाथों के फिंगरप्रिंट व पता आदि आधार में अपडेट करवाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि 5-7 वर्ष तथा 15-17 वर्ष की आयु तक अनिवार्य बॉयोमीट्रिक अपडेशन निशुल्क उपलब्ध है। डीसी ने आधार अपडेट की आवश्यकता को बताते हुए कहा कि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, प्रवेश प्रक्रियाओं व आवेदन के दौरान आधार की आवश्यकता रहती है। एनटीए, नीट, आईटी, यूपीएससी, सीयूईटी आदि में भी आवेदन करते समय आधार प्रमाणीकरण आवश्यक है यदि उम्मीदवार अपने आधार का आवश्यक बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) तथा मोबाइल नंबर अपडेट नहीं करते हैं तो प्रमाणीकरण विफल हो सकता है। बैठक में क्षेत्रीय कार्यालय यूआईडीएआई अभिषेक कुमार तथा जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# पोषण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर



बैठक की अध्यक्षता करते एडीसी राहुल जैन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** अतिरिक्त उपायुक्त सोलन राहुल जैन ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा समेकित बाल विकास परियोजना (आईसीडीएस) के तहत लक्षित वर्गों के कल्याण व पोषण के लिए विभिन्न योजनाएं प्रभावी रूप से कार्यान्वित की जा रही हैं। वह यहां आईसीडीएस के अंतर्गत जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं समीक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन इन योजनाओं के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को समय पर सहायता प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। राहुल जैन ने बताया कि वर्तमान में जिला सोलन में 1281 आंगनबाड़ी एवं मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से 6,13,173 लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। 6 वर्ष तक आयु वर्ग के बच्चों, गर्भवती व धात्री महिलाओं को समय पर पोषाहार उपलब्ध करवाने में आईसीडीएस की अहम भूमिका है। उन्होंने बताया कि 6 माह से 3 वर्ष तक के 16,699 बच्चे, 3 से 6 वर्ष तक के 5,666 बच्चे तथा 5,906 गर्भवती एवं धात्री महिलाएं पोषाहार से लाभान्वित हो रही हैं। उन्होंने बालिका सशक्तिकरण पर बल देते हुए कहा कि लड़कियां आज हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति के तहत आयोजित जागरूकता शिविरों पर भी चर्चा की गई।

## मिशन वात्सल्य की समीक्षा बैठक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** अतिरिक्त उपायुक्त सोलन राहुल जैन की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति के तहत मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना तथा मिशन वात्सल्य की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला स्तर पर बाल कल्याण एवं संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की गई। राहुल जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के अंतर्गत बच्चों को बेहतर जीवन, शिक्षा, सुरक्षा एवं पुनर्वास की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने लाभार्थियों का नियमित अनुश्रवण करने तथा उनकी आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए। मिशन वात्सल्य के तहत जिला सोलन में तीन बाल आश्रम एवं चिल्ड्रन होम तथा एक स्पेशल एडॉप्शन एजेंसी कार्यरत है, जहां 69 बच्चे रह रहे हैं। योजना के अंतर्गत 204 लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा सहायता प्रदान की गई है। उन्होंने बाल श्रम व भिक्षावृत्ति पर रोक के लिए संयुक्त औचक निरीक्षण के निर्देश भी दिए।

**आयोजन** नाहन में जिला योजना व 20 सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा बैठक, उद्योग मंत्री ने की अध्यक्षता

# सरकार स्वास्थ्य विभाग को अधिक सुदृढ़ करने के लिए प्रयासरत

अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** उद्योग श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने वीरवार को जिला सिरमौर के नाहन में जिला योजना, विकास एवं 20 सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

विधायक पांवटा साहिब विधानसभा क्षेत्र सुखराम चौधरी, उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा, पुलिस अधीक्षक निश्चिंत सिंह नेगी, कार्यक्रम के सरकारी एवं गैर सरकारी सदस्य भी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उद्योग मंत्री ने अधिकारियों को गैर सरकारी सदस्यों के मुद्दों को गंभीरता से लेने को कहा, ताकि सबके साथ मिल कर जिला को विकास की राह में अग्रसर किया जा सके। उन्होंने गैर सरकारी सदस्यों को लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए अपने क्षेत्र की समस्याओं को रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जिला के स्वास्थ्य संस्थानों की स्थिति में पूर्व की अपेक्षा में सुधार हुआ है और सरकार दूरदराज के क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए रिक्त पदों को भरने के लिए प्रयासरत है। जिला में स्वास्थ्य विभाग



बैठक की अध्यक्षता करते उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान। अनंत ज्ञान

द्वारा 4333 संस्थागत प्रसव कराए गए। बैठक में अवगत करवाया गया कि जिला सिरमौर में वर्ष 2025-26 में 103802 जॉब कार्ड प्रदान किए गए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 35 स्वयं सहायता समूह बनाए अथवा पुनर्जीवित किए गए।

जिले में वन विभाग द्वारा 486.68 हेक्टेयर क्षेत्र में लगभग 3 लाख 16 हजार पौधरोपण किए गए। जिले में लोक वितरण प्रणाली के तहत वर्ष 2025-26 में 25 हजार 876 टन अनाज आवंटित किए गए तथा अंतोदय अन्न योजना के तहत 13 हजार 347 टन अन्न गरीबी रेखा से ऊपर व 2074 टन अन्न गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों को वितरित किए गए। जिला सिरमौर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष 2024-25 में 2132 गृह निर्माण किए गए है। वर्ष 2025-26 में अब तक 261 व्यक्तिगत घरेलू शौचालय निर्मित किए गए।

जिला सिरमौर में 859 नए बिजली ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे, जिसमें से 45 ट्रांसफार्मर लगाए जा चुके है। राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत 172.33 मिलियन यूनिट बिजली वितरित की गई और योजना के तहत 231 पंप सेट सक्रिय किए गए। इसके उपरांत उद्योग, श्रम एवं रोजगार तथा संसदीय मामले मंत्री हर्षवर्धन चैहान ने शहरी स्थानिय निकाय की जिला स्तरीय सलाहकार एवं निगरानी समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इसमें जिला सिरमौर के सभी शहरी निकायों में केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं की समीक्षा की गई। उद्योग मंत्री ने सरकारी संपत्ती को नुकसान पहुंचाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में अवगत करवाया गया कि नगर पंचायत राजगढ़ में सुखा और गिला कूड़े का पृथक्करण कर कूड़े का निपटारा किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त, सुखा व गिला कचरा के पृथक्करण के लिए नगर परिषद पांवटा और नगर पंचायत राजगढ़ में स्वच्छ शहर, समृद्ध शहर अभियान चलाया जा रहा है। इन क्षेत्रों में कचरा प्रबंधन से संबंधित समाधान शिविर भी आयोजित किए जा चुके है, जिनमें लोगों की समस्याओं को सुना गया तथा जायज समस्याओं का समाधान भी किया गया। राजगढ़ में ठोस कचरा प्रबंधन प्लांट स्थापित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा शहरी विकास विभाग के नाम भूमि स्थानांतरित कर दी गई है। नगर परिषद नाहन के अंतर्गत नाहन शहर के ऐतिहासिक महत्व वाले स्थानों को चिन्हित कर उन्हें ऐतिहासिक धरोहर घोषित करने के लिए शहरी विकास विभाग को प्रस्ताव भी भेजा गया है, ताकि इनका रखरखाव किया जा सके।

# जेपी नड्डा का बतौर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्यकाल रहा स्वर्णिम : आर्य

अनंत ज्ञान

**सोलन।** जगत प्रकाश नड्डा का बतौर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्यकाल हिमाचल प्रदेश व देश के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित होगा।

यह बात कसौली विधानसभा क्षेत्र से युवा भाजपा नेता व समाजसेवी ओम आर्य ने जारी बयान में कही। उन्होंने कहा कि छोटे से प्रदेश हिमाचल से अपनी कड़ी मेहनत व तपस्या के कारण आज जगत प्रकाश नड्डा का राजनीतिक कद इतना बढ़ गया है कि दोबारा इस प्रदेश से शायद कोई ही व्यक्ति इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल कर सके। ओम ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी व नरेंद्र मोदी जैसे दुनिया के सबसे बड़े नेता के साथ भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में काम करना अपने आप में ही बहुत बड़े गौरव की बात है और कड़ी मेहनत के बलबूते पर हिमाचल प्रदेश के सपूत नड्डा ने यह कमाल करके दिखाया है। ओम ने बताया कि 1960 में जन्मे जगत प्रकाश नड्डा 1984 में हिमाचल यूनिवर्सिटी में एबीवीपी के अध्यक्ष बने व 1989 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री चुने गए थे। इसके साथ 1991 में पहली और 1993 में दूसरी बार भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष



पर कड़ी मेहनत की बदौलत आपकी तैनाती हुई। ओम ने बताया कि तीन बार विधायक पद पर सुशोभित होने के साथ दो बार उन्हें हिमाचल कैबिनेट में महत्वपूर्ण मंत्रालयों में मंत्री के रूप में भी अपनी सेवाएं दी। इसके साथ-साथ राज्यसभा के सांसद होने पर प्रधानमंत्री मोदी के साथ दो बार स्वास्थ्य मंत्री जैसे बड़े महत्वपूर्ण मंत्रालय में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ओम ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नड्डा व प्रधानमंत्री पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने कई प्रदेशों में महत्वपूर्ण चुनाव जीतकर भाजपा को नई बुलंदियों तक पहुंचा है और यही कारण है कि पीएम ने जो नड्डा के ऊपर अपना विश्वास व्यक्त किया। उस कारण राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में सबसे लंबे कार्यकाल का रिकॉर्ड भी हिमाचल के सपूत जगत प्रकाश नड्डा के नाम पर दर्ज हो गया है।




# हरियाणा बजट में पहली बार एआई की एंट्री

## सीएम नायब सैनी बोले–यह सरकार नहीं, जनता का बजट

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** हरियाणा में बजट पूर्व परामर्श को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्पष्ट किया कि यह सरकार का नहीं, बल्कि जनता का बजट है। उन्होंने बताया कि यह 7वां वर्ष है जब अलग-अलग सेक्टर्स उद्योगपति, टेक्सटाइल इंडस्ट्री, किसान, वैज्ञानिक,एफपीओएस, महिला उद्यमी और स्टार्टअप्स से सीधा संवाद कर सुझाव लिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार एआई आधारित चैट बॉक्स भी लॉन्च किया गया है। ताकि कोई भी नागरिक ऑनलाइन अपने सुझाव दे सके। प्राप्त होने वाले महत्वपूर्ण सुझावों को बजट में शामिल किया जाएगा, जिससे हरियाणा के जनहित में योजनाओं पर खर्च सुनिश्चित हो सके।



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करने के लिए हरियाणा को मजबूती से खड़ा किया जा रहा है। बजट पूर्व परामर्श में शिक्षा, कृषि, उद्योग, स्टार्टअप और महिला सशक्तिकरण जैसे कई अहम विषय सामने आए हैं, जिन्हें बजट में प्राथमिकता दी जाएगी। मुख्यमंत्री सैनी ने कांग्रेस पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि हरियाणा की जनता ने उनके दावों और कार्यशैली को पूरी तरह नकार दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास न तो नीयत है, न नीति और न ही ठोस नेतृत्व है। उन्होंने कांग्रेस के भीतर चल रही गुटबाजी और आपसी मंथन पर तंज कसते हुए कहा कि कभी यात्राएं निकलती हैं। कभी मंथन होता है, लेकिन असल मुद्दों पर कांग्रेस पूरी तरह भटकी हुई है।

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेताओं के वायरल वीडियो का जिक्र करते हुए कहा कि कभी कहा गया 'मेरे हिस्से में 2000 नौकरियां हैं' तो कभी '50 वोट के बदले एक नौकरी' ऐसे बयानों के लिए कांग्रेस को अपने नेताओं को ट्रेनिंग देनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि बीजेपी की राजनीति भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी है, जबकि कांग्रेस केवल दांव-पेच और सौदेबाजी में उलझी रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीजेपी लगातार मजबूत हो रही है। बीते 11 वर्षों में भारत को जो वैश्विक सम्मान मिला है, उसका श्रेय मोदी सरकार की नीतियों, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं को जाता है।

### डबल इंजन सरकार से बदला हरियाणा का नक्शा

**मुख्यमंत्री** ने बताया कि आज हरियाणा का हर जिला फोर-लेन सड़कों से जुड़ा हुआ है। प्रदेश को वंदे भारत जैसी आधुनिक ट्रेनों की सौगात मिली है, जो विकास की रफ्तार को दर्शाती है। 'वोट चोरी' और 'संविधान खतरे में' भ्रम की राजनीति से असल खतरा कांग्रेस को है, क्योंकि जनता सच्चाई पहचान चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के पास अब कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा, इसलिए वह जनता को गुमराह करने के लिए कभी 'वोट चोरी' तो कभी 'संविधान खतरे में' जैसे नारे गढ़ती है। मोदी सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों ने गरीब को सशक्त किया है। लगभग 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं, जबकि कांग्रेस ने हमेशा गरीबी बढ़ाने और चहेतों को फायदा पहुंचाने की राजनीति की।

# चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी करेगी भारत का पहला 'एआई फेस्ट-2026'



अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** युवा इनोवेटर्स को सशक्त बनाने और क्रिएटिव आइडियाज को टेक-आधारित रियल-वर्ल्ड सॉल्यूशंस में बदलने के लिए, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी भारत का पहला 'एआई फेस्ट-2026' लॉन्च कर रही है। यह फेस्ट 19 से 21 फरवरी तक इंडिया एआई इंपेक्ट समिट 2026 के अनुरूप आयोजित होगा।

तीन दिवसीय फेस्ट में तीन प्रमुख प्लेटफॉर्म शामिल हैं सीयू इनोवफेस्ट 2026, कैंपस टैंक और सैंडबॉक्स, जो स्टार्टअप्स, स्टूडेंट्स और प्रोफेशनल इनोवेटर्स को नेशनल एक्सपो, मेंटरशिप, फंडिंग और इंडस्ट्री एक्सपोजर का अवसर देंगे।मुख्यातिथि एटोस सॉल्यूशंस के सीईओ उमर अली शेख ने कहा कि आत्मविश्वास, उद्देश्य और निरंतर सीखने की इच्छा इनोवेशन में सफलता की कुंजी हैं। राज्यसभा सांसद और ट्राई चांसलर सतनाम सिंह संधू ने बताया कि यह फेस्ट युवाओं को सामाजिक हित में एआई के प्रभावी उपयोग के लिए प्रेरित करेगा और 2047 तक विकसित भारत के विजन में योगदान देगा। फेस्ट में देश भर से 1,000 से अधिक टीमों द्वारा 35+ कॉम्पिटिशन होंगी। विजेताओं को एक करोड़ रुपए से अधिक के कुल पुरस्कार और ग्लोबल सर्टिफिकेशन दिए जाएंगे। यह पहल एआई, डीप-टेक, ब्लॉकचेन और उभरते फील्ड्स में युवाओं के इनोवेशन और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए एक राष्ट्रीय लॉन्चपैड साबित होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### एक्सिस म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया सेक्टर लीडर्स इंडेक्स फंड

**अनंत ज्ञान, लुधियाना।** एक्सिस म्यूचुअल फंड ने नया फंड ऑफर 'एक्सिस बीएसई इंडिया सेक्टर लीडर्स इंडेक्स फंड' लॉन्च किया है। यह ओपन-एंडेड इंडेक्स फंड बीएसई इंडिया सेक्टर लीडर्स इंडेक्स में शामिल शीर्ष कंपनियों में निवेश करेगा। फंड का एनएफओ 23 जनवरी से शुरू होकर 6 फरवरी तक खुलेगा। फंड मैनेजर कार्तिक कुमार इस फंड का प्रबंधन करेंगे और न्यूनतम निवेश 100 रुपए है। एमडी एवं सीईओ बी. गोपकुमार ने बताया कि यह फंड निवेशकों को भारत की अग्रणी कंपनियों और उभरते क्षेत्रों में व्यापक निवेश का अवसर देगा। फंड बीएसई 500 के 21 सेक्टरों में टॉप कंपनियों पर केंद्रित है, जिससे लंबी अवधि में संपत्ति निर्माण का लक्ष्य पूरा किया जा सके।

### हरियाणाः पुलिस कांस्टेबल की भर्ती में तीन साल की छूट

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने पुलिस कांस्टेबल भर्तियों के लिए युवाओं को तीन साल की छूट प्रदान की है। यह लाभ उन अभ्यर्थियों को मिलेगा जो आयु अधिक होने के कारण अभी तक आवेदन नहीं कर पा रहे थे। हरियाणा पुलिस में पुरुष कांस्टेबल के 4500, महिला कांस्टेबल के 600 और जीआरपी में कांस्टेबल के 400 पदों की भर्ती के लिए 11 जनवरी को आनलाइन आवेदन शुरू हुए थे, जो 25 जनवरी की रात 12 बजे तक चलेंगे। अब तक एक लाख 90 हजार से अधिक युवा आवेदन कर चुके हैं। बड़ी संख्या में युवा अधिकतम आयु सीमा में छूट की मांग कर रहे थे। इनका तर्क था कि वर्ष 2022 के बाद तीन साल तक सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी) नहीं हो सकी, जबकि यह हर साल होनी थी। उन्होंने वर्ष 2022 और 2023 में निकली पुलिस कांस्टेबल की भर्ती में आवेदन किया था, मगर किन्हीं कारणों से यह भर्तियां रद्द कर दी गईं। ऐसे में वह तीन साल तक सीईटी में शामिल नहीं हो पाए और अब ओवर एज हो गए हैं। पिछले साल आयोजित सीईटी में सफल होने के बावजूद उन्हें पुलिस भर्ती में शामिल होने का मौका नहीं मिल रहा। अभ्यर्थियों ने दलील दी कि उत्तर प्रदेश में भी भर्तियां रद्द हुई थीं, मगर वहां भी उम्मीदवारों को छूट दी गई है। इसे गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एचएसएससी को अधिकतम आयु सीमा में तीन साल की छूट देने का निर्देश दिया। सरकार के फैसले के बाद हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष हिम्मत सिंह ने गुरुवार को फेसबुक पर खुद इसकी जानकारी साझा की।

# राज्यपाल ने औद्योगिक क्षेत्र में किया उद्यमियों से संवाद

अनंत ज्ञान



**चंडीगढ़।** वीरवार को राज्यपाल, चंडीगढ़ द्वारा औद्योगिक क्षेत्र का औचक दौरा किया गया। इस अवसर पर लघु उद्योग भारती द्वारा माननीय राज्यपाल महोदय का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। दौरे के दौरान राज्यपाल ने कुछ औद्योगिक प्लॉटों का निरीक्षण किया तथा उद्यमियों द्वारा सामना की जा रही विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की।

इस दौरे में उपायुक्त निशांत यादव, एसडीएम (ईस्ट) सुश्री खुशप्रीत कौर, चंडीगढ़ प्रशासन के मुख्य वास्तुकार मेहता तथा प्रधान सचिव विवेक प्रताप जी भी शामिल रहे। सभी अधिकारियों ने औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े बुनियादी ढांचे, नियोजन एवं प्रशासनिक विषयों पर विस्तृत चर्चा की। लघु उद्योग भारती, चंडीगढ़ के अध्यक्ष अवी भसीन ने उद्योग जगत की प्रमुख समस्याओं को राज्यपाल के समक्ष रखा। इस अवसर पर लघु उद्योग भारती के उपाध्यक्ष सुनील खेतरपाल भी उपस्थित रहे और उन्होंने उद्यमियों की जमीनी स्तर की समस्याओं से अवगत कराया। राज्यपाल ने सभी विषयों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के समन्वय से शीघ्र उचित समाधान का आश्वासन दिया।

# यमुनानगर में युवती से दुष्कर्म जिम ट्रेनर पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, यमुनानगर।** यमुनानगर जिले में एक युवती को शादी के लिए दबाव बनाने, जान से मारने की धमकियां देने और दुष्कर्म के आरोपों का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर महिला थाना पुलिस ने जिम ट्रेनर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला थाना पुलिस को दी गई शिकायत में 28 वर्षीय युवती ने बताया कि वर्ष 2019 में उसने अमर मार्केट स्थित एक जिम जॉइन किया था। वहीं पर ट्रेनर के रूप में कार्यरत ससौली निवासी संजीव संसारवाल से उसकी पहचान हुई। शुरुआत में बातचीत और दोस्ती के बहाने आरोपी ने उसका भरोसा जीता। आरोप है कि इसी दौरान आरोपी ने युवती ने दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी ने कथित रूप से इस घटना को आधार बनाकर युवती को लगातार ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। युवती द्वारा संपर्क तोड़ने पर आरोपी ने अपने परिचितों के माध्यम से भी दबाव बनाना जारी रखा। वर्ष 2022 में युवती रोजगार के सिलसिले में पुणे चली गई, लेकिन आरोपी ने वहां भी उसका पता लगाकर पीछा किया। अंततः युवती ने साहस जुटाकर महिला थाना पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, आपराधिक धमकी और अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

# एपीक रियल वेंचर्स को मिला टॉप एनआरआई रियल्टी अवॉर्ड

अनंत ज्ञान



**मोहाली।** एपीक रियल वेंचर्स, मोहाली स्थित प्रमुख रियल एस्टेट एडवाइजरी फर्म, को एनआरआई रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट में एक्सीलेंस के लिए अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह अवॉर्ड कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर हिमांशु पंत और वाइस प्रेसिडेंट सेल्स ऑपरेशंस सन्नी बग्गा ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में प्राप्त किया।

सीईओ रुचि पंत ने कहा कि यह सम्मान टीम की ईमानदारी, एक्सीलेंस और ग्राहक भरोसे का प्रमाण है। सन्नी बग्गा ने एनआरआई निवेशकों को पारदर्शी और सुरक्षित एडवाइजरी देने में योगदान पर गर्व व्यक्त किया। हाल के वर्षों में एपीक ने स्टार्ट-अप ऑफ़ द ईयर 2024-25, पंजाब में बेस्ट रियल एस्टेट कंसल्टेंसी और नॉर्थ रीजन में सबसे तेजी से बढ़ने वाली रियल एस्टेट एडवाइजरी जैसे कई अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। ये उपलब्धियां कंपनी को एनआरआई और घरेलू ग्राहकों के लिए भरोसेमंद और तेजी से उभरते हुए लीडर के रूप में स्थापित करती हैं।

## देश-विदेश

# सेंसेक्स 398 अंक चढ़कर 82,307 पर बंद, निफ्टी में भी 132 अंक की तेजी

एजेंसी, मुंबई



**शेयर** बाजार में वीरवार को तेजी रही। सेंसेक्स सेंसेक्स 398 अंक चढ़कर 82,307 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 132 अंक की तेजी रही। यह 25,290 के स्तर के पर बंद हुआ है।

सेंसेक्स के 30 शेयर्स में 24 में तेजी और 6 में गिरावट रही। निफ्टी के बैंकिंग ऑटो, मीडिया और मेटल सेक्टर में ज्यादा तेजी रही। सुबह के सत्र में ग्लोबल मार्केट से मिले अच्छे संकेतों के चलते बाजार बढ़त के साथ खुला था। एक समय सेंसेक्स 82,783 के दिन के हाई पर पहुंच गया था, लेकिन दोपहर होते-होते बैंकिंग और आईटी शेयरों में बिकवाली शुरू हो गई। निफ्टी भी 25,435 का डे हाई छूने के बाद वापस 25,250 के करीब आ गया। (अनंत ज्ञान)

# ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स में गोलीबारी, तीन लोगों की मौत और एक घायल

**एजेंसी, मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स राज्य के एक कस्बे में वीरवार को गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, गोलीबारी की सूचना मिलने के बाद आपातकालीन सेवाओं को लेक कार्जेलिगो में बुलाया गया। इस कस्बे की आबादी करीब 1,500 लोगों की है। पुलिस ने बताया कि मृतकों में दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। वहीं, एक अन्य पुरुष को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमलावर या हमलावरों के फरार होने की आशंका है। (अनंत ज्ञान)

# सिख विरोधी दंगों के एक मामले में सज्जन कुमार बरी

एजेंसी, नई दिल्ली

**राऊज** एवेन्यू कोर्ट ने 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े जनकपुरी हिंसा मामले के आरोपित सज्जन कुमार को बरी कर दिया। स्पेशल जज दिग्विनय सिंह ने सज्जन कुमार को बरी करने का आदेश दिया। सज्जन को इस मामले में बरी जरूर कर दिया गया है, लेकिन वह जेल से बाहर नहीं निकल सकेंगे, क्योंकि दूसरे मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे हैं।

दिल्ली हाईकोर्ट ने 17 दिसंबर, 2018 को दिल्ली सिख दंगों के मामले में सज्जन कुमार को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। इसके बाद सज्जन कुमार ने 31 दिसंबर, 2018 को कड़कड़डूमा कोर्ट में सरेंडर किया था। कोर्ट ने 22 दिसंबर, 2025 को फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस मामले में 23 सितंबर को कोर्ट ने ट्रायल पूरी कर ली थी। सुनवाई के दौरान सज्जन कुमार ने खुद को निर्दोष बताया था। सज्जन कुमार ने कहा था कि वो इस अपराध में सपने में भी शामिल हो सकता और मेरे खिलाफ एक भी सुबूत नहीं है। 9 नवंबर, 2023 को इस मामले के पीड़ित मंजीत कौर ने अपने बयान दर्ज कराए थे। बयान में मंजीत कौर ने कहा था कि मैंने भीड़ के लोगों से सुना था कि सज्जन कुमार भीड़ में शामिल थे, लेकिन सज्जन कुमार को नहीं देखा था। 23 अगस्त, 2023 को कोर्ट ने सज्जन कुमार के खिलाफ आरोप तय कर दिया था। (अनंत ज्ञान)

# लाल किला मामले में आतंकवादी की मौत की सजा के खिलाफ याचिका पर दिल्ली सरकार को नोटिस

एजेंसी, नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने 2000 के लाल किला हमले के मामले में मौत की सजा पाए लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के आतंकवादी मोहम्मद आरिफ की उपचारात्मक याचिका पर सुनवाई करने पर वीरवार को सहमति जताई।

इस हमले में सेना के तीन जवान शहीद हो गए थे। न्यायालय ने इस मामले में सजा के खिलाफ आरिफ की पुनर्विचार याचिका तीन नवंबर 2022 को खारिज कर दी थी। आरिफ उर्फ अशफाक को अक्तूबर 2005 में निचली अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी और दिल्ली उच्च न्यायालय ने सितंबर 2007 में निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा था। इसके बाद आरिफ ने उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया था। शीर्ष अदालत ने अगस्त 2011 में आरिफ को दी गई मौत की सजा को बरकरार रखा था। वीररवार को प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी की विशेष पीठ ने वकीलों द्वारा प्रस्तुत दलीलों पर गौर किया, जिसमें शीर्ष अदालत के उन फैसलों का हवाला दिया गया था, जिनमें अपील और पुनर्विचार याचिका को खारिज करते हुए मृत्युदंड को बरकरार रखा गया था। (अनंत ज्ञान)

# ट्रंप का यू-टर्न, यूरोपीय देशों पर नहीं लगाएंगे 10% टैरिफ

एजेंसी, दावोस

- ग्रीनलैंड समझौते पर नाटो चीफ के साथ बातचीत की
- कहा- डील की जानकारी जल्द पब्लिक करूंगा

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यूरोपीय देशों पर 10% टैरिफ लगाने से पीछे हट गए हैं। यह टैरिफ 1 फरवरी से लगने वाले थे। ट्रंप ने बुधवार को कहा कि उन्होंने दावोस में नाटो चीफ जनरल मार्क रुट के साथ बातचीत के बाद यह फैसला लिया।



ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उनकी नाटो चीफ के साथ ग्रीनलैंड को लेकर होने वाले समझौते की बुनियादी बातें तय हो गई हैं। अगर यह समझौता पूरा होता है, तो यह अमेरिका और नाटो के सभी देशों के लिए फायदेमंद होगा। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका, नाटो और दूसरे देश मिलकर पूरे आर्कटिक क्षेत्र की सुरक्षा पर काम करेंगे, जिसमें ग्रीनलैंड भी शामिल रहेगा। हालांकि ट्रंप ने इस समझौते की पूरी जानकारी देने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि मामला थोड़ा मुश्किल है और इसकी पूरी जानकारी बाद में दी जाएगी। ट्रंप और नाटो के बीच ग्रीनलैंड फ्रेमवर्क के तहत कई बिंदुओं पर सहमति बनी है। इसके तहत ग्रीनलैंड और पूरे आर्कटिक क्षेत्र की सुरक्षा नाटो और अमेरिका मिलकर करेंगे। ट्रंप ने पत्रकारों से कहा कि यह डील जल्द सार्वजनिक की जाएगी। डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका को ग्रीनलैंड में कुछ सीमित इलाकों में अपने सैन्य ठिकाने बनाने की अनुमति मिलेगी। इन ठिकानों का इस्तेमाल जमीन, समुद्र और हवा तीनों मोर्चों पर निगरानी और रक्षा के लिए होगा। इसके साथ ही नाटो, अमेरिका के प्रस्तावित 'गोल्डन डोम' मिसाइल डिफेंस सिस्टम में भी सहयोग करेगा। फ्रेमवर्क में यह भी शामिल है कि ग्रीनलैंड के खनिज संसाधनों पर अमेरिका के साथ साझेदारी होगी। रूस और चीन को इस इलाके में आर्थिक या सैन्य पकड़ बनाने से रोका जाएगा। सीबीएस न्यूज ने सूत्रों के हवाले से बताया कि इस समझौते में अमेरिका के ग्रीनलैंड को अपने नियंत्रण या मालिकाना हक में लेने की कोई बात नहीं है। (अनंत ज्ञान)

# डेनमार्क की प्रधानमंत्री बोलीं- संप्रभुता से कोई समझौता नहीं किया जा सकता

**एजेंसी, कोपनहेगन।** डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन ने कहा कि उनका देश अपनी संप्रभुता पर कोई समझौता नहीं कर सकता। यह टिप्पणी फ्रेडरिक्सन ने तब की जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्होंने नाटो प्रमुख के साथ आर्कटिक सुरक्षा पर 'भविष्य के समझौते का ढांचा' तय करने पर सहमति व्यक्त की है। ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर अमेरिकी नियंत्रण का दबाव बनाने के लिए आठ यूरोपीय देशों पर शुल्क लगाने की धमकी को बुधवार को वापस ले लिया।

ग्रीनलैंड नाटो सहयोगी डेनमार्क का एक अर्ध-स्वायत्त क्षेत्र है। इससे कुछ समय पहले ट्रंप ने कहा था कि वह द्वीप को 'पूरे अधिकार, स्वामित्व और कब्जे सहित' प्राप्त करना चाहते हैं। ट्रंप ने कहा कि गोल्डन डोम मिसाइल रक्षा कार्यक्रम के संबंध में ग्रीनलैंड पर 'अतिरिक्त चर्चा' जारी है। गोल्डन डोम मिसाइल एक बहु-स्तरीय, 175 अरब अमेरिकी डॉलर की प्रणाली है, जो पहली बार अमेरिकी हथियारों को अंतरिक्ष में स्थापित करेगी। उन्होंने इस पर यह कहते हुए अधिक विवरण नहीं दिया कि यह अभी तय किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

# जुबीन गर्ग हत्याकांड के तीन आरोपियों की जमानत याचिका पर सुनवाई, फैसला सुरक्षित

एजेंसी, गुवाहाटी

**जुबीन** गर्ग हत्याकांड में तीन आरोपितों की जमानत याचिकाओं पर वीरवार को सुनवाई पूरी हो गई। असम के कामरूप जिले की जिला एवं सत्र न्यायालय ने इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए 30 जनवरी को आदेश सुनाने की तिथि निर्धारित की है। जिन आरोपितों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई हुई, उनमें अमृतप्रभा महंत, परेश वैश्य और नंदेश्वर बोरा शामिल हैं। अदालत 30 जनवरी को इन तीनों की जमानत याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाएगी।

सुनवाई के दौरान श्यामकानु महंत और संदीपन गर्ग के अधिवक्ताओं ने अदालत को बताया कि वे फिलहाल जमानत नहीं चाहते हैं, जिसके बाद उनकी ओर से दायर जमानत याचिकाएं वापस ले ली गईं। यह सुनवाई सत्र न्यायाधीश की अदालत में हुई, जहां जुबीन की पत्नी गरिमा गर्ग और बहन पामी बरठाकुर भी उपस्थित रहीं। उल्लेखनीय है कि, जुबीन गर्ग हत्याकांड में कुल पांच आरोपित श्यामकानु महंत, अमृतप्रभा महंत, संदीपन गर्ग, नंदेश्वर बोरा और परेश वैश्य ने जमानत की मांग करते हुए अदालत का रुख किया था, जिनमें से तीन की याचिकाओं पर आज सुनवाई पूरी हुई। बता दें कि, 19 सितंबर, 2025 को दिवंगत जुबीन गर्ग (52) एक यॉट पार्टी में शामिल थे। उन्हें अगले दिन सिंगापुर में नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल में परफॉर्म करना था। इसी दौरान वह समुद्र में तैरने उतरे और फिर वापस नहीं लौट सके। कोर्ट में पेश मुख्य जांच अधिकारी ने बताया कि जुबिन गर्ग ने शुरुआत में लाइफ जैकेट पहनी, लेकिन बाद में उतार दिया था। (अनंत ज्ञान)

# चांदी 15,000 और सोना 2,700 रुपए हुआ सस्ता

एजेंसी, नई दिल्ली

- एक किलो चांदी घटकर 3.03 लाख रुपए पर आई

**चांदी** की कीमतों में वीरवार को गिरावट रही। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, चांदी 5% या करीब 15 हजार रुपए प्रति किलो गिर गई। चांदी सुबह 3,03,584 रुपए पर खुली है।

बुधवार को यह 3,19,097 लाख रुपए पर बंद हुई थी और कारोबार के दौरान इसने 3,20,075 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। सोना भी 2,728 रुपए गिरकर 1,51,499 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। एक दिन पहले सोने ने 1,55,204 रुपए का हाई बनाया था। फिर 1,54,277 रुपए पर बंद हुआ। अगर आप नई खरीदारी या निवेश की योजना बना रहे हैं, तो एक्सपर्ट्स का मानना है कि थोड़ा और इंतजार करना सही रहेगा। अभी मुनाफावसूली का दौर चल रहा है, जिससे कीमतों में और गिरावट की संभावना है। वहीं, जिन लोगों ने ऊंचे भाव पर चांदी खरीदी है, उन्हें घबराने के बजाय लंबी अवधि के लिए होल्ड करने की सलाह दी गई है क्योंकि फंडामेंटल्स अब भी मजबूत हैं। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली में वायु गुणवत्ता में मामूली सुधार, एक्यूआई 312

एजेंसी, नई दिल्ली

दिल्ली की वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में बनी रही, जहां 24 घंटे का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 330 दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, गुरुवार को सुबह 8 बजे दिल्ली का एक्यूआई 312 दर्ज किया गया। प्रदूषण के स्तर में मामूली सुधार के बावजूद, राष्ट्रीय राजधानी के अधिकांश हिस्सों में वायु गुणवत्ता बुहत खराब बनी रही। 29 मॉनिटरिंग स्टेशनों में 'बहुत खराब' वायु गुणवत्ता रही, जबकि 9 केंद्र 'खराब' श्रेणी में रहे। नेहरू नगर



में सुबह के समय वायु गुणवत्ता सबसे खराब दर्ज की गई, जहां एक्यूआई 382 रहा। एक्यूआई 201 से 300 को 'खराब' माना जाता है, 301 से 400 को 'बहुत खराब' और 401 से 500 को 'गंभीर' श्रेणी में रखा जाता है। सीपीसीबी के अनुसार, अक्षरधाम मंदिर के ऊपर एयर क्वालिटी इंडेक्स 377 दर्ज किया गया, जो 'गंभीर' श्रेणी के करीब है। (अनंत ज्ञान)

# राहुल बोले- 'वीबी जी राम जी' क्या है, नहीं मालूम, बिल के विरोध में गरीब एकजुट हों

एजेंसी, नई दिल्ली

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने कि वह 'वीबी जी राम जी' बिल के बारे में नहीं जानते। उन्होंने गरीबों से अपील की कि वे इस नए बिल के विरोध में एकजुट हों।



राहुल ने दावा किया कि मनरेगा को निरस्त करने में मोदी सरकार के उद्देश्य वही हैं जो तीन काले कृषि कानूनों को लाने में थे। राहुल रचनात्मक कांग्रेस के राष्ट्रीय मनरेगा श्रमिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को आरोप लगाया कि सरकार का मनरेगा को निरस्त करना महात्मा गांधी के नाम को लोगों की स्मृति से मिटाने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी संसद के आगामी बजट सत्र में इस मुद्दे को मजबूती से उठाएगी। राहुल ने कहा कि मनरेगा गरीबों को अधिकार देने के लिए लाई गई योजना थी। इसका उद्देश्य जरूरतमंदों को काम देना था। यह योजना सरकार के तीसरे स्तर यानी पंचायती राज के माध्यम से चलाई जानी थी। अधिकार शब्द महत्वपूर्ण था। सभी गरीब लोगों को मनरेगा के तहत काम करने का अधिकार था। पीएम मोदी-भाजपा उस कन्सेप्ट को खत्म करना चाहती है। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### ऑस्ट्रेलियाई ओपनः युकी मिश्रित युगल के पहले दौर में बाहर

**एजेंसी, मेलबर्न।** भारत के युकी भांबरी और उनकी अमेरिकी साथी निकोल मेलिचर-मार्टिनेज गुरुवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल के पहले दौर में जर्मनी के टिम पुट्ज और चीन की झांग शुआई की जोड़ी से हार गए। भांबरी और मेलिचर-मार्टिनेज को पुट्ज और शुआई की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी से 6-3 1-6 (10-6) से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, साल के पहले ग्रैंड स्लैम में भांबरी का अभियान अभी खत्म नहीं हुआ है क्योंकि वह पुरुष युगल स्पर्धा में मुकाबले में बने हुए हैं। युकी और स्वीडन के उनके साथी आंद्रे गोरानसन ने बुधवार को पुरुष युगल के पहले दौर में ऑस्ट्रेलिया के जेम्स डकवर्थ और क्रूज हेविट को 6-3 6-4 से पराजित किया था। भांबरी का ऑस्ट्रेलियाई ओपन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2014 में रहा, जब उन्होंने न्यूजीलैंड के माइकल वीनस के साथ तीसरे दौर तक का सफर तय किया था। ग्रैंड स्लैम में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले साल रहा, जब इस जोड़ी ने अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। (अनंत ज्ञान)

### धीमी पिचें टी20 विश्व कप की बेहतर तैयारी कराएंगीः पोलाक

**एजेंसी, डरबन।** एसए20 लीग की धीमी पिचों पर उठ रहे सवालों के बीच प्रिटोरिया कैपिटल्स के सहायक कोच शॉन पोलाक ने कहा कि ऐसी सतहें भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए खिलाड़ियों की तैयारी में मददगार होंगी। पोलाक ने कहा कि टूर्नामेंट के अंतिम चरण की पिचों पर गेंद रुककर आ रही है और स्पिन मिल रहा है, जिससे खिलाड़ियों को अलग परिस्थितियों में खेलने का अनुभव मिल रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप को लेकर चिंता की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि उस समय पिचें अलग होंगी। सनराइजर्स ईस्टर्न केप को पहले क्वालीफायर में हराकर फाइनल में पहुंची प्रिटोरिया कैपिटल्स के प्रदर्शन से पोलाक संतुष्ट दिखे और गेंदबाजों की भूमिका की सराहना की। (अनंत ज्ञान)

### हर्षिता मोर के शानदार प्रदर्शन से महाराष्ट्र केसरी ने यूपी डोमिनेटर्स को हराया

**एजेंसी, नोएडा।** हर्षिता मोर के शानदार प्रदर्शन की बदौलत महाराष्ट्र केसरी ने प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) के मैच में यूपी डॉमिनेटर्स पर 5-4 से रोमांचक जीत दर्ज की। नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में महिलाओं के 76 किग्रा वर्ग में हर्षिता का विषम परिस्थितियों में शानदार प्रदर्शन निर्णायक साबित हुआ। इस जीत के साथ महाराष्ट्र केसरी चार अंकों और 14 मुकाबलों में जीत से अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। इस करीबी हार के बावजूद यूपी डॉमिनेटर्स चार अंकों और 16 मुकाबलों में जीत के साथ तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है। हर्षिता मोर को प्लेयर ऑफ द मैच, जबकि यूपी डॉमिनेटर्स की अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियन तपस्या गहलावत को फाइटर ऑफ द मैच चुना गया। इस मुकाबले का टर्निंग प्वॉइंट महिलाओं के 76 किग्रा वर्ग में आया। अंकों के आधार पर पिछड़ने के बावजूद हर्षिता मोर ने ओजो डामोला हन्ना की एक छोटी चूक का फायदा उठाया महाराष्ट्र केसरी की जीत पक्की की। (अनंत ज्ञान)

### ईवा लिस खूबसूरत अंदाज में

**जर्मनी।** ईवा लिस अपने देश की नंबर-वन टेनिस खिलाड़ियों में शामिल हैं। उन्होंने दुबई में हुए डब्ल्यूटीए 1000 चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया था। ईवा लिस के खूबसूरती के चर्चे हर जगह होते हैं।



## मुजीब-उर-रहमान ने लगाई करियर की पहली टी20 हैट्रिक

# अफगानिस्तान ने वेस्टइंडीज को 39 रन से हराया

**एजेंसी, दुबई**



अफगानिस्तान ने दुबई में खेले गए दूसरे टी-20 में वेस्टइंडीज को 39 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ अफगानिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। स्पिनर मुजीब उर रहमान ने अपने टी-20 करियर की पहली हैट्रिक लगाई, जबकि सेदीकुल्लाह अटल और दरविश रसूली ने अर्द्धशतक लगाए।

वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। अफगानिस्तान ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 189 रन बनाए। वेस्टइंडीज की टीम 18.5 ओवर में 150 रन पर ऑलआउट हो गई। अफगान टीम ने पहला मैच 38 रन से जीता था। सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला आज शाम दुबई में ही खेला जाएगा।

अटल-रसूली के बीच 115 रन की साझेदारी पहले बैटिंग करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत खराब रही और 4.5 ओवर में टीम का स्कोर 37/2 था। इसके बाद सेदीकुल्लाह अटल और दरविश रसूली ने तीसरे विकेट के लिए 115 रन की साझेदारी कर टीम को संभाला। अटल ने 42 गेंदों में 53 रन बनाए, जिसमें 2 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। रसूली ने 39 गेंदों में 68 रन की पारी खेली, उन्होंने 5 चौके और 3 छक्के लगाए।

अंत में ऑलराउंडर अजमतुल्लाह उमरजई ने 13 गेंदों में नाबाद 26 रन की तेज पारी खेली। उनकी पारी में एक चौका और दो छक्के रहे। वेस्टइंडीज की ओर से मैथ्यू फोर्डे ने 4 ओवर में 25 रन देकर 2 विकेट लिए। शमार जोसेफ और रेमन सिमंड्स को एक-एक विकेट मिला।

**◆ अफगानिस्तान ने सीरीज में बनाई 2-0 की अजेय बढ़त**

सेदीकुल्लाह अटल और दरविश रसूली ने तीसरे विकेट के लिए 115 रन की साझेदारी की। सेदीकुल्लाह अटल और दरविश रसूली ने तीसरे विकेट के लिए 115 रन की साझेदारी की। मुजीब को प्लेयर ऑफ द मैच चुना 190 रन के टारगेट का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की टीम ने 8 ओवर में 38 रन पर ही 3 विकेट गंवा दिए। मुजीब उर रहमान ने लगातार गेंदों पर एविन लुईस और जॉनसन चार्ल्स को आउट किया। कप्तान ब्रैंडन किंग और शिमरोन हेटमायर ने चौथे विकेट के लिए 68 रन जोड़े। किंग ने 41 गेंदों में 50 रन बनाए, जबकि हेटमायर ने सिर्फ 17 गेंदों में 46 रन जड़ दिए, जिसमें एक चौका और छह सिक्स शामिल रहे।

ब्रैंडन किंग का विकेट मुजीब की हैट्रिक विकेट रहा। इसके साथ ही मुजीब, राशिद खान और करीम जनत के बाद टी-20 इंटरनेशनल में हैट्रिक लेने वाले तीसरे अफगानिस्तानी बॉलर बन गए। अफगानिस्तान के लिए मुजीब उर रहमान ने 4, अजमतुल्लाह उमरजई ने और फजलहक फारूकी ने 2-2 विकेट लिए। शानदार प्रदर्शन के लिए मुजीब उर रहमान को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। (अनंत ज्ञान)

## शशि थरूर ने किया भारतीय कोच का समर्थन, बोले-

# गौतम गंभीर के पास पीएम के बाद सबसे मुश्किल जॉब

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय कोच गौतम गंभीर ने इस प्रचलित धारणा को खारिज कर दिया है कि टीम चयन में उनके पास 'असीमित अधिकार' हैं और कांग्रेस सांसद शशि थरूर द्वारा उनकी भूमिका को 'प्रधानमंत्री के बाद सबसे मुश्किल काम' बताने के बाद खुद को 'अपने ही लोगों के खिलाफ खड़ा किए जाने' पर उन्होंने हैरानी जताई है।

क्रिकेट के शौकीन थरूर ने नागपुर में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से पहले गंभीर के साथ एक सेल्फी साझा की और पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज की लगातार आलोचनाओं के बावजूद अपने काम पर ध्यान केंद्रित करने के लिए उनकी प्रशंसा व्यक्त की।

थरूर ने ट्वीट किया, ''नागपुर में मेरे पुराने मित्र गौतम गंभीर के साथ अच्छी और खुलकर बातचीत का आनंद लिया, जो प्रधानमंत्री के बाद भारत में सबसे मुश्किल काम संभाल रहे हैं। लाखों लोग रोजाना उन पर सवाल उठाते हैं, लेकिन वे शांत रहते हैं और पूरी निर्भीकता के साथ अपने काम को अंजाम देते हैं। उनके शांत दृढ़ संकल्प और सक्षम नेतृत्व के लिए प्रशंसा के कुछ शब्द। उन्हें आज से ही सभी सफलताओं की शुभकामनाएं।''

गंभीर ने इस पर देर रात जवाब दिया और उन कुछ चर्चाओं का जिक्र किया जो उनके कार्यकाल में हावी रही हैं। गंभीर ने एक्स पर लिखा, ''डॉ. शशि थरूर आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। जब मामला शांत हो जाएगा तब कोच के कथित 'असीमित अधिकार' को लेकर सच्चाई और तर्क स्पष्ट हो जाएंगे। तब तक मुझे खुद के खिलाफ खड़ा देखकर हंसी आ रही है।'' जब से गंभीर ने भारतीय टीम की कमान संभाली है, तब से टीम में तीनों प्रारूपों में बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। (अनंत ज्ञान)

## वरुण चक्रवर्ती गेंदबाजी का जादूगर है : सुनील गावस्कर

**एजेंसी, नागपुर**

बल्लेबाजी के दिग्गज सुनील गावस्कर ने वरुण चक्रवर्ती को गेंदबाजी का जादूगर करार दिया, क्योंकि यह रहस्यमयी स्पिनर अपनी चालाकी और अनोखी विविधताओं से बल्लेबाजों को लगातार चकमा दे रहा है।



बुधवार को यहां खेले गए पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड पर भारत की जीत में चक्रवर्ती ने महत्वपूर्ण मौकों पर विकेट लिए। गावस्कर ने कहा, ''वरुण थोड़ा लय से बाहर लग रहा था, लेकिन यह समझ में आता है। उसने दो विकेट लिए और जब बल्लेबाज आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे थे तब भी उसकी इकॉनमी रेट काफी अच्छी थी। महत्वपूर्ण बात यह है कि उसकी बॉडी लैंग्वेज अच्छी थी।''

उन्होंने कहा, ''जब भी वह थोड़ा रन लुटा लेता है तो उसकी बॉडी लैंग्वेज थोड़ी बदल जाती है, लेकिन आज ऐसा नहीं हुआ। उसकी गेंदों पर दो छक्के लगने के बावजूद उस पर किसी तरह का असर नहीं दिख रहा था जो अच्छा संकेत है। इसमें कोई संदेह नहीं कि वह गेंदबाजी का जादूगर है। वह शानदार गेंदबाजी करता है।'' अभिषेक शर्मा ने महज 35 गेंदों में 84 रन बनाए और रिंकू सिंह (20 गेंदों में 44 रन नाबाद) ने उनका बखूबी साथ दिया, जिससे भारत ने सात विकेट पर 238 रन बनाए। इसके जवाब में न्यूजीलैंड सात विकेट पर 190 रन ही बना पाया।गावस्कर ने कहा, ''पहला मैच जीतना एक बड़ी उपलब्धि है। आप जानते हैं कि विश्व कप से पहले नए साल और नए अभियान की शुरुआत जीत के साथ करना हमेशा अच्छा होता है। भारत ने कुछ कैच छोड़े लेकिन कुल मिलाकर उसका प्रदर्शन उत्साहजनक रहा।'' (अनंत ज्ञान)

# फिनिशर की भूमिका में खरे उतरे रिंकू सिंह

**एजेंसी, रायपुर**



रिंकू सिंह को भले ही भारतीय टीम की तरफ से खेलने के बहुत कम मौके मिल रहे हों, लेकिन जब भी उन्हें अवसर मिलता है तब उन्होंने डेथ ओवरों में अपना खास प्रभाव छोड़ा जिसकी एक बानगी नागपुर में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के दौरान देखने को मिली।

सितंबर में एशिया कप में एकमात्र गेंद पर चौका लगाकर जीत दिलाने के बाद रिंकू ऑस्ट्रेलिया में टी20 सीरीज के अधिकतर मैचों में बेंच पर ही बैठे रहे। जिस एकमात्र मैच में उन्हें अंतिम एकादश में जगह मिली उसमें उन्हें बल्लेबाजी करने का मौका नहीं मिला।

न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच से पहले रिंकू ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच आठ नवंबर को ब्रिस्बेन में खेला था। नागपुर में उन्होंने हालांकि, केवल 20 गेंदों पर 44 रन बनाकर मैच का रुख बदलने वाली पारी खेली। कामचलाऊ गेंदबाज डैरिल मिचेल के पारी 20वें ओवर में उन्होंने दो छक्के और एक चौका लगाया जिससे भारत सात विकेट पर 238 रन बनाने में सफल रहा। इससे पहले शुभमन गिल के शीर्ष क्रम में होने से रिंकू के लिए अंतिम एकादश में जगह बनाना मुश्किल हो गया था। अब गिल के टीम से बाहर होने के बाद रिंकू को अंतिम एकादश में जगह मिली। इससे टीम प्रबंधन विकेटकीपर संजू सैमसन को सलामी बल्लेबाज के रूप में अधिक समय दे सकता है, क्योंकि निचले क्रम में रिंकू और हार्दिक पांड्या जैसे अच्छे फिनिशर मौजूद हैं।

रिंकू की सबसे उल्लेखनीय क्षमता यह है कि वह खासकर तेज गेंदबाजों के खिलाफ पहली ही गेंद से लय हासिल कर लेते हैं। पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने रिंकू को विश्व कप की टीम में शामिल करने के बारे में अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, ''हम सभी हार्दिक की फिनिशर के रूप में असाधारण क्षमता से अवगत हैं। अब जब संजू सैमसन शीर्ष क्रम पर जमे हुए हैं और ईशान किशन विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में वापस आ गए हैं, तो क्या बचा है।'' उन्होंने कहा, ''आखिरी ओवरों में हार्दिक के साथ एक फिनिशर की जरूरत होती है। रिंकू से बेहतर यह कौन कर सकता है।''

रिंकू के 19वें और 20वें ओवर में आंकड़े चौंका देने वाले हैं। रिंकू ने 36 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 19वें और 20वें ओवर में 74 गेंदों पर 213 रन बनाए हैं, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 287.83 रहा है। उन्होंने मैच के इस निर्णायक मोड़ पर 22 छक्के जड़े हैं। एक फिनिशर के रूप में उनकी दक्षता को देखते हुए यह आश्चर्य की बात नहीं है कि उनके करियर के 35 प्रतिशत से अधिक रन पारी के अंतिम दो ओवरों में आए हैं। रिंकू ने बुधवार को भी हमेशा की तरह शांत और सहजता से बल्लेबाजी की। रिंकू ने कहा, ''टीम में मैं अंदर बाहर होता रहा हूं और इसलिए मुझ पर दबाव था। मेरी रणनीति एक या दो रन लेना और बीच-बीच में बाउंड्री लगाना था। इसके अलावा मैं आखिर तक टिके रहना चाहता था और मैंने वही किया।'' (अनंत ज्ञान)

# लिवरपूल, चेल्सी और न्यूकैसल का चैंपियंस लीग में शानदार प्रदर्शन

**एजेंसी, मैनचेस्टर**



इंग्लिश प्रीमियर लीग की टीमें चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर रही हैं और इंग्लैंड के शीर्ष पांच क्लब अंतिम 16 में पहुंचने की स्थिति में हैं। आर्सेनल अंक तालिका में शीर्ष पर है और उसने पहले ही अगले दौर में अपनी जगह पक्की कर ली है, जबकि बुधवार को लिवरपूल, न्यूकैसल और चेल्सी की जीत ने उन्हें लीग चरण का एक मैच शेष रहते हुए अगले दौर में स्वतः जगह बनाने की स्थिति में पहुंचा दिया है। टॉटेनहम पांचवें स्थान पर है, जबकि मैनचेस्टर सिटी प्लेऑफ में जगह बनाने की स्थिति में है।

मार्सिले में 3-0 से जीत के बाद लिवरपूल चौथे स्थान पर है। न्यूकैसल ने पीएसवी आइंडहोवन को इसी अंतर से हराया और चेल्सी ने पाफोस के खिलाफ 1-0 से जीत दर्ज की। बायर्न म्यूनिख दूसरे स्थान पर है और आर्सेनल के साथ अंतिम 16 में पहुंच गया है। उसने हैरी केन के दो गोल की मदद से यूनियन सेंट-गिलोइस को 2-0 से हराया।

स्लाविया प्राग पर 4-2 की जीत के बाद बार्सिलोना नौवें स्थान पर है और अगले राउंड में पहुंचने के लिए उसे प्लेऑफ से गुजरना पड़ सकता है। लीग चरण में शीर्ष पर रहने वाली आठ टीमें सीधे राउंड ऑफ 16 में प्रवेश करेंगी। नौवें से 24वें स्थान पर रहने वाली टीमें आगे बढ़ने के लिए दो चरणों वाले प्लेऑफ में खेलेंगी। (अनंत ज्ञान)

## सीआईएसएफ से जुड़े 324 खिलाड़ी मांडविया ने खेलते रहने का किया आग्रह

**एजेंसी, देवली (राजस्थान)।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने ओलंपिक खेलों सहित विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अधिक पदक जीतने के उद्देश्य से गुरुवार को 324 खिलाड़ियों को अपने सुरक्षा बल में शामिल किया।

इन खिलाड़ियों में 171 महिला खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने टोंक जिले के देवली कस्बे में स्थित सीआईएसएफ के क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र से प्रशिक्षण लिया। यह कस्बा राज्य की राजधानी जयपुर से लगभग 165 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है।

केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि थे। उन्होंने रेजिमेंटल पासिंग आउट परेड की सलामी ली और सीआईएसएफ में शामिल होने वाले खिलाड़ियों से खेलते रहने और 2036 तक भारत को खेल के क्षेत्र में शीर्ष 10 में शामिल करने की दिशा में अपना योगदान देने का आग्रह किया। भारत 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी हासिल करना चाहता है। इसके लिए उसने अहमदाबाद शहर को चुना है जहां 2030 में राष्ट्रमंडल खेलों का भी आयोजन होगा।

सीआईएसएफ ने 1969 में अपनी स्थापना के बाद से 2025 में 324 खिलाड़ियों की भर्ती की थी। उसने इस तरह से पहली बार इतने खिलाड़ियों को अपने सुरक्षा बल से जोड़ा। सीआईएसएफ ने बताया है कि इन खिलाड़ियों में से 18 ने अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीते हैं, जबकि 56 ने राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में यही उपलब्धि हासिल की है। (अनंत ज्ञान)

# पीवी सिंधू, लक्ष्य इंडोनेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी, जकार्ता**



भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन ने गुरुवार को यहां सीधे गेम में जीत हासिल करके इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। लक्ष्य ने हांगकांग के जेसन गुनावन को आधे घंटे से कुछ अधिक समय तक चले मुकाबले में 21-10 21-11 से हराया।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने अपने प्री-क्वार्टर फाइनल मैच में डेनमार्क की अपनी जानी-पहचानी प्रतिद्वंदी लाइन होजमार्क कजेरफेल्ड पर 21-19 21-18 से जीत दर्ज की। यह मैच 43 मिनट तक चला। डेनमार्क की खिलाड़ी के खिलाफ अब तक हुए छह मुकाबलों में सिंधू की यह पांचवीं जीत थी। सिंधू का अगला मुकाबला टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व की नंबर चार खिलाड़ी चीन की चेन यू फेई से होगा।

सिंधू और फेई अब तक 13 बार एक-दूसरे का सामना कर चुकी हैं। कुल रिकॉर्ड में फेई का पलड़ा 7-6 से थोड़ा भारी है। भारतीय खिलाड़ी ने आखिरी बार 2019 में फेई को हराया था और वह इस रिकॉर्ड को बेहतर करने के लिए उत्सुक होंगी। (अनंत ज्ञान)

## वरुण की गेंद को समझने के लिए आपके सिर की स्थिति सही होनी चाहिए : फिलिप्स

**एजेंसी, नागपुर**

किसी भी रहस्यमयी स्पिनर को समझना बहुत मुश्किल काम होता है लेकिन न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स उन चुनिंदा बल्लेबाजों में से एक के रूप में तेजी से उभर रहे हैं जिन्होंने कम से कम कुछ हद तक इस रहस्य को सुलझा लिया है।



बुधवार को यहां भारत के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में, न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर ने न केवल अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से बल्कि वरुण चक्रवर्ती जैसे स्पिनर का सामना करने के अपने स्पष्ट तरीके के लिए भी लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचा। फिलिप्स ने पहले मैच में वरुण चक्रवर्ती का डटकर सामना किया और उनके खिलाफ कुछ शानदार शॉट लगाए। उन्होंने कहा कि संतुलन, सिर की सही स्थिति और गेंद फेंकते समय अधिकतम जानकारी हासिल करने से ही वह इस गेंदबाज के खिलाफ सफल रहे। फिलिप्स ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''उसे समझना बहुत मुश्किल है। वह बहुत अच्छी लेंथ और तेज गति से गेंदबाजी करता है। मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से सही पोजीशन में आना, अपना ध्यान सही जगह पर रखना और उसके हाथों की सही स्थिति का अधिक से अधिक सही आकलन करना ही महत्वपूर्ण है।''

उन्होंने कहा, ''हर कोई अलग तरह से खेलता है और जिन पिचों पर गेंद ज्यादा घूमती है, वहां वह और भी मुश्किल हो जाता है। आज हम जिस तरह की पिच पर खेले उसमें बहुत ज्यादा टर्न नहीं था। मुझे लगता है कि हर किसी को उससे निपटने के अपने-अपने तरीके खोजने होंगे।'' फिलिप्स ने वरुण की नौ गेंदों का सामना किया जिनमें उन्होंने दो गगनचुंबी छक्कों सहित 19 रन बनाए और केवल एक डॉट बॉल खेली। फिलिप्स से यह भी पूछा गया कि क्या लॉकी फर्ग्यूसन या मैट हेनरी जैसे तेज गेंदबाज अभिषेक शर्मा को रोकने के लिए बेहतर विकल्प हो सकते थे, जिन्होंने भारत को शीर्ष क्रम में धमाकेदार शुरुआत दिलाई थी। फिलिप्स ने कहा, ''यह मुश्किल सवाल है। मेरा कहने का मतलब यह है कि उसने आईपीएल के सबसे खतरनाक तेज गेंदबाजों के खिलाफ ऐसा किया है, कभी-कभी जब कोई खिलाड़ी ऐसी फॉर्म में होता है तो आप कोशिश करते हैं कि गेंद को सबसे अच्छी जगह पर डालें और उम्मीद करते हैं कि वह कोई गलती करे।'' (अनंत ज्ञान)

**टेनिस** ऑस्ट्रेलियन ओपन में मैस्ट्रेली को सीधे सेटों में हराया, मौजूदा चैंपियन मैडिसन कीज भी आगे बढ़ीं

# जोकोविच तीसरे दौर में, 400वीं जीत से बस एक कदम दूर

**एजेंसी, मेलबर्न**



रिकॉर्ड 10 बार के विजेता नोवाक जोकोविच ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सीधे सेटों में जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के तीसरे दौर में जगह बनाई, जबकि महिला वर्ग में मौजूदा चैंपियन मैडिसन कीज भी आगे बढ़ने में सफल रही।

जोकोविच ने वर्तमान टूर्नामेंट में पहली बार अपनी सर्विस गंवाई लेकिन इसके बाद उन्होंने कोई चूक नहीं दिखाई और दूसरे दौर के मैच में फ्रांसेस्को मैस्ट्रेली को 6-3, 6-2, 6-2 से पराजित किया। यह ग्रैंड स्लैम एकल मैच में जोकोविच की 399वीं जीत है। इस तरह से रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम खिताब विजेता को 400 जीत तक पहुंचने वाला पहला खिलाड़ी बनने के लिए अब केवल एक और जीत की जरूरत है।

जोकोविच ने तीसरे सेट के छठे गेम में सर्विस गंवाई, लेकिन अगले गेम में उन्होंने मैस्ट्रेली की सर्विस तोड़कर 5-2 की बढ़त बना ली। बाद में जोकोविच ने लगातार आठ अंक जीतकर मैच अपने नाम किया। वह मेलबर्न पार्क में अपना 11वां और कुल मिलाकर 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में हैं। जोकोविच ने अपने प्रतिद्वंद्वी के बारे में कहा, ''कल तक मैं उसके बारे में ज्यादा नहीं जानता था। उसकी सर्विस दमदार है। उसका खेल भी शानदार है। उसे बड़े मंच पर खेलने का अनुभव भले ही कम हो, लेकिन उसमें बड़े शॉट लगाने की क्षमता है।'' तीसरे दौर में जोकोविच का सामना बोटिक वैन डे जैंड्सचल्प से होगा, जिन्होंने शांग जुनचेंग को 7-6 (6), 6-2, 6-3 से हराया।

महिला वर्ग में मौजूदा चैंपियन मैडिसन कीज को दूसरे सेट में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा लेकिन आखिर में उन्होंने अमेरिकी खिलाड़ी एशलीन क्रूगर को 6-1, 7-5 से हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई। पहले सेट में शानदार प्रदर्शन करने के बाद नौवीं वरीयता प्राप्त कीज दूसरे सेट में 5-2 से पिछड़ गईं, लेकिन जॉन केन एरिना में उन्होंने जोरदार वापसी करने का शानदार नमूना पेश किया और लगातार पांच अंक हासिल करके जीत दर्ज की।

कीज ने कहा, ''मुझे लगता है कि मैंने बहुत अच्छी शुरुआत की और एशलिन ने थोड़ी धीमी शुरुआत की। मुझे पूरी उम्मीद थी कि वह अपने खेल का स्तर बढ़ाएगी और उसने ऐसा किया भी लेकिन मैंने वापसी के लिए अपनी तरफ से पुरजोर कोशिश जारी रखी और आखिर में उसमें सफल रही।'' कीज का अगला मुकाबला कैरोलिना प्लिस्कोवा से होगा, जिन्होंने इंडोनेशिया की जेनिस ट्जेन को 6-4, 6-4 से हराया। अमेरिका की खिलाड़ियों के बीच खेले गए एक अन्य मुकाबले में छठी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने मैककार्टनी केसलर को 6-0 6-2 से हराया जबकि विश्व में चौथे नंबर की अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा ने कैटरीना सिनियाकोवा को 6-1, 6-4 से पराजित किया।

अनिसिमोवा अब हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी पेटन स्टर्न्स का सामना करेंगी। पेगुला का अगला मुकाबला ओक्साना सेलेखमेतेवा से होगा, जिन्होंने 2025 की सेमीफाइनलिस्ट पाउला बडोसा को 6-4, 6-4 से हराकर उलटफेर किया। (अनंत ज्ञान)